CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 16°C
न्यूनतम : 04°C

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 13 जनवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 363 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 23 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी पुलिस को मिला स्कॉच गोल्ड अवार्ड 2025 पेज 2



चोटिल वाशिंगटन सुंदर बाहर, आयुष बडोनी को वनडे टीम में बुलाया गया खेल टाइम्स



कंट्रोल से बाहर हो रही भारत में महंगाई सम्पादकीय



ट्रम्प ने खुद को वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति बताया पेज 12

## यूपी में 17 लापरवाह डाक्टर बर्खास्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कई पर हुई विभागीय कार्रवाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने सरकारी अस्पतालों में अनुशासनहीनता और लापरवाही पर सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। उपमुख्यमंत्री के निर्देश पर ड्यूटी से लगातार गायब रहने वाले 17 चिकित्साधिकारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक मरीजों को बेहतर इलाज और समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। इसी क्रम में मरीजों के साथ अभद्रता करने वाले 4 चिकित्साधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई के आदेश जारी किए गए हैं। इसके अलावा स्थानांतरण के बाद भी नई तैनाती पर कार्यभार ग्रहण न करने वाले डा. गजेंद्र सिंह के विरुद्ध भी विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। वहीं बीकेटी ट्रामा सेंटर में -शेष पृष्ठ दो पर

# इसरो का पीएसएलवी रॉकेट रास्ते से भटका

**श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान-सी62 (पीएसएलवी-सी62) सोमवार को देश के नवीनतम जासूसी सैटेलाइट 'अन्वेषा' (ईओएस-एन1) और उसके साथ भेजे गए अन्य उपग्रहों को उनकी तय कक्षाओं में स्थापित करने में विफल रहा।

इस उपग्रह अन्वेषा को रक्षा अनुसंधान विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बनाया था और इसके साथ कुछ अन्य भारतीय एवं विदेशी संस्थाओं के 15 अन्य छोटे उपग्रह भी इस रॉकेट से भेजे गए थे।



■ उपग्रहों को निर्धारित कक्षाओं में स्थापित करने में रहा विफल प्रक्षेपण यान-सी62 (पीएसएलवी-सी62)

इसरो अध्यक्ष डा. वी. नारायणन ने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि रॉकेट को तीसरे चरण के अंत में गड़बड़ी का सामना करना पड़ा। उन्होंने यहां मिशन कंट्रोल सेंटर से एक संक्षिप्त संबोधन में कहा कि इसके बाद रॉकेट के उड़ान पथ में विचलन हुआ। उनके अनुसार, इसरो इसके डेटा का विश्लेषण करने के बाद ही सही जानकारी प्रदान करेगा।

### पोर्टेबल टैंक रोधी मिसाइल ने सफल उड़ान भरी

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने गतिमान लक्ष्य को निशाना बनाने में सक्षम 'मैन पोर्टेबल' टैंक रोधी गाइडेड मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया है। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि इस मिसाइल का परीक्षण रविवार को महाराष्ट्र की अहिल्या नगर स्थित केके रेंज में किया गया।

परीक्षण डीआरडीओ की रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला, हैदराबाद ने किया। देश में ही विकसित इस मिसाइल में अत्याधुनिक स्वदेशी तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है जिनमें इमेजिंग इंफ्रारेड (आईआईआर) होमिग सीकर, पूर्णतः विद्युत आधारित नियंत्रण एक्ट्यूएशन प्रणाली, फायर कंट्रोल सिस्टम, टैंडम वारहेड, प्रणोदन प्रणाली तथा उच्च प्रदर्शन दृष्टि प्रणाली शामिल हैं। इन प्रणालियों का विकास डीआरडीओ की सहयोगी प्रयोगशालाओं द्वारा किया गया है। मिसाइल का सीकर दिन और रात दोनों समय युद्ध संचालन में सक्षम है। इसका मुखास्त्र आधुनिक मुख्य युद्धक टैंकों को नष्ट करने में सक्षम है। भारत डायनेमिक्स लिमिटेड और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड इस हथियार प्रणाली के विकास एवं उत्पादन भागीदार हैं। इस मिसाइल को ट्राइपॉड या सैन्य वाहन लॉन्चर से प्रक्षेपित किया जा सकता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ, विकास एवं उत्पादन भागीदारों तथा उद्योग जगत को बधाई दी और इसे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## संक्षिप्त समाचार

### केजीएमयू में धर्मांतरण मामले की जांच करेगी यूपी एसटीएफ

**लखनऊ।** लव जिहाद और धर्मांतरण के मामले में किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) का विवादों से पीछा नही छूट रहा है। डा. रमीज उद्दीन नायक की गिरफ्तारी के बाद सामने आ रहे उसके पीएफआई कनेक्शन के बाद मामले में आगे की जांच यूपी एसटीएफ ने अपने हाथ मे ले ली है। एसटीएफ पूरे मामले की जांच करने के साथ विवि परिसर में संचालित हो रही अन्य गतिविधियों को भी खंगालेगी। प्रकरण को यूपी एसटीएफ द्वारा हाथ मे लिए जाने के बाद केजीएमयू प्रशासन ने पीड़ित छात्रा के मामले की जांच के लिए गठित फैक्ट फाइंडिंग कमेटी को भंग कर दिया है। विवि के मीडिया प्रभारी प्रो केके सिंह का कहना है कि विवि की तरफ से धर्मांतरण सहित पूरे मामले की जांच के लिए एसटीएफ से अनुरोध किया गया था।

### ई-सिगरेट मामले में कार्रवाई की जाएगी : बिरला

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में ई-सिगरेट के कथित उपयोग संबंधी शिकायत पर कहा है कि यदि यह आरोप सही है, तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। श्री बिरला ने सोमवार को संसद भवन के एनेक्सी में राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के अध्यक्षों तथा पीठासीन अधिकारियों के बुधवार से यहां शुरू होने वाले 28वें सम्मेलन की जानकारी देने के लिए आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए एक सवाल के जवाब में कहा कि संसद की कार्यवाही नियम और मर्यादा से चलती है।

### अगले स्तर तक ले जाएंगे भारत और अमेरिका साझेदारी

**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिका के राजदूत-मनोनीत सर्जियो गोर ने दोनों देशों के बीच गहरी और स्थायी मित्रता पर जोर देते हुए सोमवार को कहा कि यह रिश्ता साझा हितों के साथ-साथ शीर्ष नेतृत्व के स्तर पर मजबूत संबंधों पर आधारित है और वह भारत-अमेरिका द्विपक्षीय साझेदारी को अगले स्तर तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपने परिचय पत्र सौंपने से पहले श्री गोर ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच संबंध वास्तविक हैं।

# केंद्र- ईसी को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

## चुनाव आयुक्तों को कानूनी कार्रवाई से आजीवन छूट को कांग्रेस नेता ने दी चुनौती

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ याचिका में दावा: ऐसी इम्युनिटी जजों को भी नहीं, सीजेआई बोले: जांच करेंगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता जया ठाकुर की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस उस याचिका पर दिया गया है, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों को कानूनी कार्रवाई से आजीवन छूट देने वाले कानून को चुनौती दी गई है।

याचिका पर सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने कहा कि वह इस कानून की जांच करना चाहती है। यह प्रावधान मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों को उनके कामकाज से जुड़े मामलों में पूरी जिंदगी के लिए नागरिक और आपराधिक कार्रवाई से बचाव देता है। ऐसी सुरक्षा संविधान बनाने वालों ने न्यायाधीशों को भी नहीं दी थी। इसलिए संसद ऐसा संरक्षण नहीं दे सकती, जो संविधान में दूसरे बड़े पदों पर बैठे लोगों को नहीं मिला। दरअसल, मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े 2023 के कानून को लेकर विपक्ष का विरोध है। इनमें एक प्रावधान जोड़ा गया था, जिसके तहत 'अगर चुनाव कराते समय या उससे जुड़े किसी फैसले में कोई गलती या विवाद होता है, तो मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों पर निजी तौर पर केस नहीं किया जा सकेगा। यह सुरक्षा उनके पूरे जीवन तक लागू रहेगी, भले ही वे पद पर न हों।' 15 मार्च 2024 को ज्ञानेश कुमार और डा. सुखबीर सिंह संधू ने चुनाव आयुक्त का पद संभाला था। इसके -शेष पृष्ठ दो पर

### चुनाव आयुक्तों को आजीवन सुरक्षा, केंद्र जवाब तलब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और अन्य चुनाव आयुक्तों (ईसी) को उनके आधिकारिक कामों के लिए आजीवन कानूनी इम्युनिटी (सुरक्षा) देने वाला प्रावधान संविधान की भावना के खिलाफ हो सकता है। लॉ ट्रेंड के मुताबिक, कोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग (ईसी) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच ने जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि इस मामले में न्यायिक जांच की जरूरत है। हम इस प्रावधान को विस्तार से देखना चाहते हैं। दरअसल, सीईसी और ईसी को इम्युनिटी देने के खिलाफ कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने याचिका लगाई है। इसमें कहा गया है कि सीईसी और ईसी (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 जवाबदेही के संवैधानिक सि)ांत के खिलाफ है।



### आई-पीएसी छापेमारी विवाद: ईडी का ममता पर दखल का आरोप

#### हमसे सबूत छीनकर ले गईं, मामले की सीबीआई जांच हो

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने टीएमसी के आईटी हेड प्रतीक जैन के घर छापेमारी मामले में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य के शीर्ष पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। इन पर रेड के दौरान हस्तक्षेप करने और सबूत मिटाने का आरोप लगाया गया है। जांच एजेंसी ने इस पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। दरअसल, 8 जनवरी को ईडी ने अवैध कोयला खनन से जुड़े मामले की जांच के तहत कोलकाता में प्रतीक की पॉलिटिकल स्ट्रैटजिक कंपनी आई-पीएसी से जुड़े ठिकानों पर तलाशी ली गई थी।

# उत्तराखंड में -16 डिग्री तापमान

## दिल्ली में कड़ाके की ठंड, 13 साल का रिकॉर्ड टूटा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ दिल्ली में कोहरे से उड़ानें बाधित, हवा की गुणवत्ता खराब श्रेणी में बनी रही
■ मप्र-उप्र में घना कोहरा, राजस्थान में माइनस दो डिग्री

**नई दिल्ली।** पहाड़ों में बर्फबारी के कारण उत्तर भारत में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। रविवार को राजस्थान के कई इलाकों में तापमान फ्रीजिंग प्वाइंट से नीचे चला गया। फतेहपुर में मिनिमम टेम्परेचर माइनस 2 डिग्री सेल्सियस और नागौर में माइनस 1डिग्री सेल्सियस रहा।

वहीं, उत्तराखंड के पिथौरागढ़, चमोली, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग में पाइपलाइन का पानी जम गया है। पिथौरागढ़ के आदि कैलाश और रुद्रप्रयाग के केदारनाथ धाम का तापमान -16 डिग्री सेल्सियस रहा। मध्य प्रदेश के ज्यादातर जिलों में रात का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रह रहा है। साथ ही घना कोहरा छा रहा है। उत्तर प्रदेश के मेरठ में टेम्परेचर 4.1डिग्री सेल्सियस रहा। सोमवार सुबह 25 जिलों घना कोहरा छाया। यहां विजिबिलिटी 20 मीटर से कम रही। नोएडा में 15 जनवरी, गोरखपुर-आगरा में 13 और मेरठ में 12 जनवरी तक 8वीं तक के स्कूल बंद रहेंगे। गाजियाबाद में 5वीं तक स्कूल 15 जनवरी तक बंद रहेंगे। बिहार में 5 जिलों का मिनिमम टेम्परेचर 6 डिग्री सेल्सियस और 11 जिलों में 8 डिग्री सेल्सियस रहा। राज्य के 24 जिलों में घने कोहरे और कोल्ड डे का ऑरेंज और 14 जिलों में येलो अलर्ट है। इधर, दिल्ली में इस मौसम में पहली बार पारा 3 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। आया नगर का टेम्परेचर 2.9 डिग्री सेल्सियस रहा। पालम एयरपोर्ट पर 13 साल में सबसे कम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस रहा। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड जारी है और कोहरे के कारण कई विमान उड़ानें बाधित रही । राजधानी की हवा की गुणवत्ता सोमवार सुबह भी 'खराब' श्रेणी में बनी रही और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 298 रहा। रविवार के यह 291 था।

## 'जन नायकन' की रिलीज पर रोक लगाने के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

■ प्रोडक्शन हाउस ने की मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने की मांग

**नई दिल्ली।** अभिनेता विजय की आखिरी फिल्म 'जन नायकन' के निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने संबंधी मद्रास उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है।

उच्च न्यायालय की प्रथम पीठ ने केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) को फिल्म को यू/ए प्रमाणपत्र देने का निर्देश देने वाले एकल पीठ के अपने ही आदेश पर रोक लगा दी थी। इसके बाद इसका प्रदर्शन अनिश्चित काल के लिए टल गया। तमिल फिल्म 'जन नायकन' को सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक माना जा रहा है। रिपोर्टों के अनुसार प्रोडक्शन हाउस ने उच्चतम न्यायालय से इस मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने की मांग की है।

## टी-20 विश्वकप कार्यक्रम में नहीं होगा बदलाव

■ आईसीसी ने रुख साफ किया, जताया भारत में सुरक्षा का भरोसा, बीसीबी की मांग खारिज

**नई दिल्ली।** टी-20 विश्व कप 2026 को लेकर चल रहे विवाद के बीच अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अपना रुख साफ कर दिया है।

आईसीसी ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि टूर्नामेंट का कार्यक्रम पूरी तरह से अंतिम रूप ले चुका है और सभी भाग लेने वाली टीमों से उम्मीद की जाती है कि वे टर्म्स ऑफ पार्टिसिपेशन के तहत अपनी जिम्मेदारियों का पालन करें। आईसीसी ने कहा कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में सुरक्षा आकलन और वैकल्पिक योजना को गलत तरीके से पेश किया गया है। आईसीसी के अनुसार भारत में होने वाले टी-20 विश्व कप को लेकर स्वतंत्र सुरक्षा एजेंसियों द्वारा किया गया जोखिम आकलन लो से मॉडरेट श्रेणी में है, जो किसी भी बड़े वैश्विक खेल आयोजन के लिए सामान्य माना जाता है। इन आकलनों में बांग्लादेश टीम, अधिकारियों या कोलकाता और मुंबई के मैच स्थलों के लिए किसी भी तरह के प्रत्यक्ष या विशेष खतरे की पहचान नहीं की गई है। आईसीसी ने खास तौर पर यह भी साफ किया कि कार्यक्रम को बदलने का कोई सवाल नहीं है। बयान में कहा गया कि आईसीसी की स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मैच शेड्यूल को अंतिम रूप देकर प्रकाशित किया जा चुका है और आईसीसी सभी प्रतिभागी टीमों से अपेक्षा करता है कि वे अपने दायित्वों को पूरा करें।

## उप्र में मकर संक्रान्ति पर 15 जनवरी को रहेगा सार्वजनिक अवकाश

■ सरकार ने अवकाशों की सूची में संशोधन किया

**लखनऊ।** उप्र सरकार ने वर्ष 2026 के लिए घोषित अवकाशों की सूची में मकर संक्रान्ति को लेकर महत्वपूर्ण संशोधन किया है।

सामान्य प्रशासन अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव एसवीएस रंगा राव के स्तर से जारी आदेश के मुताबिक अब मकर संक्रांति का अवकाश 14 जनवरी के स्थान पर 15 जनवरी को रहेगा। प्रमुख सचिव एसवीएस रंगा राव के स्तर से जारी आदेश के अनुसार विज्ञप्ति संख्या- 671/तीन-2025-39(2)/2016 दिनांक 17 नवम्बर, 2025 द्वारा जारी अवकाश सूची के प्रस्तर-2(11) में वर्ष 2026 के लिए निर्बन्धित अवकाश की सूची के क्रमांक-2 पर मकर संक्रान्ति के अवसर पर 14 जनवरी, 2026 को निर्बन्धित अवकाश घोषित किया गया था।

# खुदरा मुद्रास्फीति दिसम्बर में बढ़कर 1.33 प्रतिशत पर पहुंची

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ फल, दूध, मांसाहार और खाद्य तेलों की कीमतों में वृद्धि के बावजूद सब्जियों और दालों की कीमतों में दहाई अंक में बड़ी गिरावट

**नई दिल्ली।** सब्जियों और दालों के दाम एक साल पहले की तुलना में दहाई प्रतिशत में घटने से दिसम्बर 2025 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति की दर 1.33 प्रतिशत पर नरम बनी रही। इससे पहले, नवम्बर में खुदरा महंगाई 0.71 प्रतिशत और अक्टूबर में 0.25 प्रतिशत दर्ज की गई थी। वहीं, दिसम्बर 2024 में यह 8.39 प्रतिशत रही थी। खाद्य मुद्रास्फीति लगातार सातवें महीने शून्य से नीचे रही है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, फल, दूध, मांसाहार और खाद्य तेलों की कीमतों में अपेक्षाकृत अधिक वृद्धि के बावजूद सब्जियों और दालों की कीमतों में सालाना आधार पर दहाई अंक में बड़ी गिरावट के कारण खाद्य पदार्थों की महंगाई दर दिसम्बर में शून्य से 2.71 प्रतिशत नीचे दर्ज की गई। नवम्बर में यह शून्य से 3.91 प्रतिशत नीचे थी जबकि दिसम्बर 2024 में 5.22 प्रतिशत ऊपर दर्ज की गई थी। खुदरा महंगाई पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में सितम्बर में किए गए सुधारों का असर भी देखा जा रहा है। दिसम्बर में सालाना आधार पर सब्जियों के दाम 18.47 प्रतिशत और दालों तथा उनके उत्पादों के 15.09 प्रतिशत घट गए। मसालों के दाम में 2.15 प्रतिशत और अनाजों में 0.35 प्रतिशत की नरमी रही। तेल एवं वसायुक्त उत्पादों के दाम 6.75 प्रतिशत बढ़ गए। फलों की कीमतों में 6.66 फीसदी और मांस एवं मछलियों की कीमतों में 5.12 प्रतिशत की वृद्धि हुई। दिसम्बर 2024 के मुकाबले दिसम्बर 2025 में अंडों के दाम 4.76 प्रतिशत और चीनी तथा कंफेक्शनरी उत्पादों के 4-66 प्रतिशत बढ़े। दूध तथा डेयरी उत्पादों के दाम 2.56 फीसदी बढ़े। जीएसटी सुधारों के कारण दिसम्बर में सिले-सिलाए वस्त्रों की महंगाई दर 1.68 फीसदी के निचले स्तर पर रही। वहीं, जूते-चप्पलों के दाम सालाना आधार पर 0.43 प्रतिशत घटे हैं। आवास वर्ग की महंगाई दर 2.86 प्रतिशत और ईंधन एवं बिजली वर्ग की 1.97 प्रतिशत दर्ज की गई। सोने-चांदी की महंगाई दर दिसम्बर में भी ऊंची बनी रही। एक साल पहले के मुकाबले चांदी 97.07 प्रतिशत और सोना 68.66 प्रतिशत महंगा हुआ है।

### मीका सिंह ने आवारा कुत्तों के लिए 10 एकड़ ज़मीन दान की

**नई दिल्ली।** पंजाबी गायक एवं अभिनेता मीका सिंह ने आवारा कुत्तों के प्रबंधन को लेकर चल रही कानूनी बहस के बीच उच्चतम न्यायालय से भावुक अपील करते हुए कहा है कि वह इन कुत्तों की देखभाल और कल्याण के लिए अपनी दस एकड़ ज़मीन दान करेंगे। मीका ने सोशल मीडिया एक्स पर शीर्ष अदालत से आग्रह किया है कि ऐसे किसी भी कदम से बचा जाए, जिससे आवारा कुत्तों पर बुरा असर पड़े।

## संक्षिप्त समाचार

### उप्र में कई वरिष्ठ आईएएस को मिली अपर मुख्य सचिव पद पर प्रोन्नति

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारियों को अपर मुख्य सचिव स्तर पर प्रोन्नति की है। लंबे समय से इसकी प्रतीक्षा की जा रही थी। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार आशीष गोयल, संजय प्रसाद, अमृत अभिजात, आर. रमेश कुमार और मुकेश मेश्राम को प्रमुख सचिव बनाए जाने के साथ ही अपर मुख्य सचिव के पद पर कार्यरत रखा गया है। इसके साथ ही केंद्र सरकार में तैनात उत्तर प्रदेश कैडर के वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों भुवनेश कुमार, मृत्युंजय नारायण और संतोष यादव को भी प्रोन्नति प्रदान की गई है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार यह निर्णय अधिकारियों के अनुभव, वरिष्ठता और शासन में उनके योगदान को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। प्रोन्नति मिलने से केंद्र में कार्यरत अधिकारियों की पदोन्नति संबंधी वरिष्ठता सुरक्षित रहेगी, जिसका लाभ उन्हें भविष्य में मिलेगा।

### बांदीपोरा में आग लगने से बीएसएफ जवान की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में आग लगने की घटना में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक कांस्टेबल की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि बांदीपोरा के मदार इलाके में बीएसएफ बैरक में रविवार रात करीब 2:30 बजे आग लग गई, जिससे लकड़ी का ढांचा पूरी तरह जल गया। अधिकारियों ने बताया कि पंजाब के जालंधर के रहने वाले बीएसएफ कांस्टेबल रमेश कुमार घटना के समय बैरक के अंदर थे और खुद को बचा नहीं पाए। आग से जलने की वजह से उनकी मौत हो गई। शव को मेडिकल-लीगल औपचारिकताओं के लिए जिला अस्पताल बांदीपोरा ले जाया गया है।

### 20 दुर्घटना-संवेदनशील जनपदों में विशेष अभियान चलाया जा रहा

# योगी की पाती, लापरवाही छोड़ें, जीवन बचाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो



- सीएम ने लोगों से यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की
- युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति, नशे के खिलाफ अभियान चलाने का आह्वान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए लोगों से यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क हादसों में होने वाली जानहानि अत्यंत दुखद है और लापरवाही व नियमों की अनदेखी के कारण हर वर्ष हजारों लोग असमय अपनी जान गंवा देते हैं, जिससे अनेक परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट जाता है। उन्होंने बताया कि 31 जनवरी तक प्रदेश भर में 'सड़क सुरक्षा माह' का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान नागरिकों के सुरक्षित भविष्य और परिवारों की रक्षा के संकल्प के साथ चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य वाहन चालकों और पैदल यात्रियों के सड़क व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाना है, ताकि दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों की संख्या को शून्य स्तर तक लाया जा सके। योगी ने बताया कि प्रदेश के 20 दुर्घटना-संवेदनशील जनपदों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत राज्यभर में 3,000 से अधिक ऐसे स्थानों को चिह्नित किया गया है, जहां दुर्घटनाओं की आशंका अधिक रहती है। यह अभियान शिक्षा, प्रवर्तन, इंजीनियरिंग और आपात देखभाल जैसी प्रमुख बिंदुओं पर केंद्रित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की सड़कें सभी के लिए सुरक्षित हों, इसके लिए पुलिस नियमों को सख्ती से लागू करेगी, लेकिन आम नागरिकों का सहयोग भी उतना ही आवश्यक है। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न केवल स्वयं के लिए, बल्कि दूसरों के जीवन के लिए भी घातक हो सकता है। उन्होंने गति सीमा का पालन करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने और हेलमेट व सीट बेल्ट को अनिवार्य रूप से पहनने की अपील की। मुख्यमंत्री ने माता-पिता से आग्रह किया कि नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने दें तथा पैदल चलने वालों के अधिकारों का सम्मान करते हुए उनके प्रति विशेष सतर्कता और संवेदनशीलता बरतें। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि प्रदेशवासी यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन कर उत्तर प्रदेश की सड़कों को सुगम, सुरक्षित और दुर्घटनामुक्त बनाने में सहभागी बनेंगे। वही राजधानी लखनऊ में सोमवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। इस मौके पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित 'युवा प्रतिभा सम्मान एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाग लिया और युवाओं को संबोधित किया।

### यूपी पुलिस को मिला स्कॉच गोल्ड अवार्ड 2025

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आयोजित महाकुम्भ-25 को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने में यूपी पुलिस के इंट्रीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आइसीसीसी) ने ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। 45 दिनों तक चले इस महापर्व के इस मॉडल को स्कॉच गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया है। महाकुम्भ-25 की तैयारियों को सामान्य 'इवेंट मैनेजमेंट' नहीं, बल्कि सिस्टम इंजीनियरिंग की तरह अंजाम दिया गया। इसकी शुरुआत 12 महीने पहले ही कर दी गई थी। भीड़-ओवरफ्लो जैसे हालातों के लिए पहले से टेबल-टॉप अभ्यास, परिदृश्य आधारित परीक्षण और डिजिटल सिमुलेशन के जरिए रणनीति तैयार की गई। आइसीसीसी चौबीसों घंटे सक्रिय रहा, जहां से भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक प्रबंधन, आपदा प्रतिक्रिया, सुरक्षा, रेलवे-बस स्टैंड इनफ्लो अलर्ट तथा विभागों के बीच समन्वय एक ही स्क्रीन पर संभव हुआ।

# फिर बढ़ेगी सर्दी की मार, घने कोहरे और शीतलहर का अलर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो



- उप्र में कुछ दिनों की तेज धूप के बाद एक बार फिर सर्दी अपना असर दिखाने जा रही

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कुछ दिनों की तेज धूप के बाद एक बार फिर सर्दी अपना असर दिखाने जा रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में घने से बहुत घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक-दो स्थानों पर गंभीर शीतलहर की स्थिति बन सकती है।

मौसम में यह बदलाव सोमवार से पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर पड़ने के कारण देखने को मिलेगा। बीते दिनों अधिकतम तापमान में हुई बढ़ोतरी सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ की वजह से थी, जिसने अस्थाई रूप से शीतलहर को रोके रखा था, लेकिन अब उत्तर-पश्चिमी हवाओं के तेज होने से ठंड में इजाफा होगा और तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है। रविवार को राज्य की राजधानी लखनऊ में अधिकतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से अधिक रहा। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को सुबह के समय हल्का से मध्यम कोहरा छाए रहने की संभावना है, जबकि दिन में आसमान साफ रहेगा। लखनऊ में अधिकतम तापमान करीब 21 डिग्री और न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। प्रदेश में वाराणसी (बीएचयू) में सबसे अधिक 24.2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। इसके बाद गाजीपुर में 24 डिग्री, प्रयागराज में 23.8 डिग्री और बाराबंकी में 23.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। वहीं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों में रात का तापमान सामान्य से नीचे बना हुआ है। मेरठ में राज्य का सबसे कम न्यूनतम तापमान 4.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा अलीगढ़ में 5.8 डिग्री और बरेली में 5.9 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रहा। राजधानी लखनऊ में सोमवार से स्कूलों को फिर से खोलने का निर्णय लिया गया है। जिला प्रशासन ने अनुकूल मौसम और घने कोहरे की आशंका न होने के चलते स्कूलों की छुट्टियां आगे न बढ़ाने का फैसला किया है। आदेश के अनुसार सभी कक्षाओं के लिए स्कूल सुबह 10 बजे से संचालित होंगे। अभी तक कक्षा 9 से 12 तक की कक्षाएं लग रही थीं, लेकिन 12 जनवरी से सभी कक्षाओं के लिए नियमित पढ़ाई शुरू हो जाएगी।

# विवेक में आनंद तक पहुंचना ही स्वामी विवेकानंद का सबसे बड़ा संदेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद का 'विवेकानंद' नाम ही अपने आप में कालजई संदेश है। उन्होंने कहा कि 'विवेक' में 'आनंद' की अवस्था तक पहुंचना ही स्वामी विवेकानंद के जीवन-दर्शन का सार है और यही मनुष्य को आंतरिक स्वतंत्रता की ओर ले जाता है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि विवेक केवल बाहरी ज्ञान का विषय नहीं, बल्कि अंत:करण में जागृत होने वाली चेतना है। यह तभी संभव है, जब व्यक्ति किसी और के विचारों का मानसिक गुलाम न बने और अपने विवेक से सत्य-असत्य का निर्णय करे। सपा अध्यक्ष ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का संदेश लोगों को स्वयं सोचने और समझने की प्रेरणा देता है, ताकि समाज बाहरी दिखावे, छद्म गतिविधियों और शब्दों के मायाजाल के पीछे छिपे ढोंग, पाखंड, स्वार्थ और महाझूठ को पहचान सके। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद की मानवता के प्रति सहृदयता और पूरे विश्व को भाईचारे का संदेश आज भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

# मेरठ में कपसाड़ की घटना पर भड़की कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

- योगी सरकार पर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने में पक्षपात का लगाया आरोप

कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रमुख राजेंद्र गौतम ने सोमवार को आरोप लगाते हुए कहा कि मेरठ के सरधना इलाके में एक लड़की के अपहरण और उसकी मां की बेरहमी से हत्या के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने में पक्षपात कर रही है।

गौतम ने यह भी आरोप लगाया कि जब कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिलने जा रहा था, तो उन्हें पुलिस ने आगे नहीं जाने दिया। उन्होंने घटना का ब्यौरा देते हुए बताया कि वह लड़की अपनी मां के साथ जंगल की ओर जा रही थी, तभी बदमाशों ने उसे अगवा कर लिया और विरोध करने पर उसकी मां की हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि अगर उत्तर प्रदेश पुलिस अपराधियों को रोकने और उन्हें सजा दिलाने में उतनी ही मुस्तैदी दिखाए जितनी वह विपक्षी नेताओं को रोकने में दिखाती है, तो प्रदेश में अपराध होने बंद हो जाएंगे। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि वह संसाधनों का इस्तेमाल दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को कुचलने के लिए कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कथित 'बुलडोजर नीति' पर कड़ा प्रहार करते हुए गौतम ने कहा कि प्रदेश में बुलडोजर केवल जाति और धर्म देखकर चलाया जाता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि जब किसी दलित का उत्पीड़न होता है, तो प्रशासन शांत बैठ जाता है, लेकिन यदि अपराधी दलित, आदिवासी या पिछड़े वर्ग का हो, तो 24 घंटे के भीतर उसके घर पर बुलडोजर चल जाता है।

### एनएसयूआई ने मनरेगा बचाओ मार्च के दौरान पुलिस पर बल प्रयोग का आरोप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस से जुडे संगठन 'नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ इंडिया' (एनएसयूआई) ने वाराणसी स्थित बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में आयोजित मनरेगा बचाओ मार्च के दौरान उत्तर प्रदेश पुलिस पर बर्बरता और बल प्रयोग करने का आरोप लगाया है।

### बर्ड हिट के कारण इंडिगो की विमान रात में वाराणसी डायवर्ट

**वाराणसी।** गोरखपुर से बेंगलुरु जा रही इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई-437 रविवार रात पक्षी (बर्ड हिट) से टकराने के कारण लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, वाराणसी में डायवर्ट कर दी गई। इस विमान में 216 यात्री सवार थे। सभी को सुरक्षित उतारा गया। एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार, उड़ान के दौरान विमान के अगले हिस्से में पक्षी टकराया, जिससे नोज सेक्शन को नुकसान पहुंचा। विमान की प्रारंभिक तकनीकी जांच में नोज सेक्शन में हल्की दरार मिली। पायलट ने तुरंत एटीसी से संपर्क किया और सुरक्षा के मद्देनजर विमान को निकटतम हवाई अड्डे वाराणसी में सुरक्षित उतार लिया गया।



सेंसेक्स 84695.54
निफ्टी 25942.10



सोना रु. 138161
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 243883
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव सेंसेक्स 302 अंक उछला

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को उतार.चढ़ाव के बीच दोपहर बाद हुई लिवाली से प्रमुख सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। बीएसई के 30 शेयरों वाले संवेदी सूचकांक सेंसेक्स में दिन के दौरान 1,101 अंक का उतार-चढ़ाव देखा गया। सुबह के कारोबार में यह नीचे 82,861.07 अंक तक उतर गया था, लेकिन दोपहर बाद हुई लिवाली से 83,962.33 अंक तक चढ़ने में कामयाब रहा। अंत में पिछले दिवस की तुलना में 301.93 अंक (0.36 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 83,878.17 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी-50 सूचकांक भी शुरुआती गिरावट से उबरते हुए 106.95 अंक यानी 0.42 प्रतिशत ऊपर 25,790.25 अंक पर रहा। दोनों प्रमुख सूचकांक पिछले सप्ताह पांच दिन में करीब 2.5 प्रतिशत गिरे थे। दिग्गज कंपनियों के विपरीत वृहत बाजार में गिरावट रही। मझौली कंपनियों का निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.06 प्रतिशत और छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.52 प्रतिशत टूट गया। एनएसई में कुल 3,237 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें 1,891 के शेयरों में गिरावट और 1,247 में तेजी रही। अन्य 99 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार.चढ़ाव के बाद स्थिर बंद हुए। धातु, तेल एवं गैस, बैंकिंग, एफएमसीजी और वित्तीय कंपनियों में लिवाली का जोर रहा। वहीं, मीडिया, रियलिटी, ऑटो, स्वास्थ्य, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और आईटी समूहों में बिकवाली हावी रही। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 25 के शेयरों में तेजी और अन्य पांच में गिरावट रही। इंफोसिस का शेयर 1.16 प्रतिशत टूटा। बजाज फाइनेंस में भी 0.93 फीसदी की गिरावट रही। टाटा स्टील का शेयर 2.75 प्रतिशत और एशियन पेंट्स का 2.54 प्रतिशत चढ़ा। ट्रेंट में 2.05 प्रतिशत और भारतीय स्टेट बैंक में 1.51 फीसदी की तेजी रही। हिंदुस्तान यूनीलिवर का शेयर 1.36 फीसदी और अल्ट्राटेक सीमेंट का 1.26 फीसदी चढ़ा। टीसीएस, भारती एयरटेल, टाइटन, आईसीआईसीआई बैंक, अडानी पोर्ट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, मारुति सुजुकी, एनटीपीसी, सनफार्मा, आईटीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा और इटरनल के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए।

### बजट 2026-27 में होगी निवेश सुस्ती, बढ़ती असमानता जैसी बड़ी चुनौती: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि देश में निवेश की सुस्ती, घरेलू बचत में गिरावट और लगातार बढ़ती आर्थिक असमानता जैसी गंभीर समस्याएं हैं, जिनसे निपटने के उपाय कर अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की 2026-27 के बजट में बड़ी चुनातियां होंगी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को यहां एक बयान ने कहा कि संसद के बजट सत्र का कार्यक्रम घोषित हो चुका है और 2026-27 का बजट करीब बीस दिन बाद पेश किया जाना है। यह बजट 16वें वित्त आयोग की सिफारिशों को भी प्रतिबिबित करेगा, जिसकी रिपोर्ट गत 17 नवम्बर को सौंपी गई थी। ये सिफारिशें 2026-27 से 2031-32 की अवधि के लिए केंद्र और राज्यों के बीच कर राजस्व के बंटवारे तथा राज्यों के आपसी हिस्से से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि देश आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है और निवेश की सुस्ती, घरेलू बचत में गिरावट और लगातार बढ़ती आर्थिक असमानता जैसी बड़ी चुनौतियां सामने हैं और यदि इन मूलभूत समस्याओं से ठोस तरीके से नहीं निपटा गया, तो उच्च जीडीपी वृद्धि और बड़े स्तर पर रोजगार सृजन कठिन हो जाएगा। कांग्रेस ने मनरेगा से जुड़े नए कानून में 60 प्रतिशत 40 के फार्मूले पर भी चिंता जताई।

# कोरोना काल के बाद बैंकिंग क्षेत्र में तेज विस्तार: एसबीआई रिसर्च

नई दिल्ली, वार्ता

SBI

देश के बैंकिंग क्षेत्र में कोरोना काल के बाद तेजी से सुधार देखने को मिला है और परिसंपत्तियों, जमा तथा ऋण में तीव्र विस्तार देखा गया है। भारतीय स्टेट बैंक की अनुसंधान इकाई एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि जमा की तुलना में ऋण देने की बढ़ती गति पूंजी की उपलब्धता और जोखिम संबंधी चिंताओं को भी बढ़ा रही है।

कई वर्षों की धीमी वृद्धि के बाद बैंकों की परिसंपत्तियों में भी उल्लेखनीय विस्तार हुआ है। यह वित्त वर्ष 2020-21 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 77 प्रतिशत था, जो 2024-25 तक बढ़कर 94 प्रतिशत तक पहुंच गई। दीर्घावधि परिप्रेक्ष्य में बैंकिंग प्रणाली का आकार कई गुना बढ़ा है। कुल परिसंपत्तियां वित्त वर्ष 2004-05 में 23.6 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 312 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई हैं, जो आर्थिक विस्तार में बैंकों की बढ़ती भूमिका को दर्शाता है। पिछले दो दशकों में जमा और ऋण में भी तेज वृद्धि हुई है। जमा 2004-05 में 18.4 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 241.5 लाख करोड़ रुपये हो गई, जबकि ऋण इसी अवधि में 11.5 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 191.2 लाख करोड़ रुपये हो गए। विशेष रूप से, वित्त वर्ष 2020-21 के बाद से ऋण वृद्धि ने जमा वृद्धि को पीछे छोड़ दिया है, जिससे पूरे तंत्र का ऋण-जमा अनुपात 2020-21 में 69 प्रतिशत से बढ़कर 2024-25 में 79 प्रतिशत हो गया है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की बाजार हिस्सेदारी में अब सुधार दिखने लगा है। बैलेंस शीट पर कई वर्षों के दबाव के बाद इन बैंकों ने ऋण उठाव में अपनी हिस्सेदारी फिर से हासिल करनी शुरू कर दी है, जो बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता, मजबूत पूंजी स्थिति और ऋण देने की नई इच्छा को दर्शाता है।

### राष्ट्र निर्माण विषयों पर पुस्तकें लिख रहे हैं देश के युवा: प्रधान

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को कहा कि युवा लेखक राष्ट्र निर्माण में प्रवासी भारतीयों के योगदान, भारतीय ज्ञान प्रणाली और आधुनिक भारत के निर्माताओं जैसे विषयों पर पुस्तकें लिख रहे हैं। प्रधान ने आज यहां प्रधानमंत्री संग्रहालय में पीएम-युवा 3-0 (प्रधानमंत्री युवा लेखक मार्गदर्शन योजना) के तहत चयनित 43 युवा लेखकों के साथ बातचीत की। इस अवसर पर प्रधान ने युवा लेखकों को उनका चयन किए जाने पर बधाई दी और उन्हें सार्थक पुस्तकें लिखने के लिए मेंटरशिप अवधि का भरपूर लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया, जो देश के युवाओं को पढ़ने, लिखने और ज्ञान के साथ गहराई से जुड़ने के लिए प्रेरित करें।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**यूपी में...**

तैनात 4 चिकित्साधिकारियों से लापरवाही के संबंध में स्पष्टीकरण तलब किया गया है। साथ ही काम में ढिलाई बरतने पर 3 चिकित्साधिकारियों को चेतावनी देने का फैसला लिया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि कार्य में लापरवाही व उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना के आरोप में 5 चिकित्साधिकारियों की वेतन वृद्धि रोक दी गई है और उनके खिलाफ परनिदा दंड भी लगाया गया है। इतना ही नहीं, क्रय नीति के विरुद्ध दवा खरीद के मामले में दोषी पाए गए 2 चिकित्साधिकारियों की पेंशन में 10 प्रतिशत कटौती के निर्देश भी दिए गए हैं। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्पष्ट किया कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही या दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं होगा और ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

**केंद्र-ईसी...**

बाद 19 फरवरी 2025 को ज्ञानेश कुमार मुख्य चुनाव आयुक्त बनाए गए। सीईसी और ईसी की नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति एक पैनल करेगा। इसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और सीजेआई भी शामिल होंगे। इससे पहले सिर्फ केंद्र सरकार इनका चयन करती थी। यह पैनल सीईसी और ईसी के नामों की सिफारिश राष्ट्रपति से करेगा। इसके बाद राष्ट्रपति मुहर लगाएंगे। तब जाकर उनकी नियुक्ति हो पाएगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि यह प्रोसेस तब तक लागू रहेगा, जब तक संसद चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर कोई कानून नहीं बना लेती। केंद्र सरकारसीईसी और ईसी की नियुक्ति, सेवा, शर्तें और अवधि से जुड़ा नया बिल लेकर आई। इसके तहत चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति तीन सदस्यों का पैनल करेगा। इसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष का नेता और एक कैबिनेट मंत्री शामिल होंगे। पैनल से सीजेआई को बाहर रखा गया। 21 दिसम्बर 2023 को शीतकालीन सत्र के दौरान यह बिल संसद के दोनों सदनों में पास हो गया। विपक्षी दलों का कहना था कि सरकार सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के आदेश के खिलाफ बिल लाकर उसे कमजोर कर रही है। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। तत्कालीन चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने इस मामले की सुनवाई से खुद को अलग किया।

# स्वामी विवेकानंद को उनकी जयंती पर देश भर में श्रद्धांजलि

नई दिल्ली, वार्ता



उन्नीसवीं सदी के महान आध्यात्मिक गुरू और समाज सुधारक स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती पर सोमवार को देश भर में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई और जगह-जगह उनकी याद में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित गणमान्य हस्तियों ने देश के इतिहास के एक महत्वपूर्ण कालखंड में आध्यात्मिक चेतना और युवाओं को सामाजिक दायित्व की प्रेरणा देने में स्वामी विवेकानंद के महती योगदान को याद किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने स्वामी विवेकानंद को एक ऐसा दूरदर्शी महापुरुष बताया, जिनके विचार आज भी मानवता को राह दिखाते हैं। राष्ट्रपति ने अपने श्रद्धांजलि संदेश में कहा कि मैं राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाए जाने वाले स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि देती हूं। उन्होंने एक्स पर अपने आधिकारिक पृष्ठ पर लिखा, स्वामी विवेकानंद (का जीवन और शिक्षाएं) एक कालातीत दूरदर्शी और आध्यात्मिक प्रतीक है, उन्होंने सिखाया कि आंतरिक शक्ति और मानवता की सेवा एक सार्थक जीवन की नींव हैं। उन्होंने भारत के शाश्वत ज्ञान को दुनिया तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि स्वामीजी ने भारतीयों में राष्ट्रीय गौरव की भावना जगाई और युवाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उनकी शिक्षाएं मानवता को प्रेरित करती रहेंगी।

उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने उपराष्ट्रपति आवास पर स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उपराष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में स्वामी विवेकानंद की अमर विरासत का स्मरण करते हुए कहा कि स्वामीजी के जीवन और शिक्षाओं में आंतरिक शक्ति, आत्म-अनुशासन और निस्वार्थ सेवा को सार्थक जीवन का स्तंभ दर्शाया और बताया गया है।

# राष्ट्र की सेवा में युवा अपने ज्ञान व कौशल को समर्पित करें:राधाकृष्णन



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने युवाओं से बौद्धिक ईमानदारी और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया है। राधाकृष्णन ने यहां सोमवार को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के 9वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए यह आह्वान किया। उन्होंने विवेकानंद की जयंती पर उनकी शिक्षाओं का स्मरण करते हुए युवाओं से कहा कि उन्हें शिक्षा अर्जित करने के साथ चरित्र निर्माण के प्रति कुशाग्र होना चाहिए और अपने पैरों पर खड़े होने के लिए खुद को सशक्त बनाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा और उचित प्रशिक्षण ही भारत के युवाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने में सक्षम बनाएगा। श्री राधाकृष्णन ने भारत की ज्ञान की सभ्यतागत परंपरा पर प्रकाश डालते हुए नालंदा और तक्षशिला जैसे प्राचीन शिक्षण केंद्रों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारतीय धर्मग्रंथों और क्लासिक्स, उपनिषदों और भगवद् गीता से लेकर कौटिल्य के अर्थशास्त्र और तिरुवल्लुवर के तिरुक्कुरल तक ने लगातार सीखने को सामाजिक और नैतिक जीवन के केंद्र में रखा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सच्ची शिक्षा आचरण और चरित्र को आकार देती है, और यह केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित नहीं है। राधाकृष्णन ने इस बात पर जोर दिया कि आधुनिक विज्ञान और पारंपरिक मूल्यों को एक साथ विकसित होना चाहिए।

# जी राम जी योजना के तहत दिया जाएगा रोजगार

## ऐतिहासिक योजना में रोजगार की गारंटी, विपक्ष फैला रहा है भ्रमः कपिल देव अग्रवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सोमवार को विकास भवन के सभागार में राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वर्ष 2047 तक विकसित भारत का संकल्प है। जिसके तहत मनरेगा का नाम परिवर्तन करते हुए जी राम जी किया गया है। वहीं कार्यो में भी संशोधन किया गया है। जी राम जी योजना के तहत 125 दिन का रोजगार दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने ग्रामीण रोजगार को मजबूती देने के उद्देश्य से जी राम जी योजना के तहत बड़ा फैसला लिया है। इस योजना में अब ग्रामीण परिवारों को साल में 125 दिन तक रोजगार की गारंटी दी जाएगी। पहले यह सीमा 100 दिन थी। इस योजना से गांव में बेरोजगारी कम होगी और लोगों को अपने क्षेत्र में ही काम के बेहतर अवसर मिलेंगे। योजना के तहत जल संरक्षण, तालाब खुदाई, सड़क निर्माण, स्कूलों और सार्वजनिक भवनों, आंगनवाडी केन्द्र, पंचायत भवन आदि से जुड़े विकास कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना में सात दिन के अंदर मजदूरों का भुगतान दिया जाएगा। यदि ऐसा नहीं किया गया तो फिर ब्याज भी देना होगा। उन्होंने बताया कि इस योजना में मजदूरी 237 रुपए से बढाकर 252 रुपए की गई है। इस योजना के तहत मजदूर आठ घंटे तक काम करेंगे। योजना में पारदर्शिता लाने के लिए जीओ ट्रैकिंग, फोटो व वीडियोग्राफी भी होगी। वहीं इस योजना में 60



प्रतिशत धन केन्द्र सरकार और 40 प्रतिशत राज्य सरकार वहन करेंगी। सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशभूषण ने बताया कि वर्ष 2025-26 में मनरेगा के तहत करीब 22890 परिवारों को काम दिया गया। 617081 कार्य दिवस और 15.55 करोड रुपए खर्च किए गए।

# बिंदल चौराहे पर लोहड़ी का पर्व मनाया

## मीनाक्षी व सीओ मण्डी भी व्यापारियों के बीच रहे मौजूद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी में बिंदल चौराहे पर लोहड़ी का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया जिसमें अध्यक्षता शलभ गुप्ता जिला अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप नई मंडी राजू कुमार साव न्यू मंडी कोतवाल बृजेश कुमार शर्मा रहे विशिष्ट अतिथि सरदार सतपाल मान, कृष्ण गोपाल मित्तल व्यापारी नेता संजय मिश्रा,सुनील तायल व्यापार संगठन संयुक्त व्यापार संघर्ष समिति जिला अध्यक्ष संजय मिश्रा आदि रहे

सर्वप्रथम सभी अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत किया उसके पश्चात अतिथियों के द्वारा लोहड़ी के पर्व पर प्रकाश डाला गया उसके पश्चात लोहड़ी में अग्नि प्रज्वलित की गई और व्यापारियों के और देश के सुख समृद्धि की कामना की गई लोहड़ी के चारों ओर घूम घूम कर लोहड़ी के गीत गाकर सभी ने हर्षोल्लाह के साथ लोहड़ी का पर्व मनाया !

नगर पालिका चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप ने कहा की लोहड़ी का पर्व हमारे देश में सुख समृद्धि उन्नति और हरियाली का पर्व है लोहड़ी के पर्व पर जब हमारे फसले पक जाती है तो किसानो के घरों में खुशी का माहौल उत्पन्न होता है इस पर्व पर बहुत सी कहानी प्रचलित है परंतु इसका सीधा संबंध किसान से जुड़ा हुआ हे अगर देश का अन्नदाता खुश हे तो समझिए समस्त वर्ग खुशहाल होते हैं आप सबको लोहड़ी के पर्व की लख लख बधाइयां। जिला अध्यक्ष शलभ गुप्ता ने सभी आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया और मूंगफली रेवड़ी गजक का प्रसाद का वितरण किया

मुख्य कार्यक्रम आयोजक विजय बाटा नगर महामंत्री ,अंकुर जैन न्यू मंडी इकाई अध्यक्ष,अमित अरोरा मीडिया प्रभारी,दीपांशु चने वाले रहे। लोहड़ी कार्यक्रम में मुख्य रूप से शलभ गुप्ता, जनार्दन ब्विकर्मा विजय बाटा, अमित अरोड़ा अमित जैन अंकुर जैन कपिल अरोड़ा राजेश भाटिया राजेंद्र प्रसाद गर्ग ऋषभ जैन मनोज सेठी अरविंद गुप्ता ऋषि धीमान, पंकज जैन, मोहन अरोड़ा शिवम राजवंशी सोनू कुमार, गौरव कुमार, ब्विव अरोड़ा, विशाल अरोड़ा डिंपल अरोड़ा विशाल गोयल, गौरव सिंघल, जॉनी भाई, रिंकू जैन , मदन लाल जी,सत्यदेव ,मनीष जैन, गौरव नरूला,विकी चावला,राकेश अरोरा आदि सैकड़ो व्यापारी मौजूद रहे।




मुजफ्फरनगरः युवा संवाद सम्मेलन में किसान के मुद्दों पर बोलते राकेश टिकैत।

# राकेश टिकैत ने संगठन की पहचान पर दिया जोर

**मुजफ्फरनगर।** सोमवार को शहर में युवा संवाद सम्मेलन में किसानों के मुद्दे और संगठनात्मक अनुशासन पर गहरी चर्चा हुई। यह चर्चा एक आयोजित सम्मेलन के द्वारा हुई जहां भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्त राकेश टिकैत ने युवा कार्यकर्ताओं को संगठन की बुनियादी नितियों की जानकारी देते हुए यह संदेश दिया कि संगठन की पहचान और सिद्धांत किसी भी कीमत में कमजोर नहीं होना चाहिए।

युवा संवाद सम्मेलन के दौरान भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने संगठनात्मक अनुशासन पर जोर दिया है। कार्यकर्ताओं को अपने भाषण में इसका संदेश दिया है कार्यक्रम के दौरान मंच पर बोल रहे संचालक ने संगठन का नाम जब भारतीय किसान यूनियन टिकैत कहा तो राकेश टिकैत ने उन्हे बीच में ही टोका और कहा कि अपने में सुधार लाए। उन्होने कहा कि संगठन की पहचान नहीं बदलनी चाहिए। उन्होने यह भी कहा कि संगठन का नाम भारतीय किसान यूनियन है और हमे इसी नाम को लेकर अपना काम करना चाहिए। टिकैत ने कहा कि अन्य संगठन अपने नाम के साथ अलग-अलग शब्द जोडकर उसे प्रस्तुत करते है। राकेश टिकैत ने मंच पर बोलते हुए कहा कि संगठन की सफलता केवल आंदोलन से नहीं बल्कि उनकी सही पहचान, एक जुटता और अनुशासन से होती है। टिकैत ने कहा कि यूनियन से जुडे सभी कार्यकर्ता को यह समझना चाहिए कि यदि संगठन का नाम बदला तो बुनियादी ढांचे में भी बदलाव से आंदोलन की दिशा भटक जाती है।




मुजफ्फरनगरः बिंदल बाजार में लोहडी पर्व मनाते व्यापारी।

# सफाई कर्मचारी संघ कार्यालय में तोड़फोड़

## संघ अध्यक्ष ने संविदा सफाईकर्मी और उसके साथियों पर लगाए गंभीर आरोप

■ संविदा सफाईकर्मी के विरूद्ध तहरीर देकर कार्यवाही की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सोमवार को टाउन हाल स्थित संघ कार्यालय में कुछ लोगों ने घुसकर संघ अध्यक्ष दुर्व्यवहार करते हुए यहां रखा सामान इधर-उधर फेंक दिया। घटना के समय संघ अध्यक्ष कार्यालय में अपने साथियों के साथ बैठे थे और नगर पालिका परिषद सफाई कर्मचारी और उसके साथियों ने कार्यालय में घुसकर ईंटे फेंकी और धमकी दी। इस संबंध में संघ अध्यक्ष की ओर से तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की गई है।

नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नीरज बिडला सोमवार को टाउनहाल स्थित कार्यालय में बैठे थे। इसी बीच उन पर हमला किया गया और कार्यालय में तोडफोड की गई, हालांकि कार्यालय में बिखरा हुआ सामान घटना को खुद बयान कर रहा है और नीरज बिडला ने शहर कोतवाली में एक तहरीर देकर संविदा कर्मचारी और उसके साथियों पर मारपीट व कार्यालय में घुसकर तोडफोड करना ऐसा आरोप लगाया है। नीरज बिडला का आरोप है कि इस संविदा सफाईकर्मी व उसके साथियों ने कार्यालय में घुसते ही ईंटे फेंकना शुरू की और आरोप है कि कुर्सी भी उठा ले गए। यह भी आरोप है कि उन्होने मेज और यहां रखा सामान भी तितर बितर कर दिया। पुलिस ने इस मामले की तहरीर लेकर जांच पडताल शुरू कर दी है। उधर नीरज का आरोप है कि घटना के समय यहां लोगों में अफरा-तफरी मच गई थी। और आरोपी ने उस समय कार्यालय में घुसकर हमला किया जब वह अपने साथियों के साथ यहां बैठे थे। यह भी आरोप लगाया कि उनको गोली मारने की धमकी भी दी है। दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि हमला अपराधी छवि का व्यक्ति है और वह पहले भी कई मामलों में लिप्त रह चुका है। नीरज का कहना है कि आरोपी संघ कार्यकारिणी का चुनाव कराए जाने को लेकर काफी समय से उनसे रंजिश रखता है और इसी के चलते कई बार उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। नीरज ने यह भी आरोप लगाया कि संविदा सफाई कर्मचारी यहां के नियमों का भी पालन नहीं करता है। पीड़ित ने दी गई तहरीर में आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

नीरज ने कहा कि यदि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जल्द कार्यवाही नहीं की तो सफाई कर्मचारी संघ पूरे शहर में काम बंद हड़ताल शुरू कर देंगे। उन्होने कहा कि हमलावर से उसके परिवार को भी खतरा है उधर घटना के तुरंत बाद ही शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई थी और घटना का मौका मुआयना किया है। पुलिस ने भी घटना की छानबीन करते हुए पीड़ित को कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# 32 जन सेवा केन्द्र पर प्रशासन की कार्यवाही

## पाई गई थी अनियमितता, अतिरिक्त वसूली का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** जनपद में कॉमन सर्विस सेन्टर की लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने कड़ा रूख अपनाया है। जिला प्रशासन ने 32 सेन्टरों को तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया है। कॉमन सर्विस सेन्टर भारत सरकार के इलेक्ट्रोनिकी एवं सूचना प्रोद्योगिकी मंत्रालय के निर्देश पर चलाए गए थे, लेकिन निर्देशों के अनुपालन में चलाए गए विशेष अभियान के अन्तर्गत मानकों के अनुरूप कार्य नहीं किए जा रहे थे। इसी के चलते 32 जन सेवा केन्द्रों को बंद करा दिया गया। इसी कार्यवाही के अनुसार उक्त सीएचसी संचालकों पर कार्यवाही की गई है। इनमें ऐसे सीएचसी पर



कार्यवाही की गई है जो सरकार द्वारा निर्धारित नियम और दिशा निर्देशों का पालन नहीं कर रहे थे। जिला प्रशासन ने कडा रूख अपनाते हुए यह स्पष्ट कर दिया कि अब वहीं जन सेवा केन्द्र चलाए जा सकते है जो निर्धारित मानको को पूर्ण रूप से पूरा कर रहे है। सीएचसी के जिला प्रबंधक सनी तोमर ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन केन्द्रों पर भारत सरकार द्वारा जरूरत के अनुसार परोपर ब्रांडिंग (सीएचसी बोर्ड) तथा सेवाओं की निर्धारित दरों की सूची (रेट चार्ट) प्रकाशित नहीं होगी तो प्रशासन उन पर कार्यवाही करेगा और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। जिला प्रशासन ने बताया कि जन सेवा केन्द्रों पर लोगों को सरकारी सेवाओं के नाम पर ज्यादा पैसो की वसूली की जा रही थी और कार्यवाही का उद्देश्य यहीं है कि अवैध रूप से की जा रही वसूली को रोका जा सके। प्रशासन ने यह भी चेतावनी दी कि यदि केन्द्रों पर निर्धारित रेट से ज्यादा वसूली की गई तो बिना सूचना दिए ही उक्त संबंधित केन्द्र का पंजीकरण निरस्त कर दिया जाएगा।

## नई मंडी पुलिस ने दस लाख का गांजा पकड़ा

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी पुलिस ने नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब दस लाख रूपये की गांजा और कार बरामद करने का दावा किया है। नई मंडी पुलिस ने बताया कि गश्त के दौरान उन्होने संदिग्ध अवस्था में आ रही एलटो कार की तलाशी ली तो कार के अंदर से बीस किलो से अधिक गांजा बरामद हुई। पुलिस ने बताया कि आरोपी को पकड कर थाने लाकर पूछताछ की गई तो नशा तस्कर का राज खुला। पुलिस ने जानकारी दी कि पकडे गए आरोपी का नाम मुस्लमीन पुत्र सईद अहमद निवासी ग्राम भैंसाहेडी थाना छपार है। नई मंडी पुलिस ने यह भी बताया है कि पुलिस महा. निदेशक मेरठ जोन और सहारनपुर रेंज के डीआईजी तथा एसएसपी के निर्देशन में ऑपरेशन सवेरा नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर अभियान चला जा रहा है।



मुजफ्फरनगरः हाड़ कंपकंपाती ठंड व घने कोहरे में सफर करते राहगीर।

# दहेज हत्या में पति, ससुर सहित चार को कैद

■ कोर्ट ने सबूत के आधार पर पन्द्रह साल की सुनाई सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद शामली के कस्बा थानाभवन में सोलह नवंबर 2016 को एक महिला की हत्या का मामला दर्ज कराया गया था। विवाहिता के परिजनों ने आरोप लगाया था कि दहेज की मांग पूरी न होने पर पति शहजान, ससुर सगीरूद्दीन, देवर आजाद व आरिफ आदि ने फांसी लगाकर हत्या कर दी। पुलिस जांच में यह भी आया था कि विवाहिता का शव घर में फांसी पर लटका हुआ था। पुलिस ने 17 नवम्बर 2016 को मुकदमा दर्ज कर लिया था। तहरीर में बताया था कि आयशा पुत्री जब्बार निवासी अंबाविहार थाना शहर कोतवाली की शादी 16 नंवबर 2015 को शहजान निवासी थाना भवन से हुई थी और अतिरिक्त दहेज में कार की मांग पूरी न होने पर विवाहिता की हत्या कर दी गई।

पुलिस ने सभी लोगों को जेल भेज दिया था और यह मामला अपर जिला सत्र न्यायाधीश नेहा गर्ग की कोर्ट में विचाराधीन था इस मुकदमे की पैरोकारी शासकीय अधिवक्ता अरूण जावला ने की। कोर्ट ने पूरे मामले को गंभीरता से सुना और नामजद आरोपी को दोषी मानते हुए पति को 15 वर्ष और ससुर, जेठ व देवर को दस वर्ष की सजा और उन पर 25-25 हजार का जुर्माना भी किया है।

## पुरकाजी का विकास कराने को मुख्यमंत्री से मिले पूर्व विधायक ऊंटवाल

**पुरकाजी।** विधानसभा से भाजपा के पूर्व विधायक प्रमोद ऊंटवाल लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री से बताया कि पुरकाजी में दसवीं तक का भी कोई सरकारी हाई स्कूल एवं इंटर कॉलेज नहीं है लंबे समय से क्षेत्र में इंटर कॉलेज मनाए जाने की मांग जनता उठा रही है वर्तमान में चेयरमैन पुरकाजी जहीर फारुकी ने अपने पास से 8 बीघा जमीन इंटर कॉलेज बनाए जाने के लिए दी है पूर्व विधायक प्रमोद ऊंटवाल ने जिला. धिकारी मुजफ्फरनगर द्वारा पुरकाजी में इंटर कॉलेज बनाए जाने के लिए शासन को भेजे गए प्रस्ताव तथा 8 बीघा जमीन के कागज मुख्यमंत्री को सौंपते हुए उनसे पुरकाजी में इंटर कॉलेज बनवाने की मांग की है तथा क्षेत्रीय समस्याओं से भी अवगत कराया है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जल्दी ही सभी मांगो पर कार्यवाही का आश्वासन दिया है। भाजपा से पूर्व विधायक प्रमोद ऊंटवाल ने इंटर कॉलेज



बनाए जाने का मांग पत्र मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश तक पहुंचा कर पुरकाजी की जनता के दिलों पर एक बार फिर मजबूत दस्तक दे दी है और साबित कर दिया है कि जनहित के कामों में अग्रणी भूमिका हमेशा बिना भेदभाव के निभाते हैं।




# मुठभेड़ में तीन जंगल चोर गोली से हुए घायल

■ भारी मात्रा में कॉपर और वाहन किए बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर/शाहपुर।** शाहपुर पुलिस और संदिग्ध युवकों के बीच हुई गोलीबारी में तीन बदमाश घायल हुए है। पुलिस का कहना है कि मुठभेड में घायल हुए बदमाश विद्युत तार चोरी और ट्रांसफार्मर का तेल चोरी करने की घटना में लिप्त है।

एसपी देहात आदित्य बसंल ने जानकारी देते हुए बताया कि शाहपुर पुलिस बीती देर रात निर्माणा से ग्राम करोंदी की ओर से चैकिंग करते हुए निकली तो उन्होने संदिग्ध गाडियों को आता देखा पुलिस ने गाडियों को रोकने का इशारा किया तो कार सवार बदमाश भागने लगे। पीछा करने पर बदमाशों ने पुलिस बल पर फायरिंग कर दी जहां पुलिस को भी जवाबी फायरिंग करनी पडी। पुलिस की गोली लगने से नीरज पुत्र राजबीर निवासी ग्राम फुगाना अनिल कुमार पुत्र मलखान निवासी ग्राम वेहलना थाना खालापार व आरिफ पुत्र महबूब निवासी मोरना थाना भोपा घायल हो गए। पुलिस ने इनके कब्जे से डेढ कुन्तल कॉपर की तार पत्ती बरामद की है।

# ओवरलोड वाहनों के लिए बाईपास बनाने की रखी मांग

**फलावदा।** गन्ने के ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई कराने एवं भारी वाहनों के लिए कस्बे से बाहर बाईपास बनाने के संबंध में सोमवार को कस्बा निवासी राष्ट्रीय लोकदल के जिला उपाध्यक्ष भोपाल चौधरी व भाजपा नेता सभासद मुकेश सैनी, आदि लोगों ने जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र भेजकर बताया कि नगर में गन्ने के ओवरलोड वाहनों से आए दिन नगर में बड़ी दुर्घटनाएं हो रही है।

ओवरलोड ट्रक कस्बे के खतौली मन्दवाड़ी मार्ग व गांव गुडम्ब, गांव बातनौर में शुगर मिल के गन्ना सेंटर से ट्रको में ओवरलोड गन्ना भरकर कस्बे के भीड़ भाड़ वाले मुख्य मार्गो पर चलते हैं जिससे कस्बे में लोगों के मकानों व मुख्य मार्ग पर लगे बिजली के खम्बो में टक्कर मारकर तोड़ रहे हैं विद्युत लाइन भी टूट कर तारों में आग लग गई थी और लोगों के विद्युत उपकरण फुक गए थे। जिससे कई लोग चपेट में आकर घायल भी हुए थे तथा गन्ने के ओवरलोड वाहनों से कस्बे के सभी मुख्य मार्ग टूट कर क्षत्रिग्रस्त हो गए हैं। कई बार पुराने बस स्टैंड से लेकर अटल चौक तक डिवाइडर रोड पर लगी हुई हाई मार्क्स स्ट्रीट लाइटों के खम्बो को तोड़ दिए हैं इस संबंध में कस्बे के लोगों द्वारा थाना व नगर पंचायत तहसील दिवस में कई बार संबंधित अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर समस्या के निस्तारण की मांग की थी लेकिन आज तक कोई अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है। उन्होंने ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कराने व कस्बे से बाहर बाईपास बनायें जाने की मांग रखी है तभी जाकर कस्बे के लोगों को समस्या से निजात मिल सकेगी। इस दौरान सहकारी समिति के तंनजैब चौधरी, भाजपा नेता मोनू देवापाल, अमरीश, प्रदीप कुमार, सोनू, अजय, मनीष, राजकुमार, हरीश, सभासद रविंद्र सैनी, राजू आदि रहे।

# चरथावल में जेई की कथित तानाशाही के खिलाफ भाकियू का धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** विद्युत विभाग में तैनात जूनियर इंजीनियर द्धजेईक्ष के कथित तानाशाहीपूर्ण व्यवहार से नाराज़ किसानों ने सोमवार को भाकियू कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर बिजलीघर पर धरना दिया। धरने की अगुवाई भाकियू ब्लफक अध्यक्ष संजय प्रधान ने की, जिसमें क्षेत्र के किसान भी शामिल हुए।

किसानों ने आरोप लगाया कि जेई किसानों और विद्युत उपभोद्राओं के साथ अभद्र भाषा में बातचीत करता है तथा फोन कफल्स को रिसीव नहीं करता। किसानों का कहना है कि यदि कफल रिसीव हो भी जाए तो वह अस्पष्ट ढंग से बात करता है और शिकायतों को गंभीरता से नहीं लेता।

भाकियू नेताओं का आरोप है कि चरथावल ब्लफक के अध्यक्ष संजय त्यागी ने भी जेई से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन फोन उठाने के बाद उनके साथ भी अभद्रता की गई। इससे किसानों में आक्रोश फैल गया और किसान एकजुट होकर धरने पर बैठ गए।

किसानों ने बताया कि क्षेत्र में लगातार कम वोल्टेज, ट्रांसफफर्मर खराबी, फ्यूज उड़ने, लाइन दोष और कटौती की समस्या बनी हुई है। विभागीय शिकायतों के बावजूद समय पर समाधान नहीं होने से सिंचाई प्रभावित हो रही है आपूर्ति तक बाधित रहती है।धरने के दौरान किसानों ने चेता. वनी दी कि यदि विद्युत विभाग अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं करता और उपभोक्ताओं की शिकायतों पर सुनवाई शुरू नहीं होती तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।धरने की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस एवं विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुँचे और स्थिति पर नजर बनाए रखी। देर शाम तक शांतिपूर्ण ढंग से धरना जारी, धरने में फरमान धोनी, मोहसिन त्यागी, मेहकर राणा, जावेद त्यागी, प्रमोद कश्यप, सलीम अंसारी सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

## पेस्टिसाइड दुकान से 80हजार रुपये की चोरी, मचा हड़कंप

**मीरापुर।** क्षेत्र के कुतुबपुर गांव में स्थित एक पेस्टिसाइड की दुकान से अज्ञात चोरों ने करीब 80 हजार रुपये नकद पर हाथ साफ कर दिया।

पीड़ित दुकानदार दानिश पुत्र यूसुफ ने बताया कि वह रविवार को किसी जरूरी काम से दुकान बंद कर बाहर गया हुए थे। उसी दौरान अज्ञात चोरों ने मौके का फायदा उठाते हुए दुकान के अंदर रखे गल्ले को निशाना बनाया और उसमें रखी नकदी चोरी कर फरार हो गए। जब दानिश वापस लौटे तो गल्ले से रुपये गायब मिलने पर उन्हें घटना की जानकारी हुई। घटना के बाद पीड़ित ने तुरंत मीरापुर थाने पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई और मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी गई। पुलिस टीम ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है, जिससे चोरों की पहचान और उनके भागने के रास्ते का पता लगाया जा सके। थाना प्रभारी ने बताया कि चोरी की इस घटना का शीघ्र खुलासा करने के लिए पुलिस हर संभव प्रयास कर रही है। साथ ही ग्रामीणों से भी अपील की गई है कि यदि उन्हें कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें, ताकि अपराधियों को जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

# आवारा कुत्तों की बढ़ती ही जा रही है संख्या

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना और क्षेत्र के समस्त गांवों में आवारा कुत्तों का आतंक अभी तक भी पूरी तरह से बरकरार है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश का कोई भी पालन नहीं हो रहा है। संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों ने इसके लिए अभी तक ना तो कोई भी मीटिंग की और ना ही किसी भी तरह का अभियान चलाया है।

सड़क पर आवारा घूमने वाले कुत्तों को लेकर प्रशासन पूरी तरह खामोश है जबकि प्रमुख सचिव ने सभी सरकारी विभागों को इस बात के निर्देश दिए थे कि किसी भी कार्यालय में आवारा कुत्ता ना घुसने पाएं और साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने भी सरकारों को निर्देश दिए थे कि वह आवारा घूमने वाले कुत्तों को शेल्टर हाउस में व्यवस्था कराएं ताकि उनके द्वारा लोगों पर किए जाने वाले हमले से बचा जा सके। यह भी निर्देश थे कि सरकारी विभाग जहां पर बाउंड्री बाल नीची है उसे ऊंचा कर लें। इन सब के बाद भी किसी भी विभाग ने कोई कार्रवाई शुरू नहीं की है। सड़कों पर घूमने वाले आवारा कुत्ते अक्सर लोगों पर हमला कर देते हैं। कुत्तों की काटने से लोगों की जान भी चली गई है।

बड़ी संख्या में सरकारी अस्पतालों में लोग एंटी रैबीज वैक्सीन लगवाने को आते हैं। आवारा कुत्तों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने भी अपनी चिंता जताई थी और सभी राज्य सरकारों को निर्देश दिए थे कि वह सड़कों पर आवारा घूमने वाले कुत्तों को शेल्टर हाउस में पहुंचने की व्यवस्था करें। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद राज्य सरकार भी गंभीर हुई और सरकार की ओर से प्रमुख सचिव ने सभी प्रशासनिक अधिकारियों को दफ्तररों में आवारा कुत्तों पर रोक लगाने के लिए निर्देश दिए। देखा भी जाता है कि तमाम सरकारी दफ्तर के कैंपस को आवारा कुत्तों ने अपना आशियाना बना रखा है। जहां हर समय वह मौजूद रहते हैं उस वक्त सरकारी दफ्तर में अपने काम के लिए आने वाले व्यक्ति को सावधान रहना पड़ता है।

प्रमुख सचिव ने नगर पालिका परिषद, नगर निगम और नगर पंचायतों को यह निर्देश दिए थे कि आवारा कुत्तों के घूमने पर रोक लगाने के लिए तत्काल कदम उठाएं साथ ही सभी सरकारी विभागों को यह निर्देश दिए थे कि यदि किसी भी विभाग की बाउंड्री बाल नहीं बनी है या फिर नीची है तो उसे ऊंचा कराएं।

यहां बुढ़ाना में कई स्थान ऐसे हैं जहां पर बड़ी संख्या में आवारा कुत्ते हर समय सड़क पर विचरण करते हैं। प्रमुख सचिव और सुप्रीम कोर्ट के आद. ेश के बाद भी सरकारी विभागों ने इस दिशा में अभी कोई कदम नहीं उठाया है।

आम लोगों का मानना है कि यदि सड़कों पर घूमने वाले कुत्तों के विचरण पर रोक लगाने के लिए कदम उठाया जाए तो निश्चित तौर पर लोगों को काफी राहत मिलेगी और आवारा कुत्तों के हमलों से भी बचा जा सकेगा। आवारा कुत्तों पर निगरानी के लिए प्रदेश के कुछ जिलों में बेसिक शिक्षा अधिकारियों द्वारा शिक्षकों को नोडल अधिकारी बना दिया गया है और उन जिलों में नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि यदि उनके क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति को काटता है तो वह संबंधित व्यक्ति के लिए एंटी रैबीज वैक्सीन लगवाएं ताकि उसका जीवन बचाया जा सके। पर बुढ़ाना में अभी इस तरह की कोई प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। यहां अस्पताल में एंटी रैबीज वैक्सीन लगवाने वाले मरीजों की संख्या भी अच्छी खासी हो रही है। कम से कम रोजाना दो चार मरीज अस्पताल में पहुंच रहे हैं। प्रमुख सचिव का निर्देश है कि अस्पतालों में वैक्सीन की कमी नहीं होनी चाहिए। प्रत्येक मरीज को वैक्सीन लगाई जाए। अगर वैक्सीन कम है तो उसका पहले से इंतजाम कराया जाएगा। कुल मिलाकर बुढ़ाना में आवारा कुत्तों की भरमार है और सुप्रीम कोर्ट।

# पीआर पब्लिक स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस



**मुजफ्फरनगर।** पी आर पब्लिक स्कूल मुजफ्फरनगर के सभागार में माई भारत, मुजफ्फरनगर,युवा कार्यक्रम एवम खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान एवं जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के निर्देशन तथा प्रतिभा शर्मा जिला युवा अधिकारी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ राजीव कुमार सदस्य,बाल कल्याण समिति, अनघ सिंघल प्रधानाचार्य पी आर पब्लिक स्कूल एवं युवा कलाकारों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। डॉ राजीव कुमार द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी युवाओं से आह्वान किया कि स्वामी विवेकानंद जी के व्यक्तित्व से प्रेरणा लें।उनके द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद के विषय में उपस्थित सभी को विस्तृत जानकारी दी गई डॉ0 राजीव ने कहा कि जितना बडा संघर्ष होगा जीत उतनी ही शानदार होगी।

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह में युवा चित्रकार सीमा त्यागी, युवा योगाचार्य योगेश कुमार, युवा संगीतकार दिग्विजय सिंह तथा प्रवीण कुमार को स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर आयोजित कार्यक्रम में युवाओं - दिग्विजय सिंह, अवनी, राखी एवं शिखा द्वारा स्वामी विवेकानंद जी एवं देश को समर्पित शानदार प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर मनमोहक प्रस्तुतियां देने वाले युवाओं अवनी, शिखा एवं राखी को भी सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी युवाओं को उपहार भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।अनघ सिंघल प्राधानाचार्य द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया गया।कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रज्ञा सिंधी, राखी, शिखा, दिव्या एवं अनुपम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# एसडीएम ने फरियादियों की सुनी समस्याएं



**बुढ़ाना।** जिला अधिकारी उमेश मिश्रा के निर्देश पर सोमवार के दिन बुढ़ाना उपजिलाधिकारी अपूर्वा यादव ने बुढ़ाना तहसील परिसर में स्थित अपने कार्यालय पर दूर दराज से आने वाले कई फरियादियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उन समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसडीएम श्रीमति अपूर्वा यादव ने आज अपने कार्यालय में जन सुनवाई की। उन्होंने क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याओं को ध्यान से सुना। जन सुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आदेशित किया गया। एसडीएम ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों को जन सुनवाई और महिला हेल्प डेस्क को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से बार बार कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें। पीड़ितों की समस्याओं का समाधान समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने शिकायतकर्ताओं को उनकी समस्याओं के जल्द निस्तारण का आश्वासन देते हुए कहा कि वे समस्याओं के निस्तारण के प्रति गंभीर हैं। जो समस्याएं आज निस्तारित नहीं हुई अब उनको प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने का काम होगा।

# खतौली की मिट्टी, मेहनत और संस्कृति ने जीता इसराइल वासियों का दिल



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** सोमवार को खतौली की धरती पर भारतीय ग्रामीण संस्कृति और देसी तकनीक का ऐसा ख्रश्य देखने को मिला, जिसने दूर देश से आए इसराइल वासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इसराइल से आए एक दल ने नेशनल हाईवे स्थित पूर्व कांग्रेस जिला महासचिव नीरज बालियान के ईंट भटे का दौरा कर पारंपरिक भारतीय निर्माण तकनीक को नजदीक से देखा और उसकी मुक्त कंठ से सराहना की। भटे पर मिटी से ईंट बनने की प्रक्रिया को देखकर इसराइल वासी आश्चर्यचकित रह गए। उन्होंने कहा कि बिना आधुनिक मशीनों के इतनी मजबूत और टिकाऊ ईंटों का निर्माण अपने आप में अद्भुत है और ऐसी देसी तकनीक उनके देश में प्रचलित नहीं है। मिटी तैयार करने से लेकर ईंट ढालने, सुखाने और भठी में पकाने तक की पूरी प्रक्रिया को देखकर उन्होंने भारतीय कारीगरों की मेहनत और कौशल की तारीफ की। इसके बाद विदेशी मेहमानों ने ग्रामीण अंचल का भ्रमण किया। गन्ने और सरसों के हरे-भरे खेतों में पहुंचकर वे काफी उत्साहित नजर आए। उन्होंने खेतों में खड़े होकर खुद गन्ना तोड़ा और उसकी मिठास का स्वाद लिया। गन्ने की प्राख्रतिक मिठास ने उन्हें इतना प्रभावित किया कि उन्होंने भारत को हमिठास और प्रकृति का देशह्न बताया।

वहीं सरसों के पीले फूलों से सजी फसल ने भी उनका मन मोह लिया। ग्रामीण जीवन की सादगी उस समय और गहराई से सामने आई, जब इसराइल वासियों ने गाय के गोबर से बने उपलों को देखा। उपलों के उपयोग, उनकी गर्मी देने की क्षमता और पर्यावरण के अनुकूल स्वरूप की जानकारी मिलने पर वे हैरान रह गए। उन्होंने माना कि यह परंपरागत तरीका आज के आधुनिक समाज के लिए भी पर्यावरण संरक्षण का बड़ा संद. ेश है।

पूर्व कांग्रेस जिला महासचिव नीरज बालियान ने बताया कि यह इसराइल वासियों का दल करीब 19 वर्ष पहले भी उनके भटे पर आया था।

लंबे समय बाद दोबारा खतौली पहुंचकर उन्होंने फिर से भारतीय देसी तकनीक और ग्रामीण जीवन को देखने की इच्छा जताई। इस दौरान इसराइल वासियों ने ईंट निर्माण, खेती-किसानी और ग्रामीण व्यवस्था की जमकर प्रशंसा की। भ्रमण के दौरान उन्होंने हरिद्वार जाकर गंगा आरती देखने की इच्छा भी जताई, जिसके बाद वे हरिद्वार के लिए रवाना हो गए। नीरज बालियान के अनुसार, इसराइल वासियों ने उन्हें अपने देश आने का निमंत्रण भी दिया। खतौली में बिताए गए समय ने विदेशी मेहमानों पर गहरी छाप छोड़ी और वे भारतीय संस्ख्रति की सरलता, आत्मीयता और परंपराओं के मुरीद नजर आए।

सिविल जज (सीनियर डिविजन मुजफ्फरनगर (उ0प्र0)

**वाद के निस्तारण हेतु प्रतिवादी की उपस्थिति के लिये सम्मन**

**आदेश 5 नियम 1 व 5**

न्यायालय श्रीमान सिविल जज सीनियर डिवीजन मुजफ्फरनगर।

वाद संख्या 151 सन् 2023

अनुज उम्र 36 वर्ष पुत्र स्व0 सर्वेश कुमार निवासी ग्राम सिखरेडा, परगना सदर, थाना सिखेडा, तहसील सदर, जिला मुजफ्फरनगर हाल निवासी निकट एच0 पी0 पैट्रोल पम्प, ट्रांसपोर्ट नगर, भोपा बाईपास, मुजफ्फरनगर। .......**वादी**

**बनाम**

1-मीनू उम्र 35 वर्ष पत्नि अनुज कुमार निवासी मकान नम्बर 888/1 युगान्तर स्कूल, साउथ सिविल लाईन, जानसठ रोड, जिला मुजफ्फरनगर।
2-शिवानी उर्फ टीना उम्र 33 वर्ष, पत्नि गौरव निवासी मकान नम्बर 152/2 अंसारी रोड, आर्यपुरी, मुजफ्फरनगर।
3-नीशू उर्फ अंशी उम्र 32 वर्ष पत्नि नामालूम निवासी मकान नम्बर 230 गांव सिखरेडा, परगना सदर थाना सिखेडा, तहसील सदर, जिला मुजफ्फरनगर।
4-अरुण उर्फ छोटू उम्र 34 पुत्र स्व0 सर्वेश कुमार निवासी मकान नम्बर 230 गांव सिखरेडा, परगना सदर, थाना सिखेडा, तहसील सदर, जिला मुजफ्फरनगर। ......**प्रतिवादीगण**

आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वादी अनुज ने आपके विरुद्ध हुक्म इम्तनाई का वाद न्यायालय उपरोक्त मे योजित किया है आपको इस न्यायालय मे उक्त वाद का उत्तर प्रत्र प्रस्तुत करने के लिये उपसंजात/उपस्थित होने के लिए दिनांक 14-01-2026 को दिन में 10:00 बजे के लिये यह सम्मन प्रेषित किया जाता है आप नियत दिनांक को न्यायालय उपरोक्त में स्वयं या अपने अधिकृत पैरोकार/अधिवक्ता द्वारा उपसजात होकर इस वाद से सम्बन्धित सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपसजाती (उपस्थित) के लिये उक्त तिथि नियत की गयी है। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय ने उक्त वाद के निस्तारण के समय उपसंजात/उपस्थित नहीं होगें तो उस दशा मे उक्त वाद का निस्तारण आपकी अनुपस्थिति मे गुण दोष पर किया जावेगा। आज दिनाकं 24 माह 12 सन 2025 को यह समन मेरे हस्ताक्षर और मुद्रा सहित विधिवत न्यायालय द्वारा जारी किया गया।

**आज्ञा**

**सिविल जज (सीनियर डिवीजन) मुजफ्फरनगर (उ0प्र0)**

# प्रेरणा दिवस पर श्रीराम पॉलिटैक्निक के छात्रों ने किया स्वामी विवेकानन्द को याद

**छात्र-छात्राओं ने कहा स्वामी विवेकानन्द हम सबके प्रेरणास्त्रोत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम पॉलिटेक्निक, रुड़की रोड में स्वामी विवेकानंद जयंती एवं युवा प्रेरणा दिवस का भव्य आयोजन

श्रीराम पॉलिटेक्निक, रुड़की रोड स्थित मुजफ्फरनगर कॉलेज परिसर में आज पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई के विद्यार्थियों के लिए स्वामी विवे. कानंद जी की जन्म जयंती एवं युवा प्रेरणा दिवस के अवसर पर एक प्रेरणादायी एवं शैक्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वामी विवेक. ानंद जी के जीवन दर्शन, उनके विचारों तथा युवाओं के प्रति दिए गए प्रेरक संदेशों से अवगत कराना एवं उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन तथा राष्ट्र निर्माण की भावना का विकास करना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।

इस अवसर पर सर्वप्रथम संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. अश्वनी कुमार, इसके पश्चात सभी विभागाध्यक्ष कृ स्नेहलता गर्ग, जोनी कुमार, छवि, शुभम गुप्ता एवं नितिन गुप्ता तथा फैकल्टी मेंबर कृ विवेक धीरयान, विपुल शर्मा, मुकुल पुलस्त्य, अनुपम त्यागी, सुगंधा, विक्रांत पांचाल, नरगिस, अर्चित कुमार, नीतीश कुमार गोयल, विशु शर्मा कृ द्वारा स्वामी विवे. कानंद जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। सभी ने उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।



मुजफ्फरनगर: प्रेरणा दिवस पर छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

## बहसूमा में 30 को होगा हिंदू सम्मेलन तैयारियों को लेकर सदस्यों में हुई वार्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** कस्बे में आगामी 30 जनवरी को प्रस्तावित हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सम्मेलन की रूपरेखा, आवश्यक व्यवस्थाओं और जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में सर्वसम्मति से कृष्णपाल सिंह प्रधान, दिनेश जैनर, अमन गोयल और अनिल कुमार को हिंदू सम्मेलन के संरक्षक नियुक्त किए गये। इसके साथ ही सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए 28 सदस्यीय समिति का गठन किया गया। विभिन्न कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई। वक्ताओं ने इस प्रकार के आयोजनों के महत्व पर प्रकाश डाला, कहा कि यह हमारी संस्कृति और पहचान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में सहायक होते हैं।

**PUBLIC NOTICE**

**It is for general information** that I Prita Devi W/O Neeraj Kumar Saini R/O Luhari Muzaffarnagar, Luhari Khurd, Uttar Pradesh - 251311, declare that name of mine has been wrongly written as Preeta Devi in my minor Son Vansh Pratap Saini aged 17 Years in his 10th educational documents . The actual name of mine is Prita Devi.

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर चलाया विशेष साफ-सफाई अभियान

**मुजफ्फरनगर।** स्वामी विवे. कानंद के जन्म दिवस को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाते हुए पुरातन छात्र एसोसिएशन ने पॉलीटेक्निक भवन की सफ़-स्फाई का विशेष अभियान चलाया

इस अवसर पर पॉलीटेक्निक प्रधानाचार्य इं राजीव सिंह ने स्वामी विवेकानंद को नमन करते हुए अपने वकतव्य में कहा कि 12 जनवरी 1863 को आज के दिन जन्में स्वामी विवेकानंद ने महान सनातन धर्म एवं भारतीय संस्कृति की सुगंध को विश्व स्तर पर प्रसा. रित किया, उन्होने युवाओं को आत्मविश्वास, सेवा और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देने वाले विचार दिये।पुरातन छात्र एसोसिएशन के संयोजक इं. बसन्त कुमार गोयल ने बताया कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं से आह्वान किया था कि उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्ति न हो जाए स

इस अवसर पर पुरातन छात्र एसोसिएशन ने गांधी पॉलीटेक्निक भवन की साफ-सफाई का विशेष अभियान चलाया व पुरातन छात्र इं. पियूष अग्रवाल की ओर से पॉलीटेक्निक में पुराने पेड़ों के तनों की साफ-सफाई कर चूने का लेप कराने का कार्य कराया गया जिससे न केवल पुराने वृक्षों की दीपक से रक्षा हो पाएगी ब्लकि वहीं पर्यावरण भी बचेगा व पॉलीटेक्निक परिसर सुन्दर भी लगेगा।आयोजन एवं कार्य में पुरातन छात्रें इं0 भूपेंद्र कुमार अग्रवाल, इं. सचिन अग्रवाल, इं0 राकेश कुमार प्रजा. पति, इं. रवीन्द्र धीमान, इं0 के के रस्तोगी, इं. राहुल राठी, प्रवक्ता सिविल इंजीनियरिंग इं. अंकित सिंह, कार्यशाला अधीक्षक विनोद वत्स, छात्रवास अधीक्षक अमित गंगवार, सोनू कश्यप, संजू कुमार, नूर हसन, संजय, राकेश, जमशेद, बिजेंद्र आदि का विशेष योगदान रहा।

## रेप के आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजा

**बुढ़ाना/फुगाना।** मेहमानदारी में अपने मामा के यहां पर आई एक किशोरी के साथ रेप करने वाले आरोपी को फुगाना पुलिस ने एक स्थान से दबोचकर जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार एक नाबालिग किशोरी काफी समय से फुगाना थाना क्षेत्र के एक गांव में मेहमानदारी में अपने मामा के यहां पर रह रही थी। इस नाबालिग किशोरी के साथ मौका पाकर गांव के ही एक नवयुवक ने रेप किया था। घटना की जानकारी किशोरी ने अपनी मामा को दी तो पुलिस को इसकी सूचना दी गयी।घ इस घटना के बाद किशोरी काफी डरी हुई थी लेकिन बाद में उसने हिम्मत जुटाकर अपने परिजनों को पूरी बात बताई। मामले की जानकारी मिलते ही परिजन फुगाना थाने पहुंचे और लिखित तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया और किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराया। फुगाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज करते हुए आरा. ेपी आसिफ चौधरी पुत्र नूर मौहम्मद निवासी ग्राम खरड को किसी खास मुखबिर की सटीक सूचना पर उसके घर से गिर"तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी को पकड़ने वालों में मुख्य रुप से टीम में उप निरीक्षक तेजवीर सिंह, उप निरीक्षक प्रेम कुमार व महिला कांस्टेबल सोनम रहे। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

## दिवंगत अधिवक्ता की मां की मृत्यु पर वकीलों ने जताया शोक

**बुढ़ाना।** दिवंगत अधिवक्ता मनोज कुमार संगल की माताजी के विगत दिवस हुए आकस्मिक निधन पर बुढाना बार एसोसिएशन से जुड़े सभी अधिवक्ताओं ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए जहांघ एक और दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की वहीं दूसरी और वे न्यायिक कार्यों से भी विरत रहे। बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी और महासचिव ओमपाल सिंह मलिक डुंगर ने संयुक्त रूप से बतलाया कि दिवंगत अधिवक्ता मनोज कुमार संगल की माताजी के दुखद निधन से बहुत दुख हुआ है। भगवान दिवंगत आत्मा को स्वर्ग में स्थान दे तथा दुखी परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। यहां सभी अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन रखा और वे बैल इंजेक्शन को छोड़कर सभी न्यायिक कार्यों से विरत रहे। शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से पूर्व बार अध्यक्ष सुरेश पाल सिंह वर्मा, पूर्व अध्यक्ष विनय बालियान, पूर्व अध्यक्ष बाबू सिंह राठी, पूर्व अध्यक्ष अवध बिहारी लालघ गर्ग, इलियास सैफी, प्रशांत शर्मा, अचल सहरावत, हरबीर सिंह, ओमप्रकाश, शौ सिंह राणा, पूर्व अध्यक्ष विनय बालियान, मौहम्मद मियां रिजवानी, आबाद कुरैशी, अलीम सिद्दीकी, संजय त्यागी, रविंद्र कुमार, रविकांत शर्मा और शाहनवाज कुरैशी सहित अन्य अधिवक्ता हैं।

**सूचना**

मेरी वर्ष 2014 की कक्षा 10वी की मार्कशीट जिसका रोल नम्बर-0727314 व मेरी वर्ष 2024 की कक्षा 12वी की मार्कशीट जिसका रोल नम्बर-2249518409 जो दिनांक 05.01.2026 को कही खो गई है। जो काफी तलाश करने पर भी नही मिली है।

**अरुण कुमार पुत्र मोहन सिंह ग्राम रसूलपुर खेडी नागल थाना नागल जनपद सहारनपुर**

**सम्बन्ध विच्छेद**

में पवन पुत्र शोभाराम निवासी गांव गढ़ी सखावतपुर तहसील और थाना बुढ़ाना जिला मुजफ्फरनगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र आशीष जो कि गलत संगत में रहता है। जिसे मैंने समझाने और बुझाने का काफी प्रयास किया मगर वह अपनी हरकतों से बिल्कुल भी बाज नहीं आ रहा। वो आये दिन लडाई झगडा करता रहता है। जिससे मैं व मेरा परिवार काफी दुखी है। आज मैंने अपने पुत्र आशीष को अपनी कुल चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आशीष अब अपने द्वारा किये गये किसी भी अच्छे व बुरे कार्यों का खुद ही जिम्मेदार होगा मेरी या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**कार्यालय नगर पंचायत बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर**

पत्रांक-1576/न.पं.बु./2025-26 दिनांक-12/1/2026

**' ई-निविदा आमंत्रित सूचना**

एतद्वारा सभी फर्म/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 15वें वित्त की अनटाईड ग्रान्ट/अवस्थापना निधि के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर क्षेत्र के विकास कार्यों हेतु दिनाक 13/01/2026 समय दोपहर 02:00 बजे से दिनाक 11/02/2026 समय दोपहर 03:00 बजे तक ई-निविदाऐ वेबसाइट **https://etender.up.nic.in** पर नगर पंचायत बुढाना द्वारा ऑनलाईन आमन्त्रित की जाती है तथा दिनांक 11/02/2026 को दोपहर 04:00 बजे खोली जायेगी। ई-निविदा मूल्य आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. ऑनलाइन के माध्यम से ही जमा की जायेगी तथा जमा रसीद व निविदा के साथ निर्धारित धरोहर राशि EPV, FDR, NSE/Tragary Challan के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बुढाना के नाम बन्धक हो को वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। यदि ई-निविदा में कोई भी संशोधन/परिमार्जन/परिवर्तन होता है तो सूचना समय से वेबसाईट पर प्रदर्शित कर दी जायेगी। ई-निविदादाताओ की ई-निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| | |
|---|---|
| **E-Tender Refrence** | 1576/न.पं.बु./2025-26 |
| Publish Date and Time for Ref. | 13/01/2026 at 2:00 PM |
| Last Date and Time for submission of E-Bids | 11/02/2026 upto 03:00 PM |
| E-Tender Opening Date | 11/02/2026 at 04:00 PM |
| Place of Opening of E-Bid | Office Nagar Panchayat Budhana, Distt.Muzaffarnagar |
| E-Tender Documents Proceesing | टेण्डर मूल्य के लिए वेबसाईट पर अपलोड निविदा में देंखे **as per List.** |
| E-Tender निविदा शुल्क/टेंडर मूल्य | खाता संख्या- 11733685933 भारतीय स्टेट बैंक शाखा बुढ़ाना IFSCE CODE-SBIN0007434 |
| E-Tender धरोहर राशि | के लिए वेबसाइट पर अपलोड निविदा में देंखे। **as per List.** |

नोट: नियम व शर्तो को वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर देखा जा सकता है।

**( आलोक रंजन )**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत बुढ़ाना**

**( उमा त्यागी )**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत बुढाना**

# प्रत्याशी के यहां बंटने लगा राशन तो ग्रामीणों ने किया हंगामा

## डीलर ग्रामीणों को बिना राशन दिए लौटाया बैरंग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ग्राम प्रधानी के पद का चुनाव लडने वाले एक उम्मीदवार के यहां पर एक अस्थाई राशनघ डीलर के द्वारा राशन बांटने का भरपूर प्रयास किया गया। तब सैंकडों राशन कार्ड धारकों के विरोध के चलते राशन डीलर को भारी हंगामे के बीच बैरंग लौटना पड़ा और किसी को भी राशन नहीं बांटा गया। जिसको लेकर ग्रामीणों में राशन डीलर के प्रति बहुत भारी रोष है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना ब्लाक के ग्राम चंधेडी में जो राशन डीलर बेगराज सिंह था उसको किसी की शिकायत पर जांच करने के बाद हटा दिया गया या उसने कोटा खुद छोड़ा है यह तो पता नहीं लग पाया था लेकिन उस राशन डीलर के स्थान पर समीपवर्ती गांव उकावली के निवासी एक व्यक्ति टोनी को फिलहाल दो महीनों के लिए गांव चंधेडी का राशन बांटने के लिए ओथराइजड किया गया है। सोमवार के दिन गांवघ चंधेडी में राशन बंटना था। राशनघ डीलर ने गांव के लोगों की सहूलियत के लिए खुद गांव में आकर राशन बांटने की बात कही तो किसी ने गांव की गंदी राजनिति से प्रेरित होकर गांव में प्रधानी का चुनाव लडने वाले एक उम्मीदवार के घर पर राशन सामग्री उतरवानी शुरु कर दी। बाकायदा मंदिर में ऐलान भी करवा दिया गया। तब सैंकड़ों ग्रामीण उम्मीदवार के घर पर पहुंच गये तो राशन लेने के बजाए उन्होनें उम्मीदवार के घर पर राशन सामग्री बांटे जाने के विरोध में जमकर हंगामा काटा और उम्मीदवार की उम्मीदवारी का भी बहिष्कार हाथों हाथ मौके पर कर दिया।

जब अस्थाई राशन डीलर टोनी ने सभी ग्रामीणों का रूख देखा तो उसने नीचे उतरवाया हुए राशन को अपने साथ लाए हुए वाहन में भरकर यह कहकर चलता बना कि अब आप सभी लोगों को राशन लेने के लिए उसके गांवघ उकावली में आना पड़ेगा। ग्रामीणों ने उसे रोका भी लेकिन वह रुका नहीं। जिसको लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों का आरोप था कि पहली बात तो राशन डीलर को राशन सामग्री ग्राम पंचायत भवन या सरकारी स्कूल में बांटनी चाहिए थी। उसको किसी के कहने पर चुनाव लडने वाले उम्मीदवार के घर पर जाने की क्या जरुरत थी और जब वह गांव में आ ही गया था तो उसको राशन देकर जाना चाहिए था और भविष्य में उसको ग्राम पंचायत भवन में ही राशन बांटना चाहिए था। अब वे इतनी दूर राशन के लिए दूसरे गांव में कैसे जाएं क्योंकि राशन लेने ज्यादातर वृद्ध या बच्चे ही जाते हैं। ग्रामीणों ने एसडीएम से उनकी उक्त समस्या की और ध्यान दिए जाने की गुहार लगाते हुए राशन गांव चंधेडी में ही बंटवाए जाने की गुहार लगाई है।

# सहरावत खाप के प्रदेश अध्यक्ष की माता के निधन पर शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** भोकरहेड़ी मे सहरावत खाप के प्रदेश अध्यक्ष वरुण सहरावत उर्फ मुन्ना भाई की माता कमलेश देवी का 75 वर्ष की आयु में हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। उनके निधन पर गणमान्यो ने शोक व्यक्त किया है।

कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला सुभाषचौक निवासी प्रसिद्ध निशानेबाज राकेश सहरावत की पत्नी तथा सहरावत खाप के प्रदेश अध्यक्ष वरुण सहरावत की माता कमलेश देवी का 75 वर्ष की आयु मे सोमवार की सुबह अचानक हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया।



कमलेश देवी के निधन से कस्बे मे शोक की लहर दौड़ गयी है। कस्बे के पूर्व चौयरमैन कैप्टन ज्ञानेंद्र सिंह,संदीप सहरावत,बबलू सहरावत,अजय कुमार, राजेश कुमार, अर्जुन कुमार,सतीश कुमार, प्रदीप कुमार,संजीव कुमार आदि ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।शुक्रताल शमशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

## अवैध शस्त्र बैंचने खरीदने वालों को दबोचा

**बुढ़ाना/फुगाना।** पुलिस ने अवैध शस्त्रों की खरीद फरोख्त करने वाले 2 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है तथा 2 बाल अपचारियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। पुलिस ने इन सभी के पास से 3 अवैध तमंचे व एक अवैध मस्कट भी बरामद की है। फुगाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी यतेन्द्र नागर और फुगाना थाना प्रभारी विजय सिंह के नेतृत्व में फुगाना पुलिस द्वारा एक बड़ा गुडवर्क किया गया। फुगाना पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि अवैध शस्त्रों की खरीद फरोख्त करने वाले अभियुक्त ग्राम फुगाना डुंगर चौराहे से ग्राम जोगियाखेडा जाने वाले रास्ते पर से आने वाले हैं। सूचना पर फुगाना पुलिस द्वारा सघन चैकिंग अभियान चलाया गया तथा ग्राम जोगियाखेडा जाने वाले खडंजे से 2 अभियुक्त गिरफ्तार किये गये तथा 2 बाल अपचा. रियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 3 अवैध तमंचे 315 बोर व एक अवैध मस्कट 12 बोर बरामद किये गये।

## संक्षिप्त समाचार

### मुजफ्फरनगर आगमन पर संतोष यादव को मिली प्रमुख सचिव रैंक मिलने की सूचना



**मुजफ्फरनगर।** चेयरमैन संतोष यादव पहुंचे गांधी टेंट हाउस के मालिक उद्यमी पंकज जैन व प्रवीण जैन के आवास पर पंकज जैन व प्रवीण जैन ने प्रमुख सचिव के पद पर प्रोन्नत होने पर किया संतोष यादव का स्वागत व सम्मानित

### छपार के युवाओं ने किया गौरव टिकैत का स्वागत

**छपार।** भाकियू टिकेत के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव टिकेत का हरिद्वार जाते हुए छपार में कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। सोमवार को गौरव टिकेत किसी कार्य से हरिद्वार की ओर जा रहे थे। हाइवे पर छपार में कार्यकर्ताओं ने उन्हें रोक लिया ओर फूलमालाओं से उनका स्वागत किया ओर जिंदाबाद के नारे लगाए। शहजाद त्यागी, मुशर्रफ त्यागी, कारी इय्यान ,नादिर त्यागी, अय्यूब,ईशा,राशिद, उस्मान , नौशाद, मुन्तजिर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### खुशहालिया चिल्लागाह पर जरूरत मंदों को कंबल वितरण

**मोरना।** बिहारगढ़ खुशहालिया चिल्लागाह पर जरूरतमंदों को गर्म कंबल का वितरण किया गया। सेंकड़ो ज़रूरतमंदो को सर्दी से बचाने के लिए मदद की गयी।

मोरना क्षेत्र के गांव बिहारगढ़ में स्थित हजरत ख्वाजा खुशहाल मियां की चिल्लागाह पर गर्म कंबल का वितरण जरूरतमंदों को किया गया। चिल्लागाह के सज्जाद नशीन सूफ़ी जव्वाद अहमद खुशी ने इस अवसर पर कहा कि ज़रूरतमंदो की आवश्यकताओं को पूरा करना पुण्य कार्य है। तेज़ ठंड से बचाने के लिए इस नेक कार्य को किया गया है। मानव सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं हो सकती। ठंड बचाने को गर्म कपड़े व स्वास्थ्य शिविर लगाकर निशुल्क उपचार कराया गया है। इस दौरान सरदार भगवत सिंह, संजय चौहान प्रधान, सरदार लखविंदर सिंह राजू, सरदार सुरेंद्र सिंह,सूफ़ी मौ. साजिद,शेर सिंह, नायला खुशहाली, सूफ़ी सलीम, सूफ़ी रईस,सूफ़ी दिलनवाज़ आदि मौजूद रहे।

### केंटर की टक्कर से बाइक सवार दो ग्रामीण घायल

**बुढ़ाना।** केंटर की टक्कर से बाईक सवार दो युवक घायल हो गये। मिली जानकारी के मुताबिक बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के दुर्गनपुर हरियाखेड़ा गांव में स्थित देहरादून वाया दिल्ली कारीडोर पर दो बाइक सवार घायल हो गए। दोनों युवक किसान मजदूर संगठन की पंचायत से लौट रहे थे। घायलों में से एक कार्यकर्ता को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय के रेुर किया गया। घायल गांव नगला पिथौरा थाना तितावी निवासी महिपाल सिंह पुत्र सोमपाल व काका पुत्र बल सिंह हैं। दोनों दुर्गनपुर खेड़ा में आयोजित किसान मजदूर संगठन की बैठक में शामिल होने गए थे। बैठक समाप्त होने के बाद दोनों अपनी बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। लोगों ने बताया कि हाईवे पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार कैंटर ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर दूर तक जा गिरे। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। राहगीर तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। मौके पर आई डायल नंबर 112 की मदद से घायलों को सड़क से उठाकर प्राथमिक उपचार के लिए बुढ़ाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। महिपाल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे मुजफ्फरनगर रेफर किया गया। काका को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कर उपचार शुरू किया गया। घटना की सूचना घायलों के परिजनों को भी मिल गयी थी।

### प्रशासनिक टीम ने शत्रु संपत्ति से हटवाया दशकों पुराना कब्जा

**मीरापुर।** क्षेत्र के ग्राम कैथोड़ा में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वर्षों से अवैध कब्जे में रही शत्रु संपत्ति को कब्जा मुक्त करा लिया। यह कार्रवाई उप जिला. धिकारी जानसठ के निर्देश पर गठित प्रशासनिक टीम द्वारा की गई। कानूनगो संजीव कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम कैथोड़ा में स्थित खसरा संख्या 371, रकबा 0.7170 हेक्टेयर, राजस्व अभिलेखों में निष्करण (शत्रु संपत्ति) के रूप में दर्ज है। इस भूमि पर ग्राम के ही कुछ लोगों, जिनमें अली राजा आदि शामिल हैं, द्वारा पिछले कई दशकों से अवैध रूप से कब्जा कर खेती की जा रही थी। उन्होंने बताया कि प्रशासन को इस संबंध में एक गोपनीय शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसके आधार पर एसडीएम जानसठ राजकुमार भारती ने तत्काल संज्ञान लेते हुए एक टीम का गठन किया। गठित टीम में लेखपाल ओमवीर सिंह, अरुण कुमार एवं सुकरामपाल को शामिल किया गया, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर भूमि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उक्त भूमि पर गेहूं की खड़ी फसल पाई गई, जिसे प्रशासनिक निर्देश पर ट्रैक्टर मंगवाकर नष्ट करा दिया गया और भूमि को पूरी तरह कब्जा मुक्त कर लिया गया। कार्रवाई के दौरान कब्जाधारियों को कड़ी चेतावनी दी गई कि भविष्य में यदि इस भूमि पर पुन: किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा किया गया तो उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सरकारी व शत्रु संपत्तियों पर अवैध कब्जा करने वालों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि ऐसी संपत्तियों की पहचान कर उन्हें कब्जा मुक्त कराने का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# अमूल्य जीवन सेवा ट्रस्ट के सौजन्य से विकलांगों को ट्राई साइकिल की वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** अमूल्य जीवन सेवा ट्रस्ट द्वारा ग्रीन फिल्ड पब्लिक स्कूल में विकलांग को बैटरी चलित ट्राई साइकिल वितरित की गई जिसमें मुख्य अतिथि चेयरमैन जहीर फारूकी व विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी जयवीर सिंह ने दर्जनों विकलांग जनों को बैटरी वाली रिक्शा वितरित की इस दौरान चेयरमैन जहीर फारूकी ने कहा कि राजवीर सिंह द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्य सराहनीय हे इनकी वजह से हजारों मजदूर गरीब के जीवन में उजाला आया सरकार को इन्हें प्रशोहित करना चाहिए। इस



दौरान, कार्यक्रम आयोजक राजबीर सिंह प्रजापति द्वारा इस पुनीत कार्य के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर निर्दोष जैन. सुशील वर्मा. हरिराम सक्सेना. विपुल विक्रम सिंह संजीव गोयल. आज़ाद फरीदी शाहआलम गौड़.के पी सिंह सुंदरलाल प्रजापति, अमित त्यागी, डफव आशु नवाज,सलमान, यशपाल पुंडीर, प्रियांशु पुंडीर मास्टर अनुराग पुंडीर ,आदी मौजूद रहे।

## जौली में जुआ खेलते चार जुआरियों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** गांव जौली में निर्माणाधीन दुकान में रात्रि में पुलिस टीम ने छापेमारी करते हुए

जुआं खेलते चार जुआंरियों को गिरफ्तार कर लिया। जिनके कब्जे से हजारों की नगदी, तीन बाइक आदि सामान बरामद कर थाने ले गई, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इनका का चालान कर दिया।

प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि रविवार देर रात्रि में सटीक सूचना पर उप निरीक्षक सुमित चौधरी की टीम ने गांव जौली में अकबर रोड के किनारे बनी टीपू की निर्माणाधीन दुकान में छापेमारी करते हुए

जुआं खेलते चार आरोपितो को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम अरशद पुत्र इशरत गांव रहकडा, फैसल पुत्र राशिद व गय्यूर पुत्र यूसुफ गांव रूडकली तथा शादाब पुत्र जुल्फकार गांव खेडीफिरोजाबाद थाना ककरौली बताए।

पुलिस ने इनके कब्जे से

जुआ खेलते हुऐ बाजी पर लगे 20 हजार 700 रुपये, ताश के पत्ते, तीन बाइक, मोमबत्ती, माचिस बरामद किए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को कोर्ट भेज दिया।

# कड़ाके की ठंड में सौहार्द फाउंडेशन की पहल

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** शीतलहर के प्रकोप के बीच सौहार्द सोशल एवं एजुक. ेशनल फाउंडेशन जरूरतमंदों के लिए सहारा बनकर सामने आया। फाउंडेशन द्वारा अपने मुख्यालय पर रजाई व गद्दा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें निर्धन, असहाय और जरूरतमंद परिवारों को नि:शुल्क गर्म वस्त्र वितरित किए गए।

इस मानवीय प्रयास से ठंड से जूझ रहे लोगों को बड़ी राहत मिली और उनके चेहरों पर मुस्कान लौट आई।

कार्यक्रम के दौरान फाउंडेशन के संस्थापक एवं पदाधिकारियों ने कहा कि समाज के कमजोर और वंचित वर्गों की मदद करना ही संस्था की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि सर्दी के इस कठिन समय में जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाना केवल सेवा नहीं, बल्कि मानवता का कर्तव्य है। फाउंडेशन वर्षों से शिक्षा, सामाजिक सौहार्द और राहत कार्यों के माध्यम से समा. जसेवा में सक्रिय भूमिका निभा रहा है और भविष्य में भी ऐसे कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय समाजसेवी, गणमान्य नागरिक एवं स्वयंसेवक मौजूद रहे। सभी ने सौहार्द फाउंडेशन के इस सराहनीय प्रयास की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और आगे भी इस तरह के जनहितकारी कार्यक्रमों को जारी



रखने का आग्रह किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मास्टर शाहिद, अमजद सैफी, आसिफ कैफी, अरविंद चपराना, सलमान जाद, अब्दुल मलिक अंसारी, डॉ. शहादत, नौशाद सैफी, डॉ. महमूद हसन तथा डॉ. शुभम कुमार का विशेष योगदान रह।

# व्यापारियों की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**बुढ़ाना।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल रजिस्टर्ड बुढ़ाना ईकाई के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल ने व्यापारियों के साथ एक बैठक शिव रेस्टोरेंट पीठ बाजार बुढाना में सोमवार के दिन की।

जिसमें नगर अध्यक्ष संगल ने बतलाया कि काशी में बीते सन 1973 में लाला विशम्बर दयाल अग्रवाल और पंडित श्याम बिहारी मिश्रा आदि व्यापारियों ने एक राय होकर व्यापार मंडल की नींव रखी थी और इंस्पेक्टर राज के विरूद्ध संगठन की स्थापना की थी। मंडल के संरक्षक लाला सुरेन्द सिंघल नंगला ने बताया कि जीएसटी विभाग की सचल दल प्रणाली समाप्त हो। जीएसटी में पंजीकृत सभी व्यापारी भाईयो का 50 लाख रुपया बीमा कराया जाये और बुढ़ाना कस्बे के पैंठ बाजार में हर शनिवार के दिन जो साप्ताहिक पैठ लगती है उसमें महिला पुलिस की तैनाती पैंठ बाजार में आनी वाली महिलाओं की सुरक्षा को देखते हुए की जाए। खासकर पैंठ वाले दिन ई–रिक्शा पैंठ बाजार के बजाए बडकता रोड से निकलवाए जायें। यह सभी ई–रिक्शा चालक पैंठ में जाम लगाते हैं।

नगर पंचायत बुढ़ाना को समय समय पर कस्बे में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाते रहना चाहिए। बड़ौत रोड पर पार्क के पास पैंठ बाजार वाले दिनघ पुलिस के द्वारा बेरियर लगाया जाए ताकि वाहनों से पैंठ बाजार में किसी भी तरह का जाम ना लगे। सभी विभागों के दफ्तर तहसील मुख्यालय पर होने चाहिएं जैसे कि मंडी समिति का आफिस, सैम्पल, बाट माप तौल



विभाग व श्रम विभाग समेत आदि कार्यालय ताकि व्यापारी किसी भी समय किसी भी समस्या को लेकर संबंधित अधिकारियों के पास जा सकें। बैठक में मुख्य रूप से संरक्षक तनवीर कुरैशी, महामंत्री राजीव कुमार गर्ग, सचिव नसीम भटियार, कोषाध्यक्ष आयुष गर्ग, श्रवण शर्मा, प्रणव उर्फ सोनू पंडित आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# तिलकधारी आश्रम के वार्षिकोत्सव में जुटे साधु संत

**मोरना।** श्री रामानुज कोट तिल. कधारी आश्रम मे 23वा वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम मे तीर्थ नगरी के अनेक साधु संतो ने भाग लेकर आश्रम के संस्थापक ब्रह्मालीन संत स्वामी जगन्नाथ महाराज को नमन किया गया।

इस दौरान हवन यज्ञ किया गया व चिकित्सा शिविर लगाकर मरीजो का निरूशुल्क इलाज किया गया।विशाल भंडारे मे भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। पौराणिक तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित श्रीरामानुज कोट तिलक धारी आश्रम में ब्रह्मलीन स्वामी जगन्नाथ तिलक धारी महाराज की 23वीं पुण्यतिथि श्रद्धा के साथ मनाई गयी।आश्रम के महंत विष्णु आचार्य महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन स्वामी जगन्नाथ तिलक धारी महाराज गौसेवक थे।1974 मे उन्होंने गौशाला की स्थापना की थी तभी से आश्रम मे वृहद स्तर पर निरंतर गौसेवा का कार्य जारी है।कार्यक्रम मे पहुंचे महामंडलेश्वर स्वामी केशवानन्द महराज, महामंलेश्वर स्वामी गोपालदास महाराज ने कहा की ब्रह्मलीन स्वामी बेहद सरल स्वभाव के संत थे।स्वामी कनक प्रभानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि ब्रह्मालीन संत की शिक्षाओं को ग्रहण कर अनेक साधु संतो ने अपने जीवन को धन्य किया। स्वामी धर्मदास महाराज, स्वामी मोहनदास महाराज, स्वामी गीतानंद तीर्थ महाराज, विनोद शर्मा,आचार्य इंद्रपाल सिंह,प्रेम शंकर मिश्रा,अजय कृष्ण शास्त्री आदि ने भी सम्बोधन कर ब्रह्मलीन संत के जीवन पर प्रकाश डाला। यजमान के रूप मे बिन्दल ग्रुप के चेयरमैन राक.



ेश बिंदल सपरिवार रहे। दूर दराज क्षेत्रों से आए अनुयायियों ने ब्रह्मल. ीन स्वामी जगन्नाथ तिलक धारी महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शत शत नमन किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित स्वास्थ्य शिविर में शारदा हॉस्पिटल से आए डॉ. आकाश अवाना, डॉ. जय किशोर तिवारी, डॉ.अनुपम शर्मा द्वारा 246 मरीज का निरूशुल्क उपचार किया गया स्वास्थ्य शिविर के आयोजक गौरव पांडे व महेशचंद शर्मा रहे।

# वेस्टर्न यूपी के जिलों में तेजी से बदली स्थितियां : यशपाल बालियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता यशपाल बालियान ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि उत्तर प्रदेश का पश्चिम क्षेत्र अपनी बहादुरी, देश प्रेम, परिश्रम और संस्कारों से जाना जाता रहा है।

यहां के बारे में कहा जाता है कि यहां के लोग बेहद मेहनती और तार्किक बुद्धि वाले हैं जो समय की नजाकत को तुरंत पहचान लेते हैं। पश्चिम क्षेत्र के लोगों को क्रांतिकारी स्वभाव का माना जाता है यदि अस्मिता अथवा मान सम्मान की बात हो तो यहां के लोग किसी भी सीमा तक जा सकते हैं। सामाजिक ताना बाना और संस्कारों की लड़ी यहां पुराने समय से ही बहुत मजबूती रही है लेकिन आज के आधुनिक परिवेश में अनपेक्षित रूप में बदलती कुछ चीजें यहां के लोगों को असहज कर रही हैं चूंकि यहां पर हमेशा सामाजिक खापों और सामाजिकता का प्रभाव रहा है। फलस्वरूप आए दिन कोई ना कोई नया मुद्दा बनते देर नही लगती। आज मुख्यमंत्री योगी की अपराध व भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस नीति का भी पश्चिम क्षेत्र में कारगर होना दबंगई जातियों में टकराव, अनैतिक सम्बन्धों की घटनाओं का राजनीतिकरण होना, करना खाना और भाई चारा छोड़कर किसी भी घटना को राजनीति के चश्मे से देखना आदि बातों के कारण चुनौती बना हुआ है। ये बातें समाज को कमजोर और चिंतित कर रही हैं।

पश्चिम क्षेत्र वह क्षेत्र रहा है जहां के शिक्षा संस्थानों से 80 के दशक में निकले अध्यापकों, इंजी. नियरों, भूमि से जुड़े लोक सेवकों ने लगभग समूचे उत्तर भारत में अपनी सेवाएं देकर एक मजबूत सामाजिक और आर्थिक आधार बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पश्चिमी क्षेत्र की क्रांतिकारी धरती आज अपनी मूल विशेषताओं और



उपलब्धियों से विचलित होती प्रतीत होती है क्योंकि समूचे क्षेत्र में आए दिन किसानों, व्यापारियों, मजदूरों, धार्मिक एवं जातिगत संगठनों के धरनें प्रदर्शन और आंदोलन हो रहे हैं। ऐसी चीजों का निरंतर होना किसी भी सभ्य समाज के लिए अच्छा नहीं माना जा सकता क्योंकि इससे सामा. जिक और आर्थिक प्रगति बाधित होती है और कानून का शासन कमजोर दिखता प्रतीत होता है। आज क्षेत्र के सभी जन प्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों, लेखकों, पत्रकारों और प्रबुद्ध नागरिकों को अपने पश्चिम की परंपरागत मजबूतियों, संस्कारों, स्वभाव और पारस्परिक मेलजोल पर चिंतन करने की जरूरत है। जिससे यह क्षेत्र अनावश्यक पचड़ों और विवादों से बाहर निकलकर आर्थिक मजबूती के साथ सुंदर सामाजिक वातावरण का निर्माण करता दिखाई दे। आज बहुत जरूरी हो गया है गांवों की तरफ ध्यान देना जहां युवाओं में नशे और विकारों की लत तेजी से बढ़ रही है। आज गांवों में छोटी सी बात पर आपस में झगड़ा होना और उसके बाद पुलिस थानों और कोर्ट कचहरी तक की नौबत आना आम बात हो गई है। जिससे सामाजिक और पारिवारिक ढांचा कमजोर हो रहा है। ग्राम प्रधान का पद जो गांव की जिम्मेदारी और सेवा के दायित्व का होता है उसका राजनीतिकरण हो गया है। हमें ग्राम स्तर पर मुख्य रूप से अपने अच्छे जीवन यापन के लिए खेती मजदूरी, ग्रामीण कुटीर धंधों, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, जल संरक्षण और प्रदूषण मुक्त हवा पर बहुत ध्यान देने की जरूरत है। गांव के समग्र विकास के लिए ग्राम प्रधान को राजनीति से ऊपर उठकर गांव के भाईचारे, गांव के विकास और गांव की आर्थिक प्रगति पर फोकस करना होगा। ग्राम प्रधान द्वारा अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी और नैतिकता के साथ निभाने से निश्चित रूप से अपराध और भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगेगा। अत: हम सभी एक अच्छी सोच और अच्छे लक्ष्य को ध्यान में रखकर गांव कस्बों, जनपद, राज्य और देश की प्रगति में अपना आर्थिक और सामाजिक योगदान देने की सोच को साकार रूप दें।

# नूर ने प्रथम कोशिश में ही बार परीक्षा की पास

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के मौहल्ला सैनी बाजार के निवासी नूर आलम मंसूरी ने पहली ही कोशिश में ऑल इंडिया बार परीक्षा पास कर बुढ़ाना क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बा निवासी नूर आलम मंसूरी ने विगत दिवस ऑल इंडिया बार एसोसिएशन को पहली ही कोशिश में पास करते हुए एक अहम कामयाबी हासिल की है। उनकी इस कामयाबी पर उनके परिजनों और दोस्तों के अलावा बुढ़ाना बार एसोशिएशन से जुड़े युवा अधिवक्ता आबाद कुरैशी, अलीम सिद्दीकी और मौहम्मद मियां रिजवानी आदि ने मुबारकबाद दी। बताया जाता है कि नूर आलम मंसूरी ने तीन वर्षीय एलएलबी पूरी की है तथा अब बुढ़ाना बार एसोसिएशन में प्रेक्टिस कर रहे हैं। अब वे ज्यूडिशरी की भी तैयारी कर रहे हैं। इस खुशी के मौके पर उनके वालिद नफीस पहलवान मंसूरी ने मुबारकबाद देने वालों को मिठाई



खिलाकर उनका शुक्रिया अदा किया। कुल मिलाकर एडवोकेट नूर आलम मंसूरी की इस कामयाबी के चलते उनके परिवार में खुशी का जबरदस्त माहौल है। उल्लेखनीय है कि एडवोकेट नूर आलम मंसूरी एक मिलनसार युवा हैं जो लोगों के सुख दुख में समय समय पर शामिल होते रहते हैं और निस्वार्थ भाव से लोगों के छोटे मोटे सरकारी कार्य अपने खर्चों से करवाते रहते हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल–9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# दिनदहाड़े लाखों के जेवरात व हजारों की नकदी चोरी, पुलिस मान रही संदिग्ध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान में दिनदहाड़े चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर घर से हजारों रूपए की नकदी सहित सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर पीड़ित परिजनों से जानकारी जुटाई। पीड़ित परिवार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस घटना को संदिग्ध मानकर जांच में जुटी हुई है।सोमवार को मोहल्ला शेखजादगान निवासी यामीन पुत्र सनव्वर ने बताया कि उनके बड़े भाई शहजाद के पुत्र तासीम का दो दिन पूर्व बीमारी के चलते निधन हो गया था, जिस कारण घर पर लगातार मेहमानों का आना-जाना लगा हुआ था। घटना के समय यामीन अपने बेटे के पैन कार्ड में सुधार कराने के लिए बाजार गए हुए थे, जबकि घर के अंदर बेड पर दो बच्चे सो रहे थे। इसी दौरान चोरों ने घर में घुसकर सेफ अलमारी को खंगाल डाला।बाजार में रहते हुए यामीन को फोन के माध्यम से चोरी की सूचना मिली। जांच करने पर पता चला कि चोर सेफ अलमारी से 69 हजार रूपए की नगदी तथा 10 से 12 सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। चोरी हुए आभूषणों में एक लॉकेट और एक अंगूठी भी शामिल बताई गई है।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि दिनदहाड़े हुई चोरी की यह घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। पुलिस मामले के हर पहलू की गंभीरता से जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# व्यापारी की सुरक्षा व सम्मान को संघर्ष करने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि प्रदेश के सभी जिलों के प्रदेश व जिला पदाधिकारीयों को अपने-अपने पदों की गरिमा के अनुरूप आगे जाकर व्यापारी की सुरक्षा व सम्मान के लिए के लिए संघर्ष करना होगा उन्होंने प्रदेश भर के सभी जिलों के पदाधिकारीयों को आवाहन करते हुए कहा कि यदि किसी जिले में किसी भी छोटे-बड़े व्यापारी का विभागीय अधिकारियों द्वारा उत्पीड़न किया जाता है तो उस पर अंकुश लगाने की जिम्मेदारी संगठन के उस जिले के पदाधिकारी की होगी।

उन्होंने संगठन के सभी पदाधिकारीयों को आवाहन करते हुए कहा कि गत 14 दिसंबर में शामली में हुए शपथ ग्रहण समारोह के बाद से यानी 1 जनवरी 2026 से 31 दिसंबर 2029 तक 4 साल के कार्यकाल में वर्तमान में पदों पर नियुक्त जिला व प्रदेश पदाधिकारीयों को अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह मजबूती के साथ करना होगा।

ताकि प्रदेश भर में विभागीय अधिकारी द्वारा किए जा रहे व्यापारी के उत्पीड़न पर पर अंकुश लग सके और व्यापारी सुरक्षित और सम्मानपूर्वक अपना व्यापार कर सके क्योंकि प्रदेश में सभी विभागों के अधिकारी भ्रष्ट एवं निरंकुश हो गए हैं और वह व्यापारी का हर स्तर पर उत्पीड़न कर रहे हैं उन्होंने भ्रष्ट्रव निरंकुश अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा की अधिकारी भी व्यापारी का सम्मान करने की आदत डाल ले वरना प्रदेश के व्यापारी उन्हें भी चौन से उनके दफ्तर में नहीं बैठने देंगे क्योंकि प्रदेश का व्यापारी प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ के मनसा के अनुरूप ईमानदारी के साथ व्यापार करते हुए सरकार को भरपूर टैक्स रिवेन्यू दे रहे हैं मगर निरंकुश अधिकारी प्रदेश सरकार को बदनाम करने की नियत से व्यापारी का उत्पीड़न करने से बाज नहीं आ रहा है जो बर्दाश्त नहीं होगा तथा प्रदेश का व्यापारी प्रदेश की जनप्रिय सरकार को किसी भी कीमत पर बदनाम नहीं होने देगा उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा कि इस महंगाई के युग में व्यापारी का दुर्घटना बीमा 10 लाख रूपए कम है अतः इसे बढ़ाकर 20 लाख रूपए किया जाना चाहिए उन्होंने प्रदेश के व्यापारियों को एकजुट रहकर संघर्ष करने का आह्वान किया क्योंकि व्यापारी की एक जुटता ही हमारे संगठन की ताकत है जिसके बल पर व्यापार मंडल ने अनेकों उपलब्धियां प्राप्त की है उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए हुए कहा की यदि व्यापारी इसी तरह एक जुट रहा तो प्रदेश सरकार द्वारा शीघ्र ही प्रदेश के 60 साल से ऊपर के व्यापारी को ₹3000 प्रति माह कीपेंशन योजना एवं उसके स्टॉक का बीमा सरकारी स्तर पर किए जाने की मांग पूरी होने की संभावना है इसके लिए प्रदेश का व्यापारी बधाई का पात्र है।

## एक नजर

### लायनेस क्लब शामली दोआब का 21वां अधिष्ठापन समारोह संपन्न



**शामली।** लायनेस क्लब शामली दोआब का 21वां अधिष्ठापन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें इस सत्र के लिए रश्मि वर्मा को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिनका क्लब की पदाधिकारी महिलाओं द्वारा फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। सोमवार को शहर के हनुमान रोड स्थित एक रेंस्तरा में लायनेस क्लब शामली दोआब के 21वें अधिष्ठापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल, अधिष्ठापन अधिकारी रजत अग्रवाल ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के सम्मुख द्वीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान उन्होने इस सत्र के लिए रश्मि वर्मा को अध्यक्ष, सुनीता आर्य सचिव और शिखा गोयल को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी। नए पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई गई। कार्यक्रम मे पूर्व अध्यक्ष स्नेहा गर्ग ने पिछले वर्ष किए सभी कार्यो को ब्योरा रखा। मौके पर क्लब के पदाधिकारियों को सम्मानित भी किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष रश्मि वर्मा ने अपने कार्यकाल के दौरान गरीबों, वंचितो और असहाय लोगों की मदद करने का वादा किया। इस अवसर पर मीनू संगल, रश्मि गर्ग आदि मौजूद रही।

# संदिग्ध हालत में युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मौहल्ला नाला पटरी निवासी एक युवक की करीब 8 माह पूर्व एक युवती से शादी हुई थी। बताया जाता है कि नवविवाहित जोडे के भी सबकुछ ठीक चल रहा था। दोनों एक दूसरे से अधिक प्रेम करते थे। आरोप है कि रात्रि में विवाहिता द्वारा अपने पति की गर्दन पर काट लिया गया। दोनों में किसी बात का कोई विवाद नही था तो पति ने एक स्थानीय चिकित्सक के यहां जाकर मेडिकल परीक्षण कराया, लेकिन कुछ दिन बाद ही घाव में संक्रमण द्धसेप्टिकऋ फैल गया। जिसके बाद परिजनों ने दिल्ली के ऐम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने ऑपरेशन कर घाव को ठीक करने का प्रयास किया, लेकिन सेप्टिक ज्यादा फैलने से युवक की करीब एक सप्ताह पूर्व मौत हो गई। जहां युवक का पोस्टमार्टम के बाद शव घर लाया गया और परिजनों में कोहराम मच गया। सोमवार को मृतक युवक के परिजनों ने पत्नि पर गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा किया, लेकिन पुलिस को कोई शिकायत नही की गई। युवक की असामयिक मौत से पूरे मोहल्ले में शोक का माहौल है। वही पति से बिछडी नवविवाहित पत्नी का भी रो-रोकर बुरा हाल है।

# दभेड़ीखुर्द में आधार अपडेट सुविधा की मांग को लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल पर भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** ग्रामीणों को आधार कार्ड से जुड़ी सेवाओं में सहूलियत दिलाने के उद्देश्य से दभेड़ी खुर्द गांव में आधार कार्ड जनसेवा केंद्र स्थापित किए जाने की मांग उठी है। इस संबंध में गांव के पूर्व प्रधानपति एवं भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर प्रार्थना-पत्र प्रेषित किया है।



ग्राम पंचायत दभेड़ी खुर्द के पूर्व प्रधानपति तथा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिला महामंत्री मुंशाद अली चौहान ने अपने पत्र में बताया कि हाल ही में राज्य सरकार द्वारा प्रदेश की लगभग एक हजार ग्राम पंचायतों में आधार कार्ड अपडेट के लिए जनसेवा केंद्र संचालित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। दभेड़ी खुर्द गांव जिला मुख्यालय से करीब 25 किलोमीटर तथा तहसील और ब्लॉक मुख्यालय से लगभग 13 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इसके अलावा गांव तक पहुंचने के लिए आवागमन के साधन भी पर्याप्त नहीं हैं। उन्होंने अवगत कराया कि दभेड़ी खुर्द के आसपास कई अन्य गांव भी बसे हुए हैं, जहां के सैकड़ों-हजारों ग्रामीण आधार कार्ड में संशोधन या अपडेट कराना चाहते हैं। लेकिन नजदीक में कोई सेवा केंद्र न होने के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रार्थना-पत्र के माध्यम से मांग की गई है कि ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत दभेड़ी खुर्द में आधार कार्ड जनसेवा केंद्र शुरू कराया जाए, जिससे क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर चला विशेष स्वच्छता जागरूकता अभियान



**थानाभवन।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सोमवार को नगर पंचायत में जिला गंगा समिति शामली एवं नगर पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष स्वच्छता जागरूकता एवं सफाई अभियान चलाया गया। यह अभियान शासन के निर्देशानुसार एवं अधिशासी अधिकारी जितेन्द्र राणा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।अभियान के अर्न्तगत नगर के विभिन्न वार्डों में स्वच्छता बैठकों का आयोजन किया गया तथा नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही नगर क्षेत्र में नालों व नालियों की विशेष सफाई कराई गई। अभियान में युवाओं, स्थानीय नागरिकों एवं सफाई कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नगर को स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प लिया। स्वच्छ वातावरण को ध्यान में रखते हुए सड़क किनारे रखी निर्माण सामग्री पर जल छिड़काव कराया गया तथा निर्माण सामग्री ले जाने वाले वाहनों को ढककर चलाने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। अधिशासी अधिकारी जितेन्द्र राणा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम युवाओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और समाज सेवा की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। अभियान स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत चलाए जा रहे निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। स्थानीय नागरिकों ने नगर पंचायत की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियानों से नगर की साफ-सफाई में उल्लेखनीय सुधार होता है।अभियान में स्वच्छ वार्ड प्रोत्साहन समिति के सदस्य, नगर के गणमान्य व्यक्ति एवं नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ऑपरेशन सवेरा के तहत पुलिस ने युवाओं को दी नशे से दूरी की सीख




**कैराना।** समाज को नशा-मुक्त बनाने की दिशा में पुलिस प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में एसपी शामली नरेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन तथा एएसपी सुमित शुक्ला के पर्यवेक्षण में कोतवाली पुलिस ने सोमवार को कस्बे के मोहल्ला रेतेवाला में नशा विरोधी जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम 'ऑपरेशन सवेरारू नशे के अंधेरे से उजाले की ओर' अभियान के अंतर्गत संपन्न हुआ।कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष रूप से युवाओं को नशे की लत से होने वाले गंभीर दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि उसके पारिवारिक, सामाजिक और शैक्षणिक भविष्य को भी प्रभावित करता है। युवाओं से अपील की गई कि वे नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करें तथा अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ें। इस दौरान नशे से जुड़ी अवैध गतिविधियों, नशा तस्करी के विरुद्ध पुलिस की कड़ी कार्रवाई, नशा छोड़ने के लिए उपलब्ध परामर्श सेवाओं और हेल्पलाइन सुविधाओं की भी जानकारी दी गई।पुलिस ने आम नागरिकों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यदि कहीं भी नशा संबंधित गतिविधि दिखाई दे तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक एवं स्टाफ का सहयोग रहा।कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित छात्र-छात्राओं ने नशा-मुक्त समाज के निर्माण में अपनी सहभागिता निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पुलिस टीम में एसआई चंद्रशेखर सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# यातायात व्यवस्था को लेकर हुई बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर को जाम से मुक्त कराने और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए नगर पालिका, परिवहन विभाग और यातायात पुलिस के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में एआरटीओ रोहित राजपूत एवं यातायात प्रभारी लाल विराट भारद्वाज सहित पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल मौजूद रहे।


बैठक में शहर में लगातार बढ़ रही जाम की समस्या पर गंभीर चर्चा की गई, जिसमें मुख्य रूप से ई-रिक्शाओं की अनियंत्रित आवाजाही को समस्या का बड़ा कारण बताया गया। यातायात प्रभारी लाल विराट भारद्वाज ने बताया कि शहर में लगभग 3000 से अधिक ई-रिक्शा चल रहे हैं, जिनमें केवल करीब 1500 का ही पंजीकरण है, शेष आसपास के गांवों से या अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं। एआरटीओ रोहित राजपूत ने कहा कि शहर में चलने वाले सभी ई-रिक्शाओं पर नंबर अंकित कर उनका रूट निर्धारित किया जाना जरूरी है, ताकि वे केवल निर्धारित मार्गों पर ही संचालित हों। इससे शहर में जाम की समस्या पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकेगा।

उन्होंने बताया कि बड़ा बाजार से कबाड़ी बाजार मार्ग पर सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। फव्वारा चौक, कबाड़ी बाजार, बड़ा बाजार और गांधी चौक की ओर रिक्शाओं का प्रवेश प्रतिबंधित किया जाएगा।

बैठक में ई-रिक्शाओं के सुचारू संचालन के लिए शहर में 10 रूटों के निर्धारण पर सहमति बनी, जिनमें विजय चौक, अजन्ता चौक, गुरुद्वारा, रेलवे स्टेशन, नई मंडी, गढ़ी बस स्टैंड, भिक्की मोड़, बुढ़ाना रोड, सिम्भालका सहित प्रमुख मार्गों को शामिल किया गया। नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल ने कहा कि यातायात विभाग के साथ मिलकर ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। बैठक में अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार सोलंकी, सभासद रोबिन गर्ग, विनोद तोमर, डॉ। राजेन्द्र संगल, रामनिवास सैनी, गुलजार मंसूरी, इरशाद उर्फ कालू कुरैशी, कर अधीक्षक योगेश कुमार, राजस्व निरीक्षक चन्द्र किशोर पटेल, अनिल कुमार शर्मा, उपस्थित रहे।











### तिरंगा के कथित अपमान को लेकर पैदल मार्च निकाला



**शामली।** राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष मिथुन सिरोही के नेतृत्व में सोमवार को तिरंगे के कथित अपमान को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने विजय चौक से सिटी बिजलीघर तक पैदल मार्च करते हुए नारेबाजी की और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के बाद सभी कार्यकर्ता नगर पालिका परिषद शामली कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने अधिशासी अधिकारी से मुलाकात करने का प्रयास किया, लेकिन उनकी जगह पालिका अध्यक्ष अरविन्द संगल से मुलाकात हुई। पालिका अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया कि जिन स्थानों पर तिरंगे का अपमान हो रहा है, वहां से उसे आज शाम तक हटा लिया जाएगा। जिलाध्यक्ष मिथुन सिरोही ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज देश की शान और सम्मान का प्रतीक है और उसका किसी भी प्रकार से अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन आंदोलन को और तेज करेगा। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अमित गिरी, तहसील महामंत्री सावन, ग्राम अध्यक्ष धीरेंद्र, तहसील मंत्री दीपक, सर्वेश गिरी, सोनू, पारस बंसल, राजू, तहसील मंत्री नीरज, संजय, रितिक मौजूद रहे।

# स्वामी विवेकानंदः उठो, जागो और जब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के संबद्ध सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर स्कूल में स्वामी विवेकानंद की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य संजय सैनी, मुख्य वक्ता शिवानी रघुवंशी, पल्लवी ऐरन एवं कार्यक्रम प्रमुख रविंद्र कुमार द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन व दीप प्रज्वलन कर किया गया। कहा कि स्वामी विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलकर ही भारत को आध्यात्मिक रूप से सशक्त और मजबूत राष्ट्र बनाया जा सकता है। उन्होंने युवाओं को नई दिशा देकर देश के भविष्य को उज्ज्वल करने का कार्य किया। रविंद्र कुमार ने बताया कि वे बचपन से ही प्रखर बुद्धि के बालक थे और ईश्वर के अस्तित्व को लेकर उनके मन में अनेक जिज्ञासाएं थीं। उन्होंने शिकागो द्धअमेरिकाऋ में आयोजित विश्व धर्म सम्मेलन में भारत की संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत का गौरवपूर्ण प्रतिनिधित्व कर देश का मान बढ़ाया। इस अवसर पर संदीप कुमार, रामकुमार, प्रवेश शर्मा, शिवकुमार धीमान, राजीव शर्मा, योगेश कुमार, निमित्त कुमार आदि मौजूद रहे।

**शामली।** शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के सभागार में सोमवार को स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के रूप में श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गई। प्रधानाचार्य आनंद प्रसाद व योगेंद्र कुमार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद वेदांत के महान और प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु थे। उनका मूल नाम नरेंद्रनाथ दत्त था। उन्होंने वर्ष 1893 में अमेरिका के शिकागो में आयोजित विश्व धर्म महासभा में भारत की ओर से सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व कर देश की आध्यात्मिक परंपरा को विश्व पटल पर प्रतिष्ठित किया। वे पूज्य रामकृष्ण परमहंस के प्रमुख शिष्य थे और उन्होंने जीवन भर देशभर में भ्रमण कर समाज को जागरूक किया। इस अवसर पर विद्यालय के शारीरिक शिक्षक नितिन कुमार के नेतृत्व में छात्रों के बीच दौड़ एवं विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। मौके पर उपप्रधानाचार्य मलूकचंद, अंकुर कुमार, अंकित भार्गव, पुष्पेंद्र कुमार, अशोक सोम, संजू कुमार, सागर कुमार, धीरज कुमार, शुभम कुमार, सतेंद्र कुमार, सीताराम मौजूद रहे।

**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने किया। अतिथि मानिक शर्मा ने छात्राओं को राष्ट्रीय युवा दिवस के महत्व के बारे में जानकारी दी। वहीं विद्यालय की छात्रा आस्था बजाज ने सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा पर प्रभावी भाषण प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं को आत्मनिर्भर, परिश्रमी और चरित्रवान बनने की सच्ची प्रेरणा देते हैं। उन्होंने युवाओं को 'उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको' का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आज का युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति है, जिसे नशा, आलस्य और नकारात्मक सोच से दूर रहकर खेल, समाज और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए, तभी भारत विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर होगा। इस अवसर पर संजीव कुमार, संदीप कुमार, गीता रानी, कविता रानी, उपासना रानी, अमित कुमार, रवि कुमार, सुरभि रानी, वंदना रानी मौजूद रहे।

**शामली।** नरेंद्र मोदी सेना सभा द्वारा स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती के अवसर पर गौशाला रोड स्थित कार्यालय पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। कमल बंसल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद अद्भुत व्यक्तित्व के धनी थे, जिन्होंने भारतीय संस्कृति को वैश्विक पहचान दिलाने का कार्य किया। वे विज्ञान के स्नातक थे, लेकिन अपने गुरु रामकृष्ण परमहंस के प्रभाव में आकर उन्होंने रामकृष्ण मिशन के माध्यम से समाज में जनचेतना जागृत करने का बीड़ा उठाया। इसके लिए समस्त भारतवासी सदैव उनके ऋणी रहेंगे। उन्होंने युवाओं से निडर, आत्मविश्वासी और आत्मनिर्भर बनकर समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान में योगदान देने का आ]वान किया। इस अवसर पर मोनू नामदेव, अल्केश उपाध्याय, सोनू आनंद गोयल, अंकित सोहेल, सचिन नामदेव, दीपक गोयल, सुमित कुमार, नरेश धीमान उपस्थित रहे।

**कांधला।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में 12 जनवरी से 17 जनवरी तक आयोजित होने वाले युवा सप्ताह का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम का आरंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। युवा सप्ताह के प्रथम दिन युवा संन्यासी स्वामी विवेकानंद के विचार विषय पर एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉ। बृजेश कुमार राठी ने स्वामी विवेकानंद के विचारों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए छात्राओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज के युवाओं के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बृजभूषण ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि महानता प्राप्त करने के लिए सुख का त्याग तथा सत्य की खोज में कठिन परिश्रम आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं से स्वार्थ से ऊपर उठकर राष्ट्र सेवा, चरित्र निर्माण और नैतिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया,कार्यक्रम का कुशल संचालन सांस्कृतिक परिषद एवं सद्भावना कल्चरल क्लब की संयोजिका डॉ. नयना शर्मा द्वारा किया गया।

**संबंध विच्छेद/सूचना**

मेरी पुत्री इरम पुत्री जाबिर गलत संगत में पड़ गई है, परिवार वालों ने इरम को ऐसा करने से मना किया तो वह गाली-गलौज व मारपीट करती है। इसलिए मैं अपनी पुत्री इरम को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए उससे समस्त संबंध विच्छेद कर रही हूं। भविष्य में उसके किसी भी कृत्य का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। वह स्वयं जिम्मेदार होगी।

**आसमा पत्नी जाबिर**
निवासी-मौहल्ला हाजीपुरा नाला पटरी
शामली थाना कोतवाली व
जिला शामली

### डीएम ने लगाया जनता दरबार



**शामली।** जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान द्वारा प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जनता दर्शन में आए जनसामान्य की शिकायतों को सुनकर उनके ससमय निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को ससमय गुणवत्तापूर्णढंग से निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित को निर्देशित किया की जन शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार के लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी सत्एन्द्र सिंह, एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# स्मैक पीने से मना करने पर दो भाइयों के साथ मारपीट, हालत गंभीर

**मोहल्ले के लोगों ने पुलिस के सामने किया स्मैक तस्करों के खिलाफ हंगामा प्रदर्शन**
**जन्नत कॉलोनी में कई स्थानों पर खुलेआम होता है स्मैक का कारोबार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे की जन्नत कॉलोनी में स्मैक पीने से मना करने को लेकर नशेड़ियों ने दो सगे भाइयों को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोर शराबा होने पर मोहल्ले के लोग जमा हो गए। मोहल्ले के लोगों को आता देख स्मैक पीने वाले लोग मौके से फरार हो गए। मोहल्ले के लोगों ने स्मैक तस्कर और स्मैक पीने वालों के खिलाफ जमकर हंगामा प्रदर्शन करते हुए कार्रवाई की मांग की है। दोनों पीड़ित भाइयों ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

कस्बे के जन्नत कॉलोनी में कई स्थानों पर बड़े पैमाने पर स्मैक बेची जाती है। शिकायत के बाद भी पुलिस स्मैक तस्करों पर शिकंजा कसने में नाकाम साबित हो रही है। सोमवार को आधा दर्जन से भी अधिक नशेड़ी जन्नत कॉलोनी में खुलेआम स्मैक का नशा कर रहे थे। मोहल्ले के ही दो सगे भाइयों इजहार और अनस ने नशेड़ियों को मोहल्ले में नशा करने से रोका तो नशेड़ी आग बबूला हो गए। नशेड़ियों के झुंड ने दोनों भाइयों पर हमला कर दिया। मारपीट में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर शराबा होने पर बस्ती के सैकड़ो लोगों के पर जमा हो गए। बस्ती के लोगों को आता देख नशेड़ी मौके से फरार हो गए। मोहल्ले के लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिजनों से जानकारी ली। मोहल्ले के लोगों ने पुलिस के सामने ही जमकर हंगामा प्रदर्शन किया। मोहल्ले के लोगों का आरोप है कि पुलिस अगर स्मैक तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करे तो कस्बे से नशे को खत्म किया जा सकता है, लेकिन कुछ पुलिस कर्मी स्मैक तस्करों से मिले हुए हैं, जो समय-समय पर स्मैक तस्करों को सूचनाओं का आदान-प्रदान करते हैं, जिसके चलते स्मैक तस्कर मौका पाकर फरार हो जाते हैं। मोहल्ले के लोगों ने स्मैक तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि शीघ्र ही अभियान चलाकर स्मैक तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### किसके संरक्षण में फलफूल रहा मौत का कारोबार

जन्नत कॉलोनी में खुलेआम स्मैक तस्करी का धंधा जोरों पर है मोहल्ले के लोगों का आरोप है कि दिनभर नशेड़ी मोहल्ले में जमा रहते हैं, जो महिलाओं के साथ छेड़छाड़ व सुरक्षा के लिए खतरा बने हुए हैं, मोहल्ले के लोगों का कहना है कि आखिर यह मौत का कारोबार किसके संरक्षण में फल फूल रहा है जो की शिकायत के बाद भी बंद नहीं हो रहा है। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि एक महिला उसका पति सहित अन्य परिवार के लोग भी मौत के सामान का कारोबार खुलेआम कर रहे हैं, पुलिस शिकायत के बावजूद भी उन्हें पकड़ने नहीं आती जो मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।





### तस्करी के मकान पर मोहल्ले के लोग लेकर पहुंचे पुलिस

घटना के बाद मोहल्ले के लोगों ने मादक पदार्थ तस्कर और नशेड़ियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की मोहल्ले के दर्जनों लोग पुलिस को लेकर तस्करी के लिए आरोपियो के मकान पर पहुंचे, आरोप है जहां पर तस्करी कर रही महिला पुलिस के सामने ही सीना जोरी करने लगी। हंगामा कर रहे लोगों ने कार्रवाई की मांग की मगर पुलिस खाली हाथ लौट आई।



# दबंगों ने 45 वर्ष पुराने रास्ते को उखाड़ा, हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** रोटन गांव में दबंगों की दबंगई एक बार फिर सामने आई है। बीती रात अंधेरे का फायदा उठाकर दबंग लोगों ने चार जेसीबी मशीनों की मदद से लगभग 45 वर्ष पुराने सार्वजनिक रास्ते को उखाड़ दिया, जिससे सैकड़ों बीघा भूमि वाले किसानों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। सुबह होते ही किसानों में भारी रोष फैल गया और उन्होंने तहसील पहुंचकर प्रशासन से शिकायत दर्ज कराई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रोटन गांव के रकबे में स्थित खसरा नंबर 270 में कुल लगभग 32 बीघा भूमि दर्ज है। इसमें से हरियाणा निवासी आदर्श गर्ग व राजेश गर्ग के नाम लगभग 21 बीघा, हितेश बंसल के नाम 7 बीघा तथा अफसर पुत्र जमशेद निवासी मंसूरा के नाम लगभग 4 बीघा भूमि दर्ज है। आरोप है कि अफसर मंसूरा ने पहले ही अपनी भूमि पर अवैध रूप से बाउंड्री खड़ी कर दी थी, वहीं अब हरियाणा के दबंग लोग भी बाउंड्री बनाकर इस पुराने रास्ते को पूरी तरह बंद करने का प्रयास कर रहे थे। किसान हरेंद्र सिंह पुत्र सुखपाल निवासी जमालपुर ने बताया कि उनकी लगभग 24 बीघा जमीन इसी रास्ते पर स्थित है। उन्होंने वर्ष 2019 में जमीन का बैनामा कराया था और तब से इसी रास्ते से खेतों पर आवागमन करते आ रहे हैं। वहीं सैयद अहमद अली पुत्र फजल अली निवासी जिनजाना ने बताया कि उनकी करीब 100 बीघा जमीन इसी मार्ग से जुड़ी है, जिसे उन्होंने 2022 में खरीदा था। उन्होंने कहा कि इस रास्ते से लगभग 700 बीघा से अधिक कृषि भूमि जुड़ी हुई है। किसानों ने सवाल उठाया कि यदि यह रास्ता सरकारी नहीं है, तो फिर ग्राम पंचायत मंसूरा द्वारा इस मार्ग पर बार-बार मनरेगा के तहत कार्य दिखाकर सरकारी धन क्यों निकाला गया। इससे साफ होता है कि यह रास्ता वर्षों से सार्वजनिक उपयोग में रहा है।

किसानों का यह भी आरोप है कि कुछ समय पहले इन्हीं दबंग लोगों ने भोले-भाले किसानों से सस्ते दामों पर लगभग 400 बीघा जमीन खरी. दकर वहां निजी ट्रैक्टर पार्क स्थापित कर दिया। अब उनकी मंशा बाकी छोटे किसानों का रास्ता बंद कर उन्हें परेशान करने की है, ताकि मजबूरी में किसान अपनी जमीन कौड़ियों के भाव बेच दें। किसानों ने दो टूक कहा कि वे ऐसा किसी भी हाल में नहीं होने देंगे। सूचना मिलने पर एसडीएम नीति भारद्वाज मौके पर पहुंचीं और तुरंत रास्ते को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि रात के समय कुछ दबंगों द्वारा 45 वर्ष पुराने रास्ते को उखाड़ दिया गया था। सुबह किसानों ने तहसील पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद कानूनगो और लेखपाल को मौके पर भेजा गया। स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया गया और रास्ते को दोबारा सही कराया जा रहा है।

एसडीएम ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस मामले में जो भी लोग दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ एंटी भू-माफिया एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। प्रशासन की कार्रवाई से किसानों ने राहत की सांस ली है, लेकिन वे दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग पर अड़े हुए हैं।

# हाईटेंशन लाइन खींचे जाने पर फिर भड़का जनाक्रोश, पुलिस मुस्तैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में एक बार फिर आबादी के बीच से हाई टेंशन लाइन खींचे जाने को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। विद्युत विभाग द्वारा लाइन खीं. चने का कार्य शुरू किए जाने पर ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर जमकर हंगामा और विरोध प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया, जिसके बाद कार्य पुन: शुरू कराया गया। क्षेत्र के कस्बा एलम में विगत दिनों आबादी के बीच से हाई टेंशन लाइन निकाले जाने के विरोध में भारतीय किसान यूनियन सहित ग्रामीणों ने एक सप्ताह से अधिक समय तक धरना-प्रदर्शन किया था। धरने के दौरान कई ग्रामीणों की तबीयत भी बिगड़ गई थी। बाद में विद्युत विभाग के अधिकारियों और भाकियू नेताओं की मौजूदगी में ग्रामीणों के साथ बैठक हुई थी, जिसमें यह तय हुआ था कि हाई टेंशन लाइन को आबादी के बीच से नहीं निकाली जाएगा। इस समझौते के बाद धरना-प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया था।सोमवार को एक बार फिर विद्युत विभाग के कर्मचारी गांव में पहुंचे और आबादी के बीच से हाई टेंशन लाइन खींचने का कार्य शुरू कर दिया। जैसे ही ग्रामीणों को इसकी जानकारी मिली, वे मौके पर पहुंच गए और कार्य का विरोध करते हुए उसे रुकवा दिया। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और हंगामा कर रहे ग्रामीणों को समझाया।

उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर हाई टेंशन लाइन खींची जा रही है और यदि किसी ने सरकारी कार्य में बाधा डालने का प्रयास किया तो पुलिस कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगी। थाना प्रभारी के समझाने के बाद ग्रामीण शांत हो गए और लाइन खींचने का कार्य शुरू कराया गया।मौके पर जयकुमार, हेमंत कुमार, सुरेश पाल, अंकित, निशु, मनोज, कुलदीप, संतोष पाल सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।





## एक नजर

### हसनपुर लुहारी में जलनिकासी व सफाई व्यवस्था की दुरुस्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** मुख्य विकास अधिकारी शामली विनय कुमार तिवारी के हस्तक्षेप के बाद थाना भवन क्षेत्र के ग्राम हसनपुर लुहारी में लंबे समय से चली आ रही जलनिकासी और सफाई व्यवस्था की समस्या पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की है। सीडीओ के निर्देश पर गांव में बंद पड़े नालों की व्यापक सफाई कराई गई, जिससे जलनिकासी व्यवस्था पुन: सुचारु हो सकी।नालों में वर्षो से जमा कचरे को जेसीबी मशीन की मदद से निकालकर हटाया गया। नालों के बंद होने के कारण उत्पन्न जलभराव और दुर्गंध की समस्या से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है।इसके साथ ही गांव के विभिन्न मोहल्लों, सार्वजनिक स्थलों और रास्तों पर फैले कूड़े को हटाने के लिए विशेष सफाई अभियान चलाया गया। सफाई कर्मियों द्वारा कूड़े के ढेर साफ किए गए, वहीं गांव के बाहर बाइपास मार्ग पर लंबे समय से जमा कचरे को भी जेसीबी से हटवाया गया। कूड़ा हटने से क्षेत्र की स्वच्छता में सुधार हुआ है और राहगीरों व वाहन चालकों को भी सुविधा मिली है।ग्रामीणों ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद सफाई नहीं हो पा रही थी, लेकिन सीडीओ के हस्तक्षेप के बाद प्रशासन ने गंभीरता दिखाते हुए समस्या का समाधान कराया। प्रशासन की ओर से संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि गांव की सफाई व्यवस्था पर नियमित निगरानी रखी जाए तथा लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

### जमीन कब्जाने के प्रयास का विरोध करने पर मारपीट



**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी एक व्यक्ति ने पड़ोसी पर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी सुरेशपाल पुत्र धूम सिंह ने बताया कि रविवार देर रात उसके पड़ोसी उसकी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। इसकी जानकारी होने पर जब वह मौके पर पहुंचा और विरोध किया, तो आरोपियों ने उस पर डंडे से सिर पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद परिजनों ने 108 एंबुलेंस की सहायता से उसे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। और घायल का मेडिकल परीक्षण कराए जाने के बाद उसने थाने पहुंचकर तहरीर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच कर की कार्रवाई की जाएगी।

### चौसाना में पुलिस का चेकिंग अभियान, 25 वाहनों के कटे चालान



**चौसाना।** कस्बे में बढ़ती यातायात अव्यवस्था और नियमों के उल्लंघन पर अंकुश लगाने के लिए सोमवार शाम चौसाना पुलिस ने सघन वाहन चे. कंग अभियान चलाया। ऊन तिराहा, सहारनपुर बॉर्डर और मुख्य बाजार में एक साथ चली कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ मौके पर ही चालानी कार्रवाई की गई। सोमवार शाम चौसाना पुलिस टीम ने प्रमुख मार्गों और बाजार क्षेत्र में वाहनों को रोक-रोक. कर जांच की। इस दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों के कागजात, हेलमेट, सीट बेल्ट और अन्य यातायात नियमों की सख्ती से जांच की गई। नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कुल 25 वाहनों के चालान काटे गए। अचानक हुई चेकिंग के कारण कुछ समय के लिए ऊन तिराहा और बाजार क्षेत्र में वाहनों की कतार लग गई, हालांकि पुलिस ने यातायात को सुचारू बनाए रखा। अभियान के दौरान एक बजरी से भरा ट्रक कस्बे के मुख्य बाजार से होकर गुजरता पाया गया। भारी वाहन के बाजार क्षेत्र में प्रवेश करने और अव्यवस्थित ढंग से खड़े होने पर पुलिस ने ट्रक का नो-पार्किंग का चालान किया। चालक को आगे से निर्धारित मार्ग का ही प्रयोग करने की हिदायत दी गई। चौकी प्रभारी संदीप कुमार का कहना है कि बाजार में भारी वाहनों की आवाजाही से जाम और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। लोगों की सुरक्षा को देखते हुए आगे भी इस तरह के चेकिंग अभियान जारी रहेंगे।



# संविदा कर्मचारियों ने समस्याओं का समाधान न होने पर दी कार्य बहिष्कार की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विद्युत संविदा कर्मचारी संघ शामली के पदाधिका. रियों ने सोमवार को अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपते हुए कर्मचारियों की प्रमुख समस्याओं का समाधान न होने पर अनिश्चितकाल. ीन द्धराजस्वक्र कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी है। संघ का कहना है कि लंबे समय से संविदा कर्मचारियों की अनदेखी की जा रही है, जिससे उनमें रोष व्याप्त है।

संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि जनपद में कार्यरत विद्युत संविदा कर्मचारी उत्तर प्रदेश सरकार की बिजली बिल राहत योजना के अंतर्गत पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद न तो विभाग और न ही कंपनी उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है। नई कंपनी के आने के बाद से अधिकांश कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल पा रहा है। ज्ञापन में कर्मचारियों की प्रमुख समस्याओं में समय पर वेतन न मिलना, सुरक्षा उपकरण उपलब्ध न कराना, ईएसआई व ईपीएफ से संबंधित लाभ न मिलना, आईडी कार्ड जारी न किया जाना तथा ईपीएफ की लंबित राशि खातों में जमा न किया जाना शामिल है। संघ ने कहा कि पूर्व में अनिश्चितकालीन धरना समाप्त करने के दौरान विभाग द्वारा समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया था, लेकिन एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। संघ ने चेतावनी दी कि जब तक समस्याओं का समाधान नहीं होता, तब तक जनपद के सभी संविदा कर्मचारी अपने-अपने विद्युत उपक. ेंद्रों पर रहकर केवल विरोध दर्ज कराएंगे और किसी भी प्रकार का राजस्व संबंधी कार्य नहीं करेंगे। यदि इस दौरान किसी कर्मचारी पर दबाव बनाया गया या कार्रवाई की गई तो सभी संविदा कर्मचारी अनिश्चितक. ालीन हड़ताल पर चले जाएंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विभाग की होगी। इस अवसर पर रविन्द्र कुमार, यशवीर सिंह, ललित कुमार, रवि पाल आदि मौजूद रहे।

### जलालाबाद में सड़क सुरक्षा अभियान, नागरिकों को किया गया जागरूक



**जलालाबाद।** जलालाबाद में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान लोगों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा प्रभावी रूप से यातायात संकेतों का सम्मान करने की अपील की गई। एस आई प्रमोद कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जन जागरूकता बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि यातायात के नियमों का पालन नागरिकों को सख्ती से करना चाहिए हेलमेट पहनना सीट बेल्ट लगाना यातायात के नियमों का पालन करना जरूरी है। लोगों को जागरूक करने के लिए ऐसे अभियान लगातार चलाए जाएंगे। इस अवसर पर एसआई प्रमोद कुमार, हेड कांस्टेबल पुष्पेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल संजय कुमार सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे। अभियान के तहत और जलालाबाद में यातायात व्यवस्था को सु.ढ़ करने के लिए यातायात प्रहरी नियुक्त किए गए। यातायात प्रहरी के रूप में शावेज खान, अब्दुल कादिर, मुजम्मिल सलमानी, गौरव शर्मा, शोएब, आरिफ और नावेद अहमद को जिम्मेदारी सौंपी गई। पुलिस प्रशासन ने उम्मीद जताई कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं सड़क सुरक्षा अभियान के प्रयासों से सड़क सुरक्षा में सुधार होगा और आम नागरिकों की सहभागिता से दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा।

### कलेक्ट्रेट पार्क का नाम शहीद पार्क रखने की मांग

**शामली।** जिले के पूर्व सैनिकों ने नवीन कलेक्ट्रेट शामली परिसर में स्थित पार्क का नाम शहीद पार्क रखने की मांग को लेकर जिलाधिक. ारी को प्रार्थना पत्र सौंपा है। पूर्व सैनिकों का कहना है कि यह पार्क जिले के उन वीर सपूतों की स्मृति को समर्पित होना चाहिए जिन्होंने देश की रक्षा में अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। पूर्व सैनिकों ने मांग की है कि पार्क का नाम शहीद पार्क घोषित किया जाए तथा पार्क में एक उपयुक्त स्थान पर शहीद स्मारक का निर्माण भी कराया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां जिले के शहीदों के बलिदान को याद कर सकें और उनसे प्रेरणा ले सकें। पूर्व सैनिकों ने कहा कि शहीदों के सम्मान में इस प्रकार का स्मारक न केवल उनकी वीरता का प्रतीक होगा, बल्कि समाज में देशभक्ति की भावना को भी मजबूत करेगा। उन्होंने जिलाधिकारी से इस संबंध में शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की है। पूर्व सैनिकों ने जिला प्रशासन से राष्ट्रहित से जुड़ी मांग को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। इस अवसर पर धीरेन्द्र सिंह, विनय कुमार, रामपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# एसआईआर लंबित मतदाताओं को नोटिस जारी करने के निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** सोमवार को एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज ने निर्देश दिए कि जिन मतदाताओं ने अब तक एसआईआर फॉर्म में अपनी जानकारी उपलब्ध नहीं कराई है, उन्हें तत्काल नोटिस जारी किए जाएं। विशेष रूप से वर्ष 2003 की मतदाता सूची में दर्ज ऐसे मतदाता, जिन्होंने एसआईआर फॉर्म नहीं भरा है, नोटिस की कार्रवाई में शामिल किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि नोटिस जारी होने के सात दिन बाद संबंधित मतदाताओं को तहसील कार्यालय बुलाकर दस्तावेजों के आधार पर सत्यापन होगा। मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी एवं अद्यतन रखना प्रशासन की प्राथमिकता है और इस कार्य में किसी भी प्रकार की लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। तहस. ीलदार अर्जुन चौहान ने बीएलओ को अपने-अपने क्षेत्रों में समयबद्ध एवं जिम्मेदारी से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्एक मतदाता से संपर्क कर प्रक्रिया पूर्ण कराने तथा नियमित रूप से रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को उपलब्ध कराने को कहा। बैठक में मतदाता सत्यापन, फॉर्म भरवाने, नोटिस वितरण एवं अभिलेख संधारण सहित अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शासन के निर्देशों के अनुरूप निर्वाचन कार्य को निष्पक्ष एवं सुचारू रूप से संपन्न कराना सभी की जिम्मेदारी है। अधिकारियों ने बताया कि 6 जनवरी को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशित किया गया था। अब 6 जनवरी से फरवरी तक नए मतदाता बनने के लिए फॉर्म-6 भरकर बीएलओ को सौंप सकेंगे। फॉर्म न भरने वाले मतदाताओं को 27 फरवरी के बाद नोटिस जारी किए जाएंगे और उन्हें अपना स्पष्टीकरण देने के लिए तहसील मुख्यालय पर उपस्थित होना होगा।

# प्रियंका गांधी का जन्मदिवस मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कांग्रेस जनों द्वारा आज वायनाड से सांसद और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया । मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने अपनी नेता के जन्मदिन पर संसद में दिए गए भाषण और सरकार से जमकर सवाल उठाने की उनकी शैली , सदैव चेहरे पर मुस्कुराहट और शालीन अंदाज के लिए प्रशंसा की और भविष्य में राजनीति में शीर्ष स्तर पर पहुंचने की कामना की तथा सभी कांग्रेसजनों ने माननीया सांसद मती प्रियंका गांधी के जन्मदिन पर उन्हें असीम शुभकामनाऐ प्रेषित की और साथ ही दीर्घायु होने की कामना की।



इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश समिति के सदस्य ओम प्रकाश शर्मा के कैम्प कार्यालय पर आयोजित सभा में उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी ने संसद में विपक्ष की ओर से वक्ताओं की जो कमी अक्सर दिखाई देती थी , उसे देखते ही देखते पूरा कर दिया है । मती प्रियंका गांधी अक्सर जनता से और देश की विभिन्न समस्याओं और विषयों पर जिस तरह से अपनी बात रखती है , उसकी बराबरी बहुत कम नेता कर पाते है। वैभव गर्ग, प्रवीण तरार,ओमवीर उपाध्याय,जनेश्वर प्रसादशर्मा,विनोद अत्री,आदेश कश्यप,ज्योति प्रसाद शर्मा,रविन्द्र आर्य, राम शर्मा ,सोहिल धीमान, पंडित रिषी पाल,सागर खण्डेलवाल,रोहित मलिक, मौ. इसराईल और अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# किसानों ने समस्याओं के निस्तारण के लिए दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** किसानों ने साफ-सफाई एवं ग्रामीण क्षेत्रो की टंकियों से पेयजलापूर्ति कराये जाने सहित विभिन्न समस्याओं के निस्तारण के लिए भाकियू (टिकैत) के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन दिया।

स्टेट हाइवे स्थित खंड विकास कार्यालय में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की घरौली गांव में आयोजित बैठक में कार्यो में प्रादर्शिता के साथ शीघ्र कार्य कराए जाने की मांग की गई। साथ ही गांव अंबेहटा शेखां में सफाई कर्मचारियों द्वारा साफ-सफाई न किए जाने पर आक्रोश व्यक्त किया गया। गांव गोपाली में नालो की सफाई और कोल्हूओं में रबड़ कटिंग, चप्पल व जूता जलाए जाने को रोकने एवं खेलकूद मैदानों की बाउंड्री कराए जानें की मांग की गई। ज्ञापन में सभी



ग्राम पंचायतों में बनाई गई पानी की टंकियों से पेयजलापूर्ति कराए जाने एवं गन्ना मिल से 15 किमी दूर गन्ना कोल्हूओं के लगाए जाने के कानून बनाए जाने पर उसका विरोध स्वरुप आंदोलन करने की चेतावनी दी गई। ज्ञापन में आरोप लगाया कि ग्राम सचिवों द्वारा परिवार रजिस्ट्रों में मृत्यू प्रमाण पत्र सहित अन्य प्रमाण पत्र बिना सुविधा शुल्क नहीं दिए जा रहे हैं। इस दौरान ब्लॉक अधयक्ष चौ. ललित कुमार, जिला सचिव ईश्वर आर्य, सत्तार, फरमान अली, दानिश और आफाक कुरैशी आदि किसान शामिल रहे।

## हादसे में बाइक सवार घायल

**देवबन्द।** गलत दिशा से जा रहा बाइक सवार हादसे का शिकार हो गया। इसमें पति-पत्नी घायल हो गए। बाइक सवार को बचाने के चक्कर में दो ट्रक आपस में भिड़ गए, हालांकि इसमें कोई चोटिल नहीं हुआ। नागल थाना क्षेत्र के पिरड गांव निवासी धर्मेंद्र पत्नी ललिता के साथ बाइक पर सवार होकर देवबंद से आ रहा था। दिल्ली-देहरादून हाईवे स्थित पेट्रोल पंप से तेल डलवाकर जा रहा था। सामने से आ रही बाइक को बचाने के दौरान उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। इसमें पति पत्नी घायल हो गए। इसी बीच सामने से आ रहे दो ट्रक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में आपस में भिड़ गए, इसमें कोई चोटिल नहीं हुआ ओर न ही ट्रकों को अधिक नुकसान पहुंचा। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को चिकित्सक के यहां भर्ती कराया।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल का नाम किया रोशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में मेपल्स एकेडमी के एडवायजर जितेंद्र सिंह एवं उनके पार्टनर रविंद्र सिंह ने खेलों में बेहत. रीन प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया।

मेपल्स एकेडमी की प्रधानाचार्य डॉ. चित्रा जोशी ने बताया कि बरेली में आयोजित द्वितीय मास्टर्स रैंकिंग राज्य स्तरीय बैडमिंन प्रतियोगिता में 35 से 70 आयु वर्ग के करीब 350 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। उनके स्कूल के एडवायजर जितेंद्र सिंह और उनके पार्टनर रविंद्र प्रतियोगिता में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। जो स्कूल के लिए गर्व की बात है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे इस जीत से प्रेरणा लेकर प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी बनने का प्रयास करें।




# श्रद्धालु पदावलियों पर जमकर झूमे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** प्राचीन सिद्धपीठ श्री राधा वल्लभ मंदिर में चल रहे खिचड़ी उत्सव में सोमवार को ठाकुर जी व राधा रानी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। प्रस्तुत पदावलियों पर श्रद्धालु जमकर झूमे।

कार्यक्रम में मंदिर के सेवाधिकारी नवनीत लाल गोस्वामी ने कहा कि ठाकुरजी के विलक्षण दर्शन से भटके मन को न केवल शांति मिलती है बल्कि भगवान की भक्ति में भी उनका मन लगता है। इसलिए हमें ठाकुर जी की भक्ति में लीन रहना चाहिए। इस दौरान गायकों ने सुंदर पदावलियां प्रस्तुत की। थार संजोय धरे कर आवत सीत मै रूचिकारी, रूप रसावत माते दोऊ श्री राधा वल्लभ जेवत खिचरी और अचबन बीरी दै मंगल आरती सजि बाढ्यौ



सखिन सखिन मन मोद आदि पदाव. लियां सुना श्रद्धालु को आनंदित किया।

नीरज गोस्वामी ने बताया कि ठाकुर जी रोजाना नई पोशाक में भक्तों को दर्शन दे रहे हैं। बताया कि खिचड़ी उत्सव का समापन 20 जनवरी को धूमधाम से होगा। इस मौके पर प्रियांशु गोस्वामी, नीरज गोस्वामी, नितेश महाराज, राजकुमार जाटव, संतोष वर्मा, अरुण वर्मा व नवीन वर्मा आदि शामिल रहे।

# असहाय लोगों को मानव कल्याण मंच ने बांटे कंबल

**देवबन्द।** कड़ाके की ठंड से बचाव हेतु समाजसेवी संस्था मानव कल्याण मंच के तत्वावधान में नर सेवा नारायण सेवा के तहत श्री कृष्ण गौशाला में कर्मचारियों व सेवादारों व श्री त्रिपुर माँ बाला सुंदरी देवी मंदिर परिसर में असहाय लोगों को कंबल वितरित किये गए।

मानव कल्याण मंच नर सेवा नारायण सेवा के तहत मंच के पदाधिकारियों ने श्री कृष्ण गौशाला और श्री त्रिपुर माँ बाला सुंदरी देवी मंदिर पहुंच जरूरतमंद लोगों को गर्म कंबल वितरित किए। इस दौरान मंच संस्थापक अरुण अग्रवाल एवं अधिवक्ता लोकेश वत्स ने कहा कि असहाय व जरूरतमंदों लोगों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य है। मंच अपनी स्थापना से लेकर आज तक निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा कर रहा है।



अध्यक्ष सुशील कर्णवाल व महासचिव राजू सैनी ने कहा कि निर्धनों की मदद करना ही वास्तव में सच्ची सामाजिक सेवा है। इस मौके पर



राजीव शर्मा, जितेंद्र कश्यप, संजीव सिंघल, गिरीश गोयल, अमित गर्ग, यश बंसल, श्याम चौहान, नरेंद्र बंसल आदि मंच कार्यकर्ता शामिल रहे।

# राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई स्वामी विवेकानंद जयंती

**युवाओं से की विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके बताए रास्ते पर चलने का आह्वान**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान वक्ताओं ने युवाओं से विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके बताए रास्ते पर चलने की अपील की।

गांव गुनारसा में भाजपा युवा मोर्चा द्वारा मनाई गई समाज सुधारक स्वामी विवेकानंद जयंती देहात मंडल उपाध्यक्ष अनुराज चौधरी के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होने कहा कि युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में हुआ था। उनके आध्यात्मिक गुरु रामकृष्ण परमहंस थे। स्वामी विवेकानंद ने रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन की स्थापना की, जो शिक्षा और समाज सेवा के लिए कार्य करते हैं। स्वामी विवेकानंद ने वेदों, उपनिषदों और वेदांत दर्शन को दुनियाभर में फैलाने का काम किया। इसलिए युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। मोहित गुर्जर, अंकित व नितिन ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर राहुल, आजाद चौधरी, सुमित, पारस, विभोर, सुनील प्रधान आदि भाजपाई शामिल रहे।

# रोहित हत्याकांडः परिजनों ने पुलिस की कार्रवाई पर उठाए सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना क्षेत्र के गांव अक्खेपुर में पिछले सप्ताह हुई युवक रोहित उर्फ रोनू की हत्या का मामला अब और गंभीर होता जा रहा है। सोमवार को मृतक के परि. जनों ने पुलिस की अब तक की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए इसे अधूरा और एकपक्षीय बताया तथा पूरे प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी और गहन जांच की मांग की। परि. जनों का कहना है कि रोहित की हत्या कोई सामान्य घटना नहीं थी, बल्कि इसके पीछे लूट जैसी गंभीर वारदात भी जुड़ी हुई है।

उनका आरोप है कि हत्या के बाद शव को जलाया जाना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि वारदात को सोची-समझी साजिश के तहत अंजाम दिया गया, ताकि पहचान मिटाई जा सके और साक्ष्य नष्ट हो जाएं।

इसके बावजूद पुलिस ने अब तक केवल एक आरोपी को ही जेल भेजा है, जबकि परिजनों के अनुसार घटना में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की गंभीरता से जांच नहीं की गई। मृतक के परि. जनों ने बताया कि रोहित अपनी मौसी के यहां आया हुआ था और जिस स्थान पर घटना हुई, वहां कई लोग मौजूद रहते हैं। ऐसे में वारदात के समय और उसके बाद की गति. विधियों की गहन जांच की जानी चाहिए। परिजनों का यह भी कहना है कि घटना के बाद कई अहम सुराग और साक्ष्य सामने आए थे, लेकिन उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया, जिससे सच्चाई सामने आने में बाधा उत्पन्न हो रही है। परिजनों ने मांग की है कि पूरे मामले की जांच किसी उच्चाधिकारी की निगरानी में कराई जाए, ताकि निष्पक्षता बनी रहे और सभी दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सके। उनका कहना है कि जब तक पूरे घटनाक्रम का खुलासा नहीं होता और पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिलता, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। परिजनों ने प्रशासन से अपील की है कि इस संवेदनशील मामले को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके और लोगों का कानून व्यवस्था पर विश्वास बना रहे।

## बहसूमा में दो नलकूपों को चोरों ने बनाया निशाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** इस हाड़ कपा देने वाली ठंड में चोरों के हौसले बुलंद हैं। चोरों ने रविवार रात को झुनझुनी निवासी किसान विपिन भाटी व मूलचंद के हाईवे स्थित पेट्रोल के सामने नलकूपों को निशाना बनाया। बेखौफ चोर कुंबल कर स्टार्टर, मोटर, डोरी, चोरी कर ले गए। पीड़ित किसानों ने थाने में तहरीर दे बरामदगी की मांग की है। किसान विपिन भाटी व मूलचंद ने बताया कि उनके खेत एनएच 34 स्थित पेट्रोल पंप के सामने स्थित हैं। रविवार रात को उनके नलकूप के कमरे में कुम्बल करके स्टार्टर, मोटर के तार, डोरी को चोरी कर ले गए। किसान मूलचंद के नलकूप से भी चोर मोटर के तार व स्टार्टर चोरी कर लें गए। किसानों का आरोप है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर नलकूपों को कुंबल कर चोरी कर ले गए। पुलिस को भनक तक नहीं लगी। यह पुलिस की निष्क्रियता प्रदर्शित करती है। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। पीड़ित किसानों ने थाने में तहरीर दी है। हालांकि खबर लिखे जाने तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई थी।



# होटल संचालक के पेट में मारी तीन गोली

## अस्पताल में भर्ती, हालत नाजुक, जानी क्षेत्र में लगातार हो रही घटनाओं से लोगों में रोष

**आरोपी फरार, पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ किया मुकदमा दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** सुभारती बाईपास स्थित सनराइज होटल संजय उर्फ मीठा पुत्र उदय निवासी घाट किराए पर होटल चला रहे हैं। देर रात अज्ञात बदमाशों ने होटल के बाहर फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें तीन गोलियां पूर्व प्रधान संजय के पेट में लगी गोलियां चलते ही अफरा तफरी मच गई।

सूचना पाकर पहुंची थाना पुलिस ने संजय को सुभारती अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं पुलिस ने बाईपास स्थित चेकिंग अभियान चलाया जिसमें बदमाशों का कोई पता न चला। वहीं सोमवार को पुलिस ने तीन व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। थाना पुलिस का कहना है कि आरोपी जल्द ही पकड़े



जाएंगे। वहीं सुभारती क्षेत्र में आए दिन गोली बाजी जैसी घटना हो रही है अभी पांच दिन पूर्व ही होटल संच. लक से रंगदारी भी मांगी थी और होटल के बाहर फायरिंग भी की थी जिसमें पुलिस ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया था सुभारती क्षेत्र आज कल सुर्खियों में है आए दिन क्षेत्र में घटनाएं बढ़ती जा रही हैं।

## पांचली गांव से 400 मीटर विद्युत तार चोरी, पुलिस को चोरों ने दी चुनौती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** सुभारती चौकी क्षेत्र में गोली बाजी और चोरी के मामले आए दिन बढ़ रहे हैं। चोरों ने देर रात तार काट कर पुलिस को एक नई चुनौती दे डाली। पांचली गांव स्थित बिजली विभाग को अज्ञात चोरों ने लाखों का चूना लगाया जिसमें बिजली के तार काटकर ले गए और चोरी की घटना को अंजाम दिया चोर बेखौफ होकर रात भर इस घटना को अंजाम देते रहे और पुलिस सोती रही। क्षेत्र के लोगों का सुभारती पुलिस के खिलाफ आक्रोश पनपता जा रहा है करण सिंह निवासी पांचली के खेत में से चोरों ने करीब 400 मीटर बिजली का तार चोरी कर लिया। यह क्षेत्र में दूसरी बार बड़ी चोरी हुई है इससे पहले भी ट्रांसफार्मर और तार चोरी कर ले गए थे। ग्रामीणों में गहरा रोष है।



# हस्तिनापुर क्षेत्र के तारापुर में सपाईयों ने गरीबों को बांटे कंबल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** हस्तिनापुर विधानसभा क्षेत्र के गांव तारापुर में पूर्व जिपं सदस्य एवं पूर्व प्रधान पप्पू के आवास पर कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष कर्मवीर गुमी ने तथा संचालन सपा नेता सुदेशपाल ने किया।

जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री पूर्व विधायक प्रभुदयाल वाल्मीकि रहे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री पूर्व विधायक प्रभुदयाल वाल्मीकि ने अपने संबोधन में कहा कि क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की ठंड में गरीब, निर्धन, अहसाय लोगों की मदद करनी चाहिए। पूर्व जिला पंचायत सदस्य पप्पू प्रधान ने जो गरीबों को कंबल देने का कार्य किया है, वह सराहनीय है। यह धर्म का कार्य है। और गरीब महिलाएं पुरुष सभी को अन्य अतिथियों के साथ इस कार्यक्रम में कंबल वितरण किये गये। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग विजयपाल कश्यप, कुंवर देवेंद्र कुमार गुर्जर, चौधरी नरेशपाल सिंह, हिमांशु सिद्धार्थ, कमल गिरी, रविंद्र प्रेमी, बाबूराम कश्यप, मलक सिंह गुर्जर, पूर्व प्रधान अरशद, प्रधान सतीश, प्रधान सरदार भजन सिंह, प्रधान सरदार कालू प्रधान आदि लोग मौजूद रहे।

# रूबी को सुरक्षित परिजनों को सौंपा, मीडिया की एंट्री तीसरे दिन भी बैन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** महिला की हत्या और उसकी बेटी के अपहरण की सनसनीखेज वारदात के बाद कपसाड़ गांव में पांचवें दिन सोमवार को भी पुलिस का सख्त पहरा जारी रहा। गांव के चारों ओर पुलिस बल तैनात था और किसी भी बाहरी व्यक्ति को गांव में प्रवेश नहीं करने दिया गया। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए गांव के मुख्य मार्गों, खेतों से गुजरने वाले रास्तों और पगडंडियों पर भी पुलिस की नजर लगातार बनी रही। दिनभर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी गांव में सक्रिय नजर आए। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और तैनात जवानों को किसी भी स्थिति में सतर्क रहने के निर्देश दिए। प्रशासन ने साफ किया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी अप्रिय घटना को तुरंत रोका जाएगा।

घटना के तीसरे दिन भी मीडिया कर्मियों को गांव में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। समाचार चैनलों और स्थानीय पत्रकारों को सुरक्षा कारणों से रोका गया। पुलिस अधिकारियों का कहना था कि मीडिया की मौजूदगी से माहौल और तनावपूर्ण हो सकता है। प्रशासन ने यह कदम पूरी तरह सुरक्षा और संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए उठाया। सोमवार को पुलिस ने अपहृत रूबी के परिजनों से भी मुलाक. ात कराई। अधिकारियों की मौजूदगी में हुई इस मुलाकात में परिजनों ने अपनी चिंता व्यक्त की और बेटी की जल्द बरामदगी की मांग दोहराई। पुलिस ने उन्हें आश्वासन दिया कि मामले की जांच हर पहलू से गंभीरता से की जा रही है।

## देर रात रूबी सुरक्षित परिजनों के पास पहुंची

रात के समय पुलिस ने रूबी को आशा ज्योति केंद्र से परिजनों के हवाले किया। पुलिस ने उसे गांव तक लाने के दौरान कड़ी सुरक्षा का इंतजाम किया। पुलिस अधिकारी और जवानों की मौजूदगी में रूबी को उसके परिजनों को सौंपा गया। परिजन और ग्रामीणों ने इसे राहत की खबर बताया। पुलिस ने पूरे रास्ते को सुरक्षित बनाने के लिए अतिरिक्त जवान तैनात किए और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पूरी सतर्कता बरती गई। घटना के पांचवें दिन भी गांव में तनावपूर्ण शांति बनी रही। अधिकांश लोग अपने घरों तक सीमित नजर आए, जबकि गांव के बाहर रिश्तेदार और परिचित घंटों इंतजार करते रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जब तक हालात पूरी तरह सामान्य नहीं हो जाते, सुरक्षा व्यवस्था में कोई ढील नहीं दी जाएगी। गांव में यह घटना अब भी लोगों के लिए चिंता और शोक का विषय बनी हुई है। पुलिस प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए है और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए हर संभव कदम उठा रहा है।

# जोनल अधिकारी के आदेश के बाद एमडीए में पत्रकारों का प्रवेश निषेध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** दिल्ली राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद एससीईआरटी में 2022 की प्रधानाचार्य नियुक्तियां अब शैक्षिक प्रशासन के सबसे बड़े घोटालों में से एक बन चुकी हैं। आरोप हैं कि तत्कालीन सरकार के कार्यकाल में इन नियुक्तियों में फर्जी दस्तावेज, कूटरचित अनुभव प्रमाण पत्र और चयन प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं शामिल थी। पीड़ित और योग्य अभ्यर्थियों ने बार-बार संबंधित विभागों, शासन और संवैधानिक संस्थाओं को साक्ष्य और प्रमाणों के साथ शिकायतें दर्ज कराईं। गंभीरता को देखते हुए तत्कालीन निदेशक ने तथ्य अन्वेषण समिति का गठन किया और जांच पूर्ण होने की जानकारी सार्वजनिक की। फिर भी आज तक रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं हुई और न ही किसी अधिकारी या लाभार्थी के खिलाफ ठोस कार्रवाई हुई, जिससे यह संदेह और प्रबल हो गया है कि जांच के निष्कर्ष जानबूझकर दबाए जा रहे हैं। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि विवादित प्रधानाचार्यों का प्रोबेशन पीरियड 4 मार्च को समाप्त हो रहा है, जबकि संबंधित अधिकारी जानबूझकर कार्रवाई में देरी कर रहे हैं, ताकि नियुक्तियां वैध हो जाएं। शिकायत कर्ता जाग्रति विहार निवासी अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित डॉ.मुनेन्द्र कुमार का कहना है कि यह कोई साधारण चूक नहीं, बल्कि एक संगठित और सुनियोजित घोटाला है।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

### नवी मुंबई चुनाव के कारण बिना दर्शकों के होगा WPL मैच

**नवी मुम्बई, वार्ता।** नवी मुंबई में नगर निगम के चुनाव के कारण गुरुवार को होने वाला डब्ल्यूपीएल 2026 का कम से कम एक मैच बिना दर्शकों के खेला जायेगा। मुंबई पुलिस ने बीसीसीआई को सूचित किया है कि चुनाव और डब्ल्यूपीएल के मैच एक ही दिन होने के कारण, वे उस दिन मैच के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध नहीं करा पाएंगे। अभी यह पुष्टि नहीं हुई है कि चुनाव से एक दिन पहले और एक दिन बाद भी (14 और 16 जनवरी) बिना दर्शकों के मैच होगा। आधिकारिक डब्ल्यूपीएल ऑनलाइन टिकट प्लेटफॉर्म पर 14, 15 और 16 जनवरी के मैचों की टिकट की बिक्री नहीं हो रही है। अगर स्थिति ऐसी ही रहती है, तो प्रभावित होने वाले मैच ये होंगे।

### शिखर धवन ने अपनी गर्लफ्रेंड सोफी शाइन से की सगाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर अपनी गर्लफ्रेंड सोफी शाइन से सगाई करने की घोषणा की। धवन के फॉलोअर्स ने इस खबर का गर्मजोशी से स्वागत किया है, कई लोगों ने खुशी जताई और कहा कि इस साल कपल की शादी को लेकर पहले से ही अटकलें लगाई जा रही थीं। शिखर धवन ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा कि एक जैसी मुस्कान से लेकर एक जैसे सपने। हमारी सगाई के लिए मिले प्यार, आशीर्वाद और हर शुभकामना के लिए शुक्रगुजार हूं, क्योंकि हमने हमेशा साथ रहने का फैसला किया है। 35 साल की सोफी शाइन आयरिश नागरिक हैं और नॉर्दर्न ट्रस्ट कॉर्पोरेशन में प्रोडक्ट कंसल्टेंट के तौर पर काम करती हैं। वह फिलहाल अबू धाबी में रहती हैं। 40 साल के धवन ने एक दशक से अधिक के शानदार करियर के बाद 2024 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।

# चोटिल वाशिंगटन सुंदर शेष सीरीज से बाहर



● वाशिंगटन सुंदर ने बीसीए स्टेडियम में पहले वनडे के दौरान गेंदबाजी करते हुए अपनी बाईं निचली पसली के हिस्से में तेज दर्द की शिकायत की थी, उनकी जगह बडोनी को टीम में शामिल किया गया

**वडोदरा, वार्ता।** ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ शेष एकदिवसीय सीरीज से बाहर हो गए हैं, बीसीसीआई ने सोमवार को यह जानकारी दी। बीसीसीआई के एक बयान के अनुसार, सुंदर ने रविवार को वडोदरा के बीसीए स्टेडियम में पहले वनडे के दौरान गेंदबाजी करते समय अपनी बाई निचली पसली के हिस्से में तेज दर्द की शिकायत की थी। 26 वर्षीय खिलाड़ी का स्कैन किया जाएगा, जिसके बाद बीसीसीआई मेडिकल टीम विशेषज्ञ की राय लेगी। चोट के कारण सुंदर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक एकदिवसीय सीरीज के शेष दो मैच नहीं खेल पाएंगे। पुरुष चयन समिति ने सुंदर की जगह आयुष बडोनी को टीम में शामिल किया है।

बडोनी को पहली बार एकदिवसीय टीम में शामिल किया गया है और वह सीरीज के दूसरे मैच से पहले राजकोट में टीम से जुड़ेंगे। दूसरे और तीसरे वनडे के लिए भारत की अपडेटेड टीम इस प्रकार है:- शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान), रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, प्रसि( कृष्णा, कुलद.ीप यादव, नीतीश कुमार, अर्शदीप सिंह, यशस्वी, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर) व आयुष बडोनी शामिल हैं।

# यूपी ने आरसीबी को दिया 144 रनों का लक्ष्य

## श्रेयंका पाटिल और नादिन डी क्लार्क को मिले दो-दो विकेट

**नवी मंबई, वार्ता।** महिला प्रीमियर लीग का छठा मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और यूपी वॉरियर्स के बीच नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम पर खेला जा रहा है। इस मैच में आरसीबी की नजरें लगातार दूसरी जीत दर्ज करने पर हैं जबकि यूपी को उनकी पहली जीत की तलाश है। यूपी ने आरसीबी के सामने 144 रनों का लक्ष्य रखा है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी यूपी ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 143 रन बनाए। उनके लिए दीप्ति शर्मा ने 45 और डिएंड्रा डॉटिन ने 40 रनों की नाबाद पारी खेली। आरसीबी के लिए, श्रेयंका पाटिल और नादिन डी क्लार्क ने दो.दो विकेट लिए जबकि लॉरेन बेल ने एक सफलता अपने नाम की। यूपी वॉरियर्स को अपने शुरुआती मैच में निराशा का सामना करना पड़ाए जिसमें सबसे बड़ा झटका ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा का खराब प्रदर्शन रहा। डब्ल्यूपीएल नीलामी में 3ए2 करोड़ रुपये की सबसे महंगी भारतीय खिलाड़ी रहीं दीप्ति गुजरात जाएंट्स के खिलाफ शनिवार को हुए दिन के मुकाबले में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहीं। यूपी वॉरियर्स 207 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 10 रन से हार गईए जिसमें दीप्ति बिना विकेट लिए रहीं और बल्लेबाज़ी में सिर्फ एक रन ही बना सकीं। टीम की नई कप्तान मेग लैनिंग चाहेंगी कि उनकी स्टार ऑलराउंडर जल्द ही लय में लौटे।

इसके अलावा उन्हें शीर्ष क्रम में किरण नवगिरे और हरलीन देओल से ठोस योगदान की उम्मीद होगी। इस मैच में हालांकि ऑस्ट्रेलिया की युवा खिलाड़ी फोबे लिचफील्ड ने 78 रन की शानदार पारी खेल हार के अंतर को काफी कम किया। उनकी बल्लेबाज़ी से टीम को कुछ आत्मविश्वास जरूर मिला होगा। मंधाना और आरसीबी के लिए वह पल बेहद खास था और टीम को नादिन डी क्लार्क (नाबाद 63 रन बनाए और चार विकेट) से यूपी वॉरियर्स के खिलाफ भी ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद होगी।



पिछले मैच में डी क्लार्क के अलावा अन्य बल्लेबाजों ने निराश किया थाए ऐसे में मंधाना चाहेंगी कि वह और शीर्ष क्रम की बल्लेबाज रन बनाने में योगदान दें। ग्रेस हैरिसए स्मृति मंधानाए दयालन हेमलताए ऋचा घोष और राधा यादव जैसे खिलाड़ियों को आगे बढ़कर जिम्मेदारी निभानी होगी। वहीं गेंदबाजी विभाग में अरुंधति रेड्डी, श्रेयंका पाटिल और राधा से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। इन सभी ने मुंबई के खिलाफ सबसे ज्यादा रन लुटाए थे। स्मृति मंधाना की अगुआई वाली साल 2024 की चैंपियन टीम ने शुक्रवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुश्किल स्थिति से उबरते हुए तीन विकेट की जीत दर्ज की। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका की हरफनमौला खिलाड़ी नादिन डी क्लार्क ने आखिरी चार गेंदों पर दो चौके और दो छक्के लगाकर टीम को जीत दिलाई थी। आरसीबी की जीत ने मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर को भी स्तब्ध कर दिया था।

# जीत के बाद अय्यर, राणा, सुंदर ने टीम प्रयास की सराहना की

**वडोदरा, वार्ता।** भारत के खिलाड़ियों श्रेयस अय्यर, हर्षित राणा और वाशिंगटन सुंदर ने टीम के सीरीज में संयुक्त प्रयास से जीत के साथ शुरुआत करने पर खुशी व्यक्त की है।

बीसीसीआई के एक वीडियो में, मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने जीत को एक हौसला बढ़ाने वाली शुरुआत बताया और कहा कि चोट से उबरने के बाद राष्ट्रीय टीम में वापस आकर वह खुश हैं। अय्यर ने कहा कि सीरीज की शानदार शुरुआत। कुछ समय बाद टीम में वापस आकर, इस टीम का हिस्सा बनकर बहुत अच्छा लग रहा है। इससे भी अधिक हर एक के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना बहुत अच्छा लगा। मैं इसे काफी समय से मिस कर रहा था, लेकिन मैं



● सीरीज में शानदार शुरुआत कुछ समय बाद टीम का हिस्सा बनकर बहुत अच्छा लग रहा: श्रेयस

वापस आकर खुश हूं। अय्यर ने विराट कोहली की 93 रन की पारी की भी तारीफ की, जो वनडे में उनका लगातार पांचवां पचास से अधिक का स्कोर था। उन्होंने इसे सीनियर बल्लेबाजी की कॉन्सिस्टेंसी और स्ट्राइक रोटेशन और सोचे-समझे अग्रेसन से पारी को कंट्रोल करने की काबिलियत का एक और उदाहरण बताया। गेंदबाजी में अहम भूमिका निभाने वाले ऑलराउंडर हर्षित ने कहा कि उन्हें न्यूजीलैंड के ओपनर हेनरी और कॉनवे को लगातार ओवरों में आउट करने में खुशी हुई। राणा ने बताया कि निकोल्स को उनकी गेंद, जिसे वाइड फेंकना था, वाइड यॉर्कर बन गई, जिसके बाद उन्होंने अगले ओवर में कॉनवे को आउट किया।

# उत्तर प्रदेश को हराकर सौराष्ट्र सेमीफाइनल में

## कप्तान हार्विक देसाई ने नाबाद 100, प्रेरक मांकड़ ने 67 रनों की शानदार पारी खेली



**बेंगलुरु, वार्ता।** सौराष्ट्र ने सोमवार को विजय हजारे ट्रॉफी के वर्षा प्रभावित दूसरे क्वार्टर फाइनल में उत्तर प्रदेश को वीजेडी पद्धति से 17 रनों से हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। कप्तान हार्विक देसाई (नाबाद 100) प्रेरक मांकड़ (67) और चिराग जानी (नाबाद 40) शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन कर अपनी टीम की जीत की नींव रखी। 311 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सौराष्ट्र की शुरुआत खराब रही और उसने चौथे ही ओवर में विश्वराज जडेजा (नौ) का विकेट गंवा दिया। उन्हें करन चौधरी ने आउट किया। इसके बाद प्रेरक मांकड़ ने हार्विक देसाई के साथ दूसरे विकेट के लिए 133 रन जोड़े। 27वें ओवर में प्रशांत वीर ने प्रेरक मांकड़ को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। प्रेरक मांकड़ ने 66 गेंदों में सात चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 67 रन बनाए। समर गज्जर 14 रन बनाकर तीसरे विकेट के रुप में आउट हुए। बारिश के कारण खेल रोके जाने के समय सौराष्ट्र ने 40-1 ओवर में तीन विकेट पर 238 रन बना लिए थे। हार्विक देसाई 116 गेंदों में 100 रन बनाकर और चिराग जानी 31 गेंदों में 40 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। हार्विक देसाई ने अपनी पारी में आठ चौके और दो छक्के लगाए। चिराग जानी ने भी दो चौके और दो छक्के उड़ाए।

इससे पहले समीर रिजवी (नाबाद 88) और अभिषेक गोस्वामी (88) की शानदार अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत उत्तर प्रदेश ने सौराष्ट्र को जीत के लिए 311 रनों का लक्ष्य दिया। आज यहां सौराष्ट्र ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी उत्तर प्रदेश ने शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 42 के स्कोर तक अपने दो विकेट गंवा दिए। आर्यन जुयाल (शून्य) और ऋतुराज शर्मा (12) को चेतन साकरिया ने अपना शिकार बनाया। प्रियम गर्ग ने 39 गेंदों में 35 रन बनाए। कप्तान रिकू सिंह 13 रन बनाकर आउट हुए। 33वें ओवर में पार्स्वराज राणा ने शतक की ओर बढ़ रहे अभिषेक को आउट किया। अभिषेक गोस्वामी ने 82 गेंदों में 12 चौके लगाते हुए 88 रनों की पारी खेली। इसके अलावा प्रशांत वीर (30), विप्रज निगम (13) व जीशान अंसारी (20) रन बनाकर आउट हुए। यूपी ने निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 310 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। समीर रिजवी ने 77 गेंदों में 10 चौके और दो छक्के उड़ाते हुए नाबाद 88 रनों की पारी खेली। सौराष्ट्र के लिए चेतन साकरिया ने तीन विकेट लिए। अंकुर पंवर और प्रेरक मांकड़ ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया।

# कर्नाटक ने मुंबई को 54 रनों से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया

● देवदत्त पडिक्कल 81 रनों और करुण नायर की नाबाद 74 रनों की पारी के दम पर कर्नाटक ने मुंबई को वीजेडी पद्धति से 54 रनों से हराया

**बेंगलुरु, वार्ता।** देवदत्त पडिक्कल (नाबाद 81) और करुण नायर (नाबाद 74) रनों की शानदार पारियों के दम पर कर्नाटक ने मुंबई को वर्षा प्रभावित पहले क्वार्टर फाइनल में मुम्बई को वीजेडी पद्धति से 54 रनों से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी 2026 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। 255 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कर्नाटक कप्तान मयंक अग्रवाल और देवदत्त पडिक्कल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 44 रन जोड़े। 10वें ओवर में मोहित अवस्थी ने मयंक अग्रवाल (12) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आए करुण नायर ने देवदत्त पडिक्कल के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। 33 ओवर के बाद बारिश होने के कारण आगे खेल नहीं हो पाया। उस समय तक कर्नाटक ने एक विकेट पर 187 रन बना लिए थे। देवदत्त पडिक्कल (नाबाद 81) और करुण नायर (नाबाद 74) क्रीज पर मौजूद थे। देवदत्त पडिक्कल और करुण नायर ने अपनी-अपनी पारियों में 11-11 चौके लगाए। बारिश के कारण कर्नाटक को मुम्बई पर वीजेडी पद्धति से 54 रनों से जीत मिली। आज यहां इससे पहले शम्स मुलानी (86) और कप्तान सिद्धेश लाड (38) की जुझारू पारियों के दम पर मुम्बई ने कर्नाटक को जीत के लिए 255 रनों का



लक्ष्य दिया। आज यहां कर्नाटक ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी मुम्बई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 60 के स्कोर तक नियमित अंतराल पर चार विकेट गंवा दिए। इशान मुलचंदानी (20), मुशीर खान (नौ) को विद्याधर पाटिल ने आउट किया। अंगकृष रघुवंशी (27) और हार्दिक तामोर (एक) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कप्तान सिद्धेश लाड और शम्स मुलानी ने पारी को संभाला और पांचवें विकेट के लिए 76 रन जोड़े। 34वें ओवर में अभिलाष शेट्टी ने सिद्धेश लाड को आउटकर मुम्बई को पांचवां झटका दिया। सिद्धेश लाड ने 58 गेंदों में चार चौके लगाते हुए 38 रन बनाए। इसके बाद सूर्याश शेडगे (16) और तनुष कोटियान (छह) जल्द ही आउट होकर पवेलियन लौट गए। अखिरी ओवर में अभिलाष शेट्टी ने शम्स मुलानी को पगबाधा आउट कर दिया।

# डरबन सुपर जायंट्स ने रोमांचक मुकाबला जीतकर खुद को प्लेऑफ की दौड़ में बनाए रखा

## एसए20 में एक और रोमांचक मुकाबले देखने को मिला

**ग्केबेरहा, वार्ता।** एसए20 में रविवार को एक और रोमांचक मुकाबला देखने को मिला, जहां डरबन सुपर जायंट्स ने सेंट जॉर्ज पार्क में सनराइजर्स ईस्टर्न केप को दो विकेट से हराकर अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखा। तीन गेंद शेष रहते मिली इस जीत के साथ डीएसजी अंक तालिका में एमआई केप टाउन को पीछे छोड़ते हुए पांचवें स्थान पर पहुंच गई। इस नतीजे ने लीग तालिका के शीर्ष पर भी जबरदस्त प्रतिस्पर्धा पैदा कर दी है।

शीर्ष पर मौजूद सनराइजर्स (19 अंक) और चौथे स्थान पर काबिज पार्ल रॉयल्स (15 अंक) के बीच सिर्फ चार अंकों का अंतर है, हालांकि पार्ल रॉयल्स ने एक मैच कम खेला है। मैच के निर्णायक क्षण में ऑलराउंडर इवान जोन्स ने दबाव में संयम दिखाते हुए आखिरी ओवरों में एनरिक नॉर्टजे की गेंद पर चौका जड़ा, जिससे विजिटिंग ड्रेसिंग रूम में जश्न शुरू हो गया। शुरुआत में यह जीत लगभग आसान लग रही थी, जब डीएसजी ने पावरप्ले में 71/1 रन बनाकर सनराइजर्स के 158/5 के लक्ष्य का बड़ा हिस्सा हासिल कर लिया था। कप्तान एडेन मार्करम ने क्रम में ऊपर बल्लेबाजी करते हुए सेंट जॉर्ज पार्क में अपनी वापसी को यादगार बनाया।

पूर्व सनराइजर्स कप्तान ने सिर्फ 13 गेंदों में 25 रन (छह चौके) बनाकर 'ऑरेंज आर्मी' को शांत कर दिया, हालांकि बाद में उन्हें लॉन्ग-ऑफ बाउंड्री पर मार्को यानसन ने शानदार कैच में लपक लिया। उनके सलामी जोड़ीदार मार्केस एकरमैन ने लय बरकरार रखते हुए 26 गेंदों में 45 रन (6 चौके, 1 छक्का) बनाए, जिससे डीएसजी का स्कोर 80/2 हो गया और जीत के लिए सिर्फ 79 रन लगभग रन-ए-बॉल की दर से चाहिए थे। लेकिन जुझारू सनराइजर्स ने शानदार वापसी की। बाएं हाथ के स्पिनर सेनुरन मुथुसामी (2/20) के उम्दा स्पेल और नॉर्टजे व यानसन की तेज गें.दबाजी ने डीएसजी के मजबूत मिडिल ऑर्डर को झकझोर दिया। सुनील नरेन, हेनरिक क्लासेन, जोस बटलर, डेविड बेडिंघम और लियाम लिविंगस्टोन गैर-जरूरी शॉट खेलते हुए आउट हो गए, जिससे 17-2 ओवर में डीएसजी का स्कोर 137/7 हो गया और स्थिति नाजुक हो गई।

इसके बाद निचले क्रम के बल्लेबाज जेराल्ड कोएत्जी ने 6 गेंदों में 13 रन (1 चौका, 1 छक्का) बनाते हुए पेनल्टीमेट ओवर में अहम चौका लगाया और लक्ष्य को फिर से करीब ला दिया। हालांकि वे भी एडम मिल्ने की गेंद पर आउट हो गए, जिससे आखिरी ओवर बेहद तनावपूर्ण बन गया।

# मेरठ 1857 योद्धास यूपीकेएल सीजन-3 में उतरेंगे

**नोएडा, वार्ता।** एड्डाइट स्पोर्ट्स वेंचर्स एलएलपी ने उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग (यूपीकेएल) में एक नई फ्रैंचाइजी के अधिग्रहण की घोषणा की है।

नई टीम का नाम मेरठ 1857 यो(द्धा रखा गया है, जो लीग के तीसरे संस्करण में प्रतिस्पर्धा करती नजर आएगी। इस अवसर पर आयोजित समारोह में एड्डाइट स्पोर्ट्स वेंचर्स एलएलपी के संस्थापक और सीईओ गजेंद्र शर्मा, श्रीमती अनीता शर्मा तथा एड्डाइट स्पोर्ट्स वेंचर्स एलएलपी की सीओओ सुश्री ऐश्वर्या भार्गव सहित यूपीकेएल सीजन 2 फिनाले के दौरान कई प्रमुख गणमान्य अतिथि और हितधारक मौजूदगी में टीम के लोगो का अनावरण हुआ। लोगो में मौजूद ढाल रक्षात्मक मजबूती और एकजुटता का प्रतीक है, जो एक मजबूत कबड्डी टीम की आधारशिला है, जबकि क्रॉस किए गए हथियार आक्रमण, रणनीति और रेड व डिफेंस के बीच संतुलन को दर्शाते हैं। केंद्र में स्थित ज्वाला निरंतर ऊर्जा, जुनून और अंतिम सीटी तक लड़ने की अदम्य इच्छाशक्ति का प्रतीक है। ए सभी तत्व मिलकर उत्तर प्रदेश की समृ( सांस्कृतिक विरासत में रची-बसी, निडर और तेज रफ्तार कबड्डी की भावना को दर्शाते हैं। मेरठ 1857 योद्धा फ्रैंचाइजी की नींव मेरठ के ऐतिहा.सिक 1857 के विद्रोह की प्रेरणा से रखी गई है। मेरठ केवल एक शहर नहीं, बल्कि साहस, नेतृत्व और प्रतिरोध का प्रतीक है। वीरता और संघर्ष की यही विरासत टीम की मूल पहचान है, जिसे आधुनिक, हाई- इंटेंसिटी कबड्डी के माध्यम से मैट पर उतारने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर बोलते हुए, एड्डाइट स्पोर्ट्स वेंचर्स एलएलपी के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी तथा मेरठ 1857 योद्धा के मालिक ने कहा कि मेरठ का भारत के इतिहास में विशेष स्थान है।

# एडिलेड इंटरनेशनल के पहले राउंड में हारीं एलेक्जेंड्रोवा

**कैनबरा, वार्ता।** विश्व की 11 नंबर टेनिस खिलाड़ी रूस की एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा सोमवार को जैकलिन क्रिस्टियन से हार के बाद एडिलेड इंटरनेशनल के पहले राउंड में बाहर हो गईं, जबकि 14वें नंबर की क्लारा टौसन ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले चोट के कारण अपने मैच से रिटायर हो गईं। चौथी सीड एलेक्जेंड्रोवा को रोमानिया की जैकलिन क्रिस्टियन ने एक घंटे 50 मिनट में 6-4, 6-4 से हराया। रोमानिया की क्रिस्टियन ने पूरे मैच के दौरान रूस की एलेक्जेंड्रोवा की सर्विस पांच बार तोड़ी। मैच के बाद कोर्ट पर क्रिस्टियन कहा कि मैं अपने लेवल से बहुत खुश हूं। मुझे खुद पर पूरा भरोसा था, मैं लय में थी, इसलिए मैं यहां आई और खुद पर ध्यान केंद्रित किया। क्रिस्टियन, जो क्वालीफाइंग टूर्नामेंट जीतकर एडिलेड में मुख्य एकल ड्रॉ में पहुंची हैं, दूसरे राउंड में उनका मुकाबला मारिया सक्कारी या डारिया कसात्किना के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। इससे पहले, टौसन ने ऑस्ट्रेलिया की अजला टोमलजानोविक के खिलाफ पहले राउंड के मैच से पहले सेट टाईब्रेक में हारने के तुरंत बाद नाम वापस ले लिया। टौसन, जिन्होंने बाएं पैर पर पट्टी बांधकर मैच खेला था, मैच से रिटायर होने से पहले सेट के बीच ब्रेक में मेडिकल ट्रीटमेंट लिया।

# श्रीलंका ने पाकिस्तान को 14 रनों से हराया



● बारिश के कारण 12-12 ओवर के हुए मैच में श्रीलंका ने पाकिस्तान को हराकर सीरीज 1-1 से बराबर कर ली

**श्रीलंका, वार्ता।** बल्लेबाजों के आक्रामक प्रदर्शन के बाद वानिंदु हसरंगा (चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत श्रीलंका ने वर्षा प्रभावित तीसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 14 रनों से शिकस्त देकर सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। बारिश के कारण रविवार को इस मैच को 12-12 ओवर का कर दिया गया। इस मैच में श्रीलंका ने वानिंदु हसरंगा की 4-35 की शानदार गेंदबाजी की बदौलत 160 रन का अपना स्कोर सफलतापूर्वक बचा लिया। बारिश के कारण मैच दो घंटे से अधिक देरी से शुरू हुआ, जिसके बाद पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। श्रीलंका की पारी की कामिल मिशारा ने शानदार शुरुआत की, तीन चौके और एक छक्का लगाया, लेकिन दूसरे ओवर में वह आउट हो गए। तब तक पथुम निसांका दो गेंदों पर बिना खाता खोले पवेलियन लौट चुके थे। कुसल मेंडिस (30), धनंजय डी सिल्वा (22) और चरित असलंका (21) सभी ने अच्छी शुरुआत की और आउट होने से पहले 20 रन का आंकड़ा पार किया। सबसे अहम साझेदारी, 52 रन की और केवल 15 गेंदों में, दासुन शनाका और जनिथ लियानागे के बीच हुई। कप्तान दासुन शनाका ने नौ गेंदों में 36 रनों की पारी में पांच छक्के लगाए। लियानागे ने आखिरी गेंद पर चौका लगाया, जिससे श्रीलंका ने 160/6 के मजबूत स्कोर पर पारी खत्म की। लक्ष्य का पीछा करते उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी हुई, हालांकि उन्होंने शाहिबजादा फरहान को जल्दी खो दिया। नंबर 3 पर आए कप्तान सलमान आगा ने आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया और पाकिस्तान ने दूसरे और तीसरे दोनों ओवर में 22 रन बनाए। श्रीलंका ने तब मोमेंटम हासिल किया जब मथीशा पथिराना ने चौथे ओवर में सलमान आगा को फाइन-लेग पर स्कूप शॉट खेलने के प्रयास में कैच आउट करवाया। फिर, हसरंगा ने अगले ओवर में दो विकेट लिए। ख्वाजा नफे और मोहम्मद नवाज ने फिर 49 रन की साझेदारी करके पाकिस्तान की उम्मीदों को जिंदा रखा। लेकिन पारी जल्दी ही बिखर गई क्योंकि हसरंगा ने 10वें ओवर में वापस आकर दो और विकेट लिए, जिसमें उन्होंने नफे और शादाब खान दोनों को आउट किया। आखिरी ओवर में 20 रन चाहिए थे और इसकी शुरुआत फहीम अशरफ के रन-आउट होने से हुई, जो एक तेज एक रन लेने की कोशिश कर रहे थे। एहसान मलिंगा के वाइड यॉर्कर फेंकने की कोशिश में चार वाइड फेंकने के बावजूद पाकिस्तान लक्ष्य के करीब नहीं पहुंच पाया और 14 रन से पीछे रह गया।

संक्षिप्त स्कोर: श्रीलंका 160/6 12 ओवर में (दासुन शनाका 34( मोहम्मद वसीम जूनियर 3-54) ने पाकिस्तान 146/8 12 ओवर में (सलमान आगा 45(

# भारतीय अंडर-19 टीम ने इंग्लैंड को दिया 296 रनों का लक्ष्य

**बुलावायो, वार्ता।** अभिज्ञान कुंडु (82), कप्तान आयुष म्हात्रे (49), अमरिंदर (48) और कनिष्क चौहान (नाबाद 45) की जुझारू पारियों के दम पर भारत ने सोमवार को अंडर-19 विश्व कप अभ्यास मुकाबले में इंग्लैंड को जीत के लिए 296 रनों का लक्ष्य दिया। यहां भारतीय अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 295 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में धाकड़ बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी (एक) का विकेट गंवा दिया। इसे बाद वेदांत त्रिवेदी (14), विहान मल्होत्रा (10) व एरॉन जॉर्ज (शून्य) रन बनाकर आउट हुए। आयुष म्हात्रे ने 40 गेंदों में चार चौके और चार छक्के उड़ाते हुए 49 रनों की पारी खेली। एक समय भारत ने 79 के स्कोर पर अपने चार विकेट गंवा दिये थे। ऐसे संकट के समय अभिज्ञान कुंडु और अमरिंदर ने शानदार जुझारू बल्लेबाजी प्रदर्शन करते हुए पांचवें विकेट के लिए 97 रन जोड़े। 33वें ओवर में जेम्स मिंटो ने अमरिंदर को आउट किया। अमरिंदर ने 61 गेंदों में चार चौके लगाते हुए 48 रन बनाये। हरवंश पंगालिया (19) और कुंडु भी मिंटो का शिकार बने। कुंडु ने 99 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 88 रनों की पारी खेली।

# हादसे का शिकार युवकों के परिजनों को सपा ने बांटे 50-50 हजार के चेक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल विधायक आशु मलिक के नेतृत्व में गांव शेखपुरा पहुंचकर कुरुक्षेत्र मे मरने वालों के परिजनों से मिला और उन्हें सपा की ओर से 50-50 हजार की आर्थिक सहायता के चेक प्रदान करते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

आज विधायक आशु मलिक ने प्रतिनिधि मंडल के साथ मृतकों के परिजनों से मुलाकात की और उनके आवास पर आर्थिक सहायता के चेक प्रदान किया। विधायक आशु मलिक ने कहा कि समाजवादी पार्टी बिना भेदभाव के सभी की मदद करती है। उन्होंने कहा कि यह घटना बड़ी दुख भरी है जिन परिवारों के युवकों की जान गई है उनके परिवार पर असामायिक विपत्ति आई है। पूरी समाजवादी पार्टी इन पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है और उनकी हर संभव मदद की जाएगी।

विधायक उमर अली खान ने कहा कि ऐसी घटनाएं किसी परिवार के लिए बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि अचानक ही हुई इस घटना से पारिवारिक ढांचा बिगड़ जाता है इसलिए समाजवादी पार्टी ऐसे पीड़ित परिवारों के लिए मदद को आगे आई है और आगे भी उनकी मदद की जाएगी। जिलाध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने कहा कि समाजवादी पार्टी प्रत्येक वर्ग के दुख दर्द में शामिल होती है और उसी कड़ी में आज ही है आर्थिक सहायता दी जा रही है। सभी ने मृतकों के प्रति अपनी संवेदनाएं वक्त की।

इसके अलावा बलियाखेड़ी के गांव बाबरी में मृतक सुभाष यादव के परिवार को 50000 के चेक दिया गया।

प्रतिनिधिमंडल में पूर्व मंत्री विनोद तेजियान, प्रदेश सचिव माहिर राणा, पूर्व मंत्री लियाकत अली एडवोकेट, जिला महासचिव जितेंद्र कुमार, महानगर अध्यक्ष हाजी नवाब अंसारी, वरिष्ठ नेता फरहाद आलम, मांगेराम कश्यप, फैसल सलमानी, चौधरी अब्दुल गफूर, मुस्तकीम राणा, रतन यादव, सुदेश गुर्जर, काशिफ अली, शाहिद मंसूरी, अनीश, विधायक प्रतिनिधि हैदर मुखिया सहित अन्य प्रमुख नेता उपस्थित रहे।

बता दे कि विगत दिसंबर माह मे हरियाणा के कुरुक्षेत्र में ठेकेदार नूर अहमद के साथ गांव के चार युवक रंग रोगन का कार्य करने गए थे और एक होटल में रह रहे थे सर्दी अधिक होने के कारण उन्होंने होटल कमरे में अंगीठी जलाई थी। जिस कारण कमरे में बनी गैस से सभी की मौत हो गई थी। मरने वालों में नूर, मदन लाल, रोशन लाल और सोनू शामिल रहे। यह सभी शेखपुरा के निवासी थे, जबकिराजकुमार काजीपुरा का रहने वाला था।



विधायक आशु मलिक मृतक के परिजनों को चेक सौंपते हुए



## नारों में नहीं लोगों के सुख दुख में दिखी अखिलेश की विचारधारा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आज ग्राम शेखपुरा कदीम पहुँचकर कुरुक्षेत्र हादसे में अपने पाँच होनहार बेटों को खोने वाले सभी पीड़ित परिवारों को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर से 50-50 हजार रुपये के चेक सौंपे। यह केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि उन परिवारों के दर्द को समझने और उनके साथ खड़े होने का संदेश है।

इन घरों में आज भी सन्नाटा है, माताओं की आँखों में आँसू हैं और परिवारों के सामने रोजी-रोटी व भविष्य की चिंता खड़ी है। ऐसे समय में अखिलेश यादव जी ने बिना किसी दिखावे के इन परिवारों की मदद कर यह साबित किया है कि वे सच मायनों में गरीबों और पीड़ितों के मसीहा हैं।

अखिलेश यादव कन्नौज से सांसद हैं। वही कन्नौज जो कभी सम्राट हर्षवर्धन की राजधानी रहा, जिसे इतिहास दान और करुणा के लिए याद करता है। आज उसी परंपरा को निभाते हुए अखिलेश यादव ने इन बेसहारा परिवारों के आंसू पोंछने का काम किया है।

आज की राजनीति में ऐसा संवेदनशील और मानवीय नेतृत्व बहुत कम देखने को मिलता है। यह कदम बताता है कि समाजवादी विचारधारा सिर्फ नारों में नहीं, बल्कि जमीन पर लोगों के दुख-दर्द में साथ खड़ी दिखाई देती है।

# गांधी विचारधारा को रोकना चाहती है भाजपा सरकार: इमरान मसूद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि भाजपा सरकार नहीं चाहती कि गांधी विचारधारा आगे बढे। इसलिये भाजपा ने न केवल मनरेगा का नाम बदल दिया, बल्कि उसका अंशदान भी बदल दिया। जिसका सीधे सीधे नुकसान मजदूरों को उठाना पडेगा। उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेश के मुद्दे पर जिस प्रकार से केंद्र सरकार ने चुप्पी साधी है यह दुर्भाग्यपूर्ण है। केंद्र सरकार को इस मामले पर कठोर कदम उठाना चाहिए।

सांसद इमरान मसूद आज गुरुद्वारा रोड स्थित पार्टी जिला कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। इस दौरान पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद प्रियंका गांधी का जन्मदिन संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। इमरान मसूद ने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा को मजबूत किए जाने और मनरेगा के माध्यम से गरीब मजदूर के उत्थान का कार्य किया जा रहा था, लेकिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के आदर्श और सिद्धांतों को मजबूत करने की उद्देश्य से कांग्रेस सरकार ने योजना आरंभ की थी, लेकिन भाजपा की केंद्र सरकार कभी नहीं चाहती कि गांधी विचारधारा को आगे बढ़ाया जा सके। इसी के चलते मनरेगा योजना का नाम परिवर्तित कर गरीबों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना में केंद्र सरकार का 90 प्रतिशत और प्रदेश सरकार का 10 प्रतिशत योगदान रहता था, लेकिन भाजपा सरकार ने योजना का नाम बदलने के साथ-साथ योजना का अंशदान भी बदल दिया है, जिसमें आप केंद्र सरकार को 60 फीसदी और प्रदेश सरकार को 40 फीसदी अंशदान देना होगा, जिस कारण प्रदेश सरकार यह अंशदान नहीं दे पाएगी और यह योजना पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं के हो रहे नरसंहार पर कहा भाजपा की केंद्र सरकार इस मुद्दे पर पूरी तरह चुप है जो अपने आप में एक सवालिया निशान बन रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग करते हुए कहा कि इस मुद्दे पर कठोर कार्रवाई की जाए ताकि नरसंहार रख सके। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इस योजना का नाम जी राम जी नहीं वी वी राम है और इस योजना का नाम परिवर्तन किए जानने के विरोध में 100 दिन तक आंदोलन किया जाएगा जिसके तहत गांव-गांव में केंद्र सरकार की गलत नीतियों को उजागर कर जनता को जागरूक करने के साथ-साथ कांग्रेस को मजबूत किया जाएगा। सांसद इमरान मसूद ने कहा कि 100 दिन के अभियान के अंतर्गत संविधान संवाद महापंचायत मनरेगा बचाओ संग्राम एस आई आर पर चर्चा होगी तथा पंचायत चुनाव एमएलसी चुनाव को लेकर भी विचार मंथन होगा इसके अलावा सेवा और बलिदान एवं संगठन सजृन पर कार्यकर्ताओं को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रमाबाई मैदान लखनऊ में महा रैली का आयोजन भी होगा।

वार्ता के दौरान पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल, जिलाध्यक्ष संदीप राणा, महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मेहरबान आलम, पूर्व प्रदेश सचिवगण अशोक सैनी, प्रवीण चौधरी, सत्यम भूरियांन सैनी, एआईसीसी सदस्य चौधरी मुजफ्फर अली, डॉ रागिब अंजुम, सांसद प्रति. निधि संदीप वर्मा, गणेश दत्त शर्मा, नितिन शर्मा, आरिफ खान, सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू, गौरव वर्मा, इमरान कुरेशी, श्वेता सैनी, रामनरेश शर्मा, अमरदीप जैन, मनीष सहगल, हरिओम मिश्रा, प्रभजीत सिंह, कुणाल शांडिल्य, नसीब खान, शर्मिष्ठा सिंह, शहनाज बेगम, शाजिया नाज, चौधरी गालिब, रेखा धीमान, उपमा सिंह मौजूद रहे।

# विधायक मुकेश ने वितरित किये कंबल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** गांव दौलतपुर में नकुड विधायक मुकेश चौधरी ने गरीबों को सर्दियों में बचाव के लिए कंबल वितरित किए।



सोमवार को गांव दौलतपुर स्थित पूर्व प्रधान राव जियाउल हक एवं शहजाद अली के आवास पर गरीबों को सर्दी से बचाव के लिए कंबल वितरण समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। नकुड विधायक मुकेश चौधरी ने गांव के गरीबों को सर्दी से बचाव के लिए 650 गर्म कंबल वितरित करते हुए कहा कि सर्दियों में जरूरतमंद लोगों को वस्त्र वितरित करना पुण्य का काम है। उन्होंने कहा कि सभी सामर्थ्यवान लोगों को गरीब तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता करनी चाहिए।इस दौरान भूमि विकास बैंक के चेयरमैन चौधरी देवी सिंह, मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, विनोद सैनी प्रधान, जिला महामंत्री सोहन मुखिया, सोनू सैनी, डॉ. इमरान अली, दीक्षित सैनी, रकम सिंह सैनी, अजय सैनी मौजूद रहे।

# शगुफ्ता खान के लिए कुरआन ख्वानी कर मांगी दुआए मगफिरत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** पूर्व मंत्री मरहूमा मोहत. रमा शगुफ्ता खान की मगफिरत और उनके लिए ईसाले सवाब के उद्देश्य से कस्बे में एक अकीदतमंदाना कुरआन ख्वानी व दुआ का आयोजन किया गया। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में धार्मिक एवं सामाजिक स्तर पर गहरी संवेदनाएं देखने को मिलीं।



सोमवार को दोपहर ठीक 2:00 बजे मदरसा इस्लामिया हिफ्जुल कुरआन, बंजारान में कुरआन ख्वानी का एहतमाम किया गया। इस अवसर पर मौलाना मुईनुद्दीन अंबेहटवी की जेरे सदारत में मुकम्मल कुरआन ख्वानी की गई। इसके उपरांत मरहूमा मोहतरमा शगुफ्ता खान की रूह की मगफिरत, जन्नतुल फिरदौस में आला मुकाम तथा उनके परिजनों को सब्र-ए-जमील अता फरमाने के लिए मौलाना मुनव्वर हुसैन द्वारा विशेष दुआ की गई। दुआ के दौरान मौलाना इफ्तिखार कासमी व मौलाना नफीस कासमी ने मरहूमा शगुफ्ता खान के सामाजिक और राजनीतिक जीवन को याद करते हुए कहा कि उनका सम्पूर्ण जीवन सेवा, संवेदनशीलता और जनकल्याण को समर्पित रहा। उन्होंने अपने कार्यकाल में बिना किसी भेदभाव के समाज के हर वर्ग के लिए कार्य किया। विशेष रूप से महिलाओं, कमजोर तबकों और अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों एवं कल्याण के लिए उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। वक्ताओं ने कहा कि मरहूमा शगुफ्ता खान का निधन क्षेत्र के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनके जाने से क्षेत्र ने एक कर्मठ, सुलझी हुई और जनप्रिय नेता को खो दिया है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं प्रतीत होती।

कुरआन ख्वानी में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए गणमान्य नागरिक, धर्मगुरु, सामाजिक कार्यकर्ता, राजनीतिक प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी व्यवस्थाएं भली-भांति सुनिश्चित की गई थी। इस दौरान मरहूमा शगुफ्ता खान के पति पूर्व चेयरमैन खालिद खान, युवा नेता साहिल खान, राव अब्दुल्ला, लियाकत निजामी, हाजी हामिद कुरैशी, सभासद आमिर कुरैशी, पूर्व सभासद शमशाद अली खान, सभासद पति हसीब निजामी, अर्सलान खान, डा. अनवर सिद्दीकी, डा. इदरीश अहमद, डा. असलम खान, शमशाद पंसारी, सभासद हैदर अली, पूर्व सभासद हाजी इकबाल निजामी, राशिद कुरैशी, हाजी कलीम अहमद, राव मुंशी सगीर अहमद, सदफ ख्वाजा, समीर मलिक आदि मौजूद रहे।

## थाना चिलकाना पुलिस ने वारंटी पकडा

**चिलकाना।** न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय सहारनपुर द्वारा जारी किये गये वारंट के आधार पर चिलकाना थाना पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफतार कर भेजा जेल।

थाना प्रभारी विनोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि न्यायालय द्वारा जारी किये गये वारंट के आधार पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर आशीष तिवारी आदेशानुसार आबकारी अधिनियम व चुनाव को अनुचित रूप से प्रभावित करने के मामले में वारंटी अभियुक्त अवनीश कुमार पुत्र धीरज सिंह निवासी ग्राम दास्सा माजरा थाना चिलकाना को उसके मकान से गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी को न्यायालय सहारनपुर न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक सुखबीर सिंह व हैड कॉस्टेबल सचिन कुमार शामिल रहे।

# परीक्षा कराएं सकुशल, निर्विघ्न, निष्पक्ष सम्पन्न: मनीष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला मैजिस्ट्रेट मनीष बंसल ने कहा कि जनपद में 17 जनवरी को सहायक अध्यापक, प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी प्रारम्भिक परीक्षा सम्पन्न कराई जाएगी जिसमें कुल 16 केन्द्रों पर 9896 परीक्षार्थी देंगे। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को परीक्षा को सकुशल, निर्विघ्न, निष्पक्ष एवं शुचितापूर्ण ढंग से कराने के निर्देश दिए।



जिला मजिस्ट्रेट श्री बंसल आज कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में परीक्षा की तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक, केन्द्र पर्यवेक्षक निर्धारित प्रक्रियानुसार परीक्षा के सफल संचालन एवं परीक्षा को सकुशल, निर्विघ्न, निष्पक्षता एवं शुि. चतापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए लगन, सजगता, आत्मानुशासन एवं समयबद्धता से सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा को पूर्व परीक्षाओं की भांति पूरी पारदर्शिता के साथ नकलविहीन संपन्न करायी जाये। इसकी संवेदनशीलता, शुचिता एवं पारदर्शिता किसी भी स्तर पर भंग न हो, यदि कोई भंग करने का प्रयास करेगा तो उसके विरूद्ध कडी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि समस्त परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाए। जनपद में अभ्यर्थियों के मूवमेंट के दृष्टिगत किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसलिये अधिकारी समय रहते सभी तैयारियां पूर्ण कर लें। उन्होंने परीक्षा में महिला अभ्यर्थियों के शामिल होने के दृष्टिगत सुरक्षा के लिये विशेष प्रबंध किये जाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि अभ्यर्थियों के साथ मधुर व्यवहार किया जाए एवं उनके बैग इत्यादि रखवाने की उचित व्यवस्था की जाए। उन्होने परिवहन विभाग को निर्देश दिए कि अन्य जनपदों से आने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पडे। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि अपनी टीम के साथ परीक्षा से पूर्व परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करना सुनिश्चित करें ताकि कोई भी कमी ना रहे। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, एसपी यातायात शैलेन्द्र श्रीवास्तव, सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक अरविन्द कुमार पाठक, बीएसए कोमल, हर्षदेव स्वामी, सैक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बाढ़ से कटाव वाले गांवों में कार्यों को शीघ्र पूरा करें अफसर: उमर अली खान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के बेहट विधायक उमर अली खान ने बाढ से कटाव वाले गांवों में जल्द से जल्द कार्य पूरा करने के निर्देश दिये।

कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में डीएम मनीष बंसल व सिंचाई बाढ़ अधिकारियों के साथ बैठक लेते हुए विधायक उमर अली खान ने समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों के साथ जिन गांवों में अत्यधिक कटाव हुआ है उसके लिए परियोजना तैयार की तथा उन कार्यों को जल्द कराने के लिए सिंचाई विभाग कर्मचारियों को आदेशित किया।

उन्होंने कहा कि विभाग कार्य को पूरी ईमानदारी व मानकों के साथ पूरा करते हुए ग्रामीणों को राहत प्रदान करें, ताकि आने वाले दिनों में वह किसी भी आपदा से बच सके।

# उप आबकारी आयुक्त ने की खतौली में चैकिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत उप आबकारी आयुक्त ने तहसील खतौली में आकस्मिक चैकिंग अभियान चलाते हुए देशी, विदेशी मदिरा व बियर दुकानों तथा खांडसारी इकाईयों की जांच की।



उप आबकारी आयुक्त द्वारा आबकारी दुकानों पर संचित स्टॉक, अभिलेख, सीसी टीवी कैमरों का संचालन, रेट लिस्ट, दुकानों के प्रवेश द्वार पर निर्धारित प्रपत्र व आकार में अधिकतम माप के अनुसार साईन बोर्ड, दुकान खुलने व बन्द होने के समय एवं पीओएस मशीन से शत-प्रतिशत मदिरा की बिक्री आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जॉच की। साथ ही जनपद में संचालित कतिपय खाण्डसारी चीनी विनिर्माणकर्ता इकाईयों की जॉच की गयी। जॉच के दौरान इकाईयों में केवल गुड का ही उत्पादन किया जाना पाया गया। इकाईयो में कोई शीरा का उत्पादन होता नही पाये जाने के कारण सैम्पलिंग नही की गयी है। निरीक्षण के दौरान आबकारी टीम द्वारा मौके पर उपस्थित ग्रामवासियों को अपना सीयूजी मोबाईल नम्बर इस आश्य से उपलब्ध कराते हुये अपील की गयी कि यदि भविष्य में कोई भी शीरा अथवा अवैध शराब की बिक्री, निर्माण एवं तस्करी के सम्बन्ध में सूचना हो तो, तत्काल दे।

## लोहडी पर्व मनाया

**सहारनपुर।** रायवाला मार्केट में लोहड़ी पर्व का आयोजन सभी सम्मानित व्यापारियों द्वारा बड़े हर्षोल्लास एवं पारंपरिक उल्लास के साथ किया गया।

कार्यक्रम में व्यापारियों ने एकजुट होकर लोहड़ी जुलाई और आपसी सौहार्द व खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर युवा व्यापारी अंतरिक्ष अरोड़ा के नेतृत्व में रायवाला कपड़ा मार्केट के व्यापारियों ने कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान किया। लोहड़ी पर्व पर व्यापारियों ने एक-दूसरे को बधाइयाँ दीं और सामाजिक एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अंतरिक्ष अरोड़ा, बॉबी चावला, भागीरथ सिंह सेठी, पवन मदन, श्याम अरोड़ा, विजय नारंग, कमल मल्होत्रा, मोहित छाबड़ा, अशोक कालड़ा, हेमंत ठकराल, सचिन, पवन बंसल, तरनजीत सिंह, सनी कालड़ा, विनोद उपस्थित रहे।

# पुण्यतिथि पर पूर्व सांसद जगपाल का भावपूर्ण स्मरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** दलित व शोषित समाज के मसीहा व पूर्व सासंद चौधरी जगपाल सिंह की पुण्यतिथि पर उनके परिजनों व अनुयायियों ने उनकी समाधि पर पुष्प अर्पित कर नमन किया तथा पूर्व सांसद जगपाल सिंह के आदर्शों व सिद्धांतो का अनुसरण कर उनके मिशन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।



संत रविदास छात्रावास में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रामपुर मनिहारान की पूर्व चेयरमैन व उनकी धर्मपत्नी शकुंतला देवी ने कहा कि पूर्व सांसद जगपाल सिंह ने गरीबों, शोषितों व वंचितों को उनके अधिकार दिलाने के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनका परिवार जगपाल सिंह के आदर्शों का अनुसरण करते हुए गरीबों व शोषितों के उत्थान की दिशा में प्रयासरत है।

समाजसेवी रजनीश चौधरी ने कहा कि पूर्व सांसद केवल राजनीतिज्ञ ही नहीं अपितु एक विचारधारा थे जिन्में दलितों, गरीबों व वंचितों के उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष करने का जज्बा था। नगर निगम के पार्षद सौराज व भाजपा नेता सुभाष चंद ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दलितों में आज जो क्रांति व अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता आई है वह केवल पूर्व सांसद जगपाल सिंह के संघर्ष का ही परिणाम है। वह आज भी हमारे दिलों में जिंदा है।

इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता विवेककांत, समाजसेवी राहुलकांत, सिमरन, सिद्धार्थ, सिद्धांत, रौनक, जसवंत सिंह, प्रवेश धीमान एडवोकेट, दयाराम, राजबल सिंह, मिष्ठी, पीहू ,रोहित गौतम, मननी राणा, सौरभ, गौरव वर्मन, हर्ष वर्धन, संजीव अनुपम , आदित्य अभिनव, कृष, सुभाष चंद, राज सिंह प्रधान, गयासु राम, हिमांशु , योगेश, अनिकेत नौटियाल, पवन कुमार, नीतीश नौटियाल, कुलदीप रनखंडी, विशाल, शिवकुमार नौरंगपुर, सागर आदि सैकड़ो गणमान्य लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे ।

# सम्पादकीय

मंगलवार, 13 जनवरी 2026

## चुनाव आयोग को नोटिस

मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति का मामला अब सुप्रीम कोर्ट की दहलीज तक भी पहुंच गया है। इसमें 2023 के कानून को लेकर विपक्ष का विरोध है। संसद से पारित संशोधन में यह प्रावधान जोड़ा गया था कि अगर चुनाव कराते समय या उससे जुड़े किसी फैसले में कोई गलती या विवाद होता है, तो मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों पर निजी तौर पर केस नहीं किया जा सकता और यह सुरक्षा उनके पूरे जीवन तक लागू रहेगी। भले ही वह पद पर न हों। इसी प्रावधान को चुनौती देते हुए कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की, सोमवार को इसकी सुनवाई करते हुए सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। असल में विपक्षी दलों का सीधे यह आरोप रहा है कि चुनाव आयोग निरंकुश होकर कार्य कर रहा है। विशेषकर तब से जब से उसे सरकार ने संसद द्वारा पारित एक कानून में संशोधन के माध्यम से जबरदस्त संरक्षण दिया है। स्वाभाविक रूप से यह बात देखने में भी आ रही है कि जिस तरह मनमानी के आरोप आज चुनाव आयोग पर लग रहे हैं, इस तरह के आरोप कभी देखने में नहीं आए। वैसे होना तो यह चाहिए कि इसका विरोध 2023 में तभी होता, जब सरकार ने ऐसी व्यवस्था की थी जिससे वही व्यक्ति चुनाव आयोग को पहुंचेगा जिसको वह चाहेगी। यहां ध्यान देने वाली बात यह भी है कि सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐसी व्यवस्था का सुझाव दिया था जो मुख्य चुनाव आयुक्त व चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पारदर्शी बनाए। इसके लिए जो समिति बने उसमें सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश भी शामिल हों। इसके उलट सरकार ने 2023 में एक ऐसी समिति बनाई जो अपने ही आप में हास्यास्पद है। तीन सदस्यीय समिति में प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में एक कैबिनेट मंत्री होगा और एक विपक्षी दल का नेता। कोई भी समझ सकता है कि ऐसी स्थिति में 2-1 के अंतर से चुनाव आयोग में उसी की नियुक्ति होगी, जिसको सरकार चाहेगी और उस पर तुर्रा यह कि उसको इतने अधिकार दे दिए, जितने अधिकार प्रधानमंत्री को भी नहीं हैं। चुनाव आयोग की जवाबदेही किसी के भी प्रति नहीं रह गई है। वह देश के कानून से ऊपर हो गया है। उस पर किसी तरह का कोई मुकदमा नहीं चल सकता, भले ही वह कितनी गलतियां करे। जाहिर है, यह किसी भी लोकतंत्र के लिए अच्छी स्थिति नहीं है। लोकतंत्र जनता की इच्छाओं पर चलता है और वहां हर पद जनता के प्रति जवाबदेह होता है। होना भी चाहिए, अगर मनमाने तरीके से किसी को असीमित अधिकार दिए जाएंगे तो उसका ऐसा ही नतीजा देखने में आएगा जैसा आ रहा है। तमाम विपक्षी दल चुनाव आयोग पर सीधे भेदभावपूर्ण रवैये का आरोप लगा रहे हैं, लेकिन चुनाव आयोग किसी की नहीं सुन रहा है और न किसी की चिंता दूर कर रहा है।

## सड़क व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन



सड़क हादसों में होने वाली जानहानि अत्यंत दुखद है और लापरवाही व नियमों की अनदेखी के कारण हर वर्ष हजारों लोग असमय अपनी जान गंवा देते हैं, जिससे अनेक परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट जाता है, 31 जनवरी तक उप्र में सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है, अभियान नागरिकों के सुरक्षित भविष्य और परिवारों की रक्षा के संकल्प के साथ चलाया जा रहा है, इसका मुख्य उद्देश्य वाहन चालकों और पैदल यात्रियों के सड़क व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाना है, ताकि दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों की संख्या को शून्य स्तर तक लाया जा सके, 20 दुर्घटना संवेदनशील जनपदों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है, प्रदेश की सड़कें सभी के लिए सुरक्षित हों, इसके लिए पुलिस नियमों को सख्ती से लागू करेगी, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न केवल स्वयं, बल्कि दूसरों के लिए भी घातक हो सकता है। **योगी आदित्यनाथ, सीएम उप्र**

# रेवड़ी, गुड़ और गीतों के बीच भाईचारे का पर्व है लोहड़ी





**योगेश कुमार गोयल**

**दुल्ला भट्टी अमीरों का धन लूटकर निर्धनों में बांट दिया करता था। कहा जाता है कि गंजीबार क्षेत्र, जो इस समय पाकिस्तान में है, में एक ब्राह्मण रहता था, जिसकी सुन्दरी नामक एक बहुत खूबसूरत बेटी थी, जो इतनी खूबसूरत थी कि उसके सौन्दर्य की चर्चा गली-गली में होने लगी थी। जब उसके बारे में गंजीबार के राजा को पता चला तो उसने ठान लिया कि वह सुन्दरी को अपने हरम की शोभा बनाएगा।**

उत्तर भारत में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाने वाला प्रमुख पर्व है लोहड़ी। यह ऐसा त्यौहार है, जो आधुनिक युग के व्यस्तता भरे माहौल में सुकून भरे कुछ पल लेकर आता है और लोग सारी व्यस्तताएं भूलकर भरपूर जोश और उल्लास के साथ इस पर्व का भरपूर आनंद लेते हैं। पंजाब तथा जम्मू कश्मीर में तो लोहड़ी पर्व मकर संक्रांति के रूप में ही मनाया जाता है। सिंधी समाज में भी मकर संक्रांति से एक दिन पहले लोहड़ी के रूप में 'लाल लाही' नामक पर्व मनाया जाता है। लोहड़ी को लेकर कुछ लोककथाएं भी प्रचलित हैं। मान्यता है कि कंस ने इसी दिन लोहिता नामक एक राक्षसी को कृष्ण का वध करने के लिए भेजा था, जिसे कृष्ण ने खेल-खेल में ही मार डाला था और उसी घटना की स्मृति में यह पर्व मनाया जाने लगा। लोहड़ी पर अग्नि प्रज्जवलित करने के संबंध में एक लोककथा यह भी है कि दक्ष प्रजापति की पुत्री सती के योगाग्नि दहन की स्मृति में ही इस दिन अग्नि प्रज्जवलित की जाती है। लोहड़ी को लेकर सर्वाधिक प्रचलित कथा दुल्ला भट्टी नामक डाकू से संबंधित रही है, जिसे 'पंजाबी रॉबिनहुड' का दर्जा प्राप्त है। जिस प्रकार होली जलाई जाती है, ठीक उसी प्रकार लकडिय्यां एकत्रित कर लोहड़ी के अवसर पर अलाव जलाए जाते हैं और अग्नि का तिलों से पूजन किया जाता है। जिस दिन यह पर्व मनाया जाता है, उस दिन कड़ाके की ठंड होती है और उत्तर भारत में अधिकांश जगहों पर घने कोहरे के बीच तापमान प्राय: शून्य से पांच डिग्री के बीच होता है लेकिन इतनी ठंड के बावजूद इस पर्व के प्रति लोगों का उत्साह देखते बनता है। लोहड़ी के पावन अवसर पर लोग घरों के बाहर अलाव जलाकर यह पर्व धूमधाम से मनाते हैं। इस पर्व का संबंध उस उत्सव से भी माना गया है, जिसमें सर्दी को अलविदा कहते हुए सूर्यदेव का आव्हान करते हुए कहा जाता है कि वह इस माह अपनी किरणों से पृथ्वी को इतना गर्म कर दे कि ठंड से किसी को कोई नुकसान न पहुंचे और लोग आसानी से सर्दी के मौसम का मुकाबला कर सकें। माना जाता है कि इसी दिन से सर्दी कम होने लगती है। लोग अपने घरों के बाहर अलाव जलाकर ठंड से बचाव करने के साथ-साथ अग्नि की पूजा भी करते हैं ताकि उनके घर में अग्निदेव की कृपा से सुख-समृद्धि का साम्राज्य स्थापित हो सके। हरियाणा व पंजाब में जिस घर में नई शादी हुई हो अथवा संतान (लड़के) का जन्म हुआ हो या शादी की पहली वर्षगांठ का मौका हो, ऐसे परिवारों में लोहड़ी का विशेष महत्व होता है। इन परिवारों में लोहड़ी के अवसर पर उत्सव जैसा माहौल होता है। आसपास के लोगों के अलावा रिश्तेदार भी इस उत्सव में सम्मिलित होते हैं। घर में अथवा घर के बाहर खुले स्थान पर अग्नि जलाकर लोग उसके इर्द-गिर्द इकठे होकर आग सेंकते हुए अग्नि में मूंगफली, गुड़, तिल, रेवड़ी, मक्का के भुने हुए दानों इत्यादि की आहूति देते हैं और रातभर भंगड़ा, गिद्धा करते हुए मनोरंजन करते हैं तथा बधाई देते हैं। लोहड़ी का संबंध सुन्दरी नामक एक ब्राह्मण कन्या और दुल्ला भट्टी नामक कुख्यात डाकू से जोड़कर देखा जाता रहा है। दुल्ला भट्टी अमीरों का धन लूटकर निर्धनों में बांट दिया करता था। कहा जाता है कि गंजीबार क्षेत्र, जो इस समय पाकिस्तान में है, में एक ब्राह्मण रहता था, जिसकी सुन्दरी नामक एक बहुत खूबसूरत बेटी थी, जो इतनी खूबसूरत थी कि उसके सौन्दर्य की चर्चा गली-गली में होने लगी थी। जब उसके बारे में गंजीबार के राजा को पता चला तो उसने ठान लिया कि वह सुन्दरी को अपने हरम की शोभा बनाएगा। तब उसने सुन्दरी के पिता को संदेश भेजा कि वह अपनी बेटी को उसके हरम में भेज दे। इसके लिए ब्राह्मण को तरह-तरह के प्रलोभन भी दिए मगर ब्राह्मण अपनी बेटी को राजा की रखैल नहीं बनाना जाता था। उसे समझ नहीं आ रहा था कि वह क्या करे? जब उसे कुछ नहीं सूझा तो उसे जंगल में रहने वाले कुख्यात डाकू दुल्ला भट्टी का ख्याल आया, जो गरीबों व शोषितों की मदद करने के लिए हमेशा तत्पर रहता था। घबराया ब्राह्मण अपनी बेटी सुन्दरी को लेकर उसी रात उसके पास पहुंचा और विस्तार से सारी बात बताई। दुल्ला भट्टी ने ब्राह्मण की व्यथा सुन उसे सांत्वना दी और रात को ही एक योग्य ब्राह्मण लड़के की तलाश कर सुन्दरी को अपनी ही बेटी मानकर उसका कन्यादान अपने हाथों से करते हुए उस युवक के साथ सुन्दरी का विवाह कर दिया। गंजीबार के राजा को इसकी जानकारी मिली तो वह बौखला उठा। उसके आद. ेश पर उसकी सेना ने दुल्ला भट्टी के ठिकाने पर धावा बोल दिया किन्तु दुल्ला भट्टी और उसके साथियों ने राजा को बुरी तरह धूल चटा दी। दुल्ला भट्टी के हाथों गंजीबार के शासक की हार होने की खुशी में गंजीबार में लोगों ने अलाव जलाए और दुल्ला भट्टी की प्रशंसा में गीत गाकर भंगड़ा डाला। कहा जाता है कि तभी से लोहड़ी के अवसर पर गाए जाने वाले गीतों में सुन्दरी व दुल्ला भट्टी को विशेष तौर पर याद किया जाने लगा। लोहड़ी से पहले ही बच्चे इकट्ठे होकर लोहड़ी के गीत गाते हुए घर-घर जाकर लोहड़ी मांगने लगते हैं। इस दिन उत्सव के लिए लकड़ियां व उपले एकत्र करने के लिए भी बच्चे कई दिन पहले ही जुट जाते हैं। वैसे समय बीतने के साथ-साथ अब घर-घर से लकड़ियां मांगकर लाने की परम्परा समाप्त होती जा रही है। बहुत से स्थानों पर लोग अब लकड़ियां व उपले बच्चों के जरिए मांग-मांगकर एकत्र कराने के बजाय खरीदने लगे हैं। लोहड़ी के दिन सुबह से ही रात के उत्सव की तैयारियां आरंभ हो जाती हैं और रात के समय लोग अपने-अपने घरों के बाहर अलाव जलाकर उसकी परिक्रमा करते हुए उसमें तिल, गुड़, रेवड़ी, चिड़वा, पॉपकॉर्न इत्यादि डालते हैं और माथा टेकते हैं। उसके बाद अलाव के चारों ओर बैठकर आग सेंकते हैं। तब शुरू होता है गिद्दा और भंगड़ा का मनोहारी कार्यक्रम, जो रात्रि में देर तक चलता है और कहीं-कहीं तो पूरी-पूरी रात भी चलता है। अगले दिन प्रात: अलाव ठंडा होने पर मौहल्ले के सभी लोग इसकी राख को 'ईश्वर का उपहार' मानते हुए अपने-अपने घर ले जाते हैं। यह पर्व सही मायने में समाज में प्रेम व भाईचारे की अनूठी मिसाल कायम करता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अपने साइज से दोगुना हो सकती है व्हेल

**वैज्ञानिक भी इन मुश्किलों के सामने हाथ-पर-हाथ धरे बैठे नहीं रहते, वे हल खोजते रहते हैं। अब, उन्होंने व्हेल की उम्र की गणना का एक बेहतर तरीका खोजा है जो साइंस एडवांसेस पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। यूनिवर्सिटी ऑफ अलास्का फेयरबैंक के इकॉलॉजिस्ट ग्रेग ब्रीड और उनके साथियों ने मृत व्हेल के नमूनों की बजाय राइट व्हेल की दो प्रजातियों-उत्तरी अटलांटिक राइट व्हेल Eubalaena glacialis और दक्षिणी राइट व्हेल Eubalaena australis पर अध्ययन किया, जिनका अंधाधुंध शिकार किया गया है। उन्होंने इन दो व्हेल प्रजातियों की 1970 से अब तक की तस्वीरों को खंगाला और उनका बारीकी से अवलोकन किया।**

यह तो जानी-मानी बात है कि व्हेल दीर्घायु स्तनधारी हैं। कई प्रजातियां तो 100 वर्ष से अधिक भी जी सकती हैं। व्हेल की उम्र का अंदाजा लगाने के लिए वैज्ञानिक कई तरीके अपनाते हैंय जैसे उनके कान के मैल की परतें गिनना जो पेड़ के छल्लों की तरह साल दर साल जमा होती हैं, या आंखों के प्रोटीन में एक निश्चित दर से होने वाले रासायनिक परिवर्तन को नापना, या उनके त्वचा के नीचे की वसा में शिकारी भालों के निशान गिनकर। इन तकनीकों से विश्लेषण के लिए अक्सर तुरंत मृत व्हेलों के नमूने चाहिए होते हैं, जो मिलना मुश्किल है। फिर, शिकारी गतिविधियों के चलते वृद्ध व्हेल भी मिलना मुश्किल है क्योंकि अब अधिकांश युवा व्हेल ही जीवित बची हैं। इसी कारण व्हेल की सटीक आयु बता पाना मुश्किल हो जाता है। लेकिन वैज्ञानिक भी इन मुश्किलों के सामने हाथ-पर-हाथ धरे बैठे नहीं रहते, वे हल खोजते रहते हैं। अब, उन्होंने व्हेल की उम्र की गणना का एक बेहतर तरीका खोजा है जो साइंस एडवांसेस पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। यूनिवर्सिटी ऑफ अलास्का फेयरबैंक के इकॉलॉजिस्ट ग्रेग ब्रीड और उनके साथियों ने मृत व्हेल के नमूनों की बजाय राइट व्हेल की दो प्रजातियों-उत्तरी अटलांटिक राइट व्हेल Eubalaena glacialis और दक्षिणी राइट व्हेल Eubalaena australis पर अध्ययन किया, जिनका अंधाधुंध शिकार किया गया है। उन्होंने इन दो व्हेल प्रजातियों की 1970 से अब तक की तस्वीरों को खंगाला और उनका बारीकी से अवलोकन किया। इसकी मदद से शोधकर्ता प्रत्येक व्हेल को पहचान सकते थे और यह बता सकते थे कि कौन सी व्हेल कब संभवत: मृत्यु के कारण आबादी से गायब हो गई। व्हेल के गायब होने के समय के आंकड़ों को उन्होंने विभिन्न सांख्यिकीय मॉडल्स में डाला जो यह बता सकते थे कि कितने प्रतिशत आबादी किस-किस उम्र तक जीवित रहेगी। सबसे उपयुक्त परिणाम उस मॉडल से मिले जो बीमा कंपनियां मनुष्यों की मृत्यु दर का पूर्वानुमान लगाने और उसके अनुसार प्रीमियम दरें तय करने के लिए करती हैं। परिणाम के अनुसार दक्षिणी राइट व्हेल का औसत जीवनकाल लगभग 73 साल है, लेकिन 10 प्रतिशत 132 साल से भी अधिक आयु तक जीवित रह सकती हैं। जबकि, पूर्व अध्ययनों का कहना था कि इस व्हेल का जीवनकाल अधि. कतम 70 से 80 साल है। उत्तरी अटलांटिक राइट व्हेल के बारे में मॉडल का विश्लेषण है कि इनका औसत जीवनकाल करीब 22 वर्ष है लेकिन 10 प्रतिशत 47 वर्ष से अधिक आयु तक जी सकती हैं। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि काफी सारी व्हेल कुदरती रूप से नहीं बल्कि जहाजों से टकराकर और मत्स्याखेट उपकरणों में उलझकर मरती हैं। साथ ही, पूर्व में हुए अंधाधुंध शिकार से यह उबर नहीं पाई हैं और विलुप्ति की कगार पर हैं। इनके अधिक असुरक्षित होने का एक कारण यह भी है कि वे मानव आबादी वाले तटीय क्षेत्रों में रहती हैं। हालांकि दीर्घायु के मामले में बोहेड व्हेल (Balaena mysticetus) अब भी आगे हैं, वे 200 साल से अधिक जीवित रहती हैं। वैज्ञानिकों का मानना था कि बोहेड व्हेल इतने लंबे समय तक इसलिए जीवित रहती हैं क्योंकि वे सुस्त होती हैं-वे धीरे-धीरे तैरती हैं, धीरे-धीरे परिपक्व होती हैं और उनका चयापचय धीमा होता है, लेकिन राइट व्हेल तुलनात्मक रूप से फुर्तीली होती हैं, इनकी चयापचय गति अन्य स्तनधारियों की तरह ही होती है, इसलिए यहां एक सवाल उभरता है कि वे इतना लंबा कैसे जीवित रहती हैं? बहरहाल, व्हेल की नैसर्गिक उम्र चाहे जितनी लंबी रहे लेकिन जब तक उन पर शिकार और मानव गतिविधियों का खतरा मंडराता रहेगा उनका चिरंजीवी होना मुश्किल है।



**-स्रोत फीचर्स**

# कंट्रोल से बाहर हो रही भारत में महंगाई



भारत में महंगाई एक जटिल और बहुआयामी मुद्दा है, जो समय-समय पर देश की आर्थिक स्थिति, सरकारी नीतियों, वैश्विक बाजार की परिस्थितियों और अन्य कई कारकों से प्रभावित होता है। महंगाई का सीधा प्रभाव आम जनता के जीवन स्तर पर पड़ता है, क्योंकि यह उनकी क्रय शक्ति को प्रभावित करती है। इस लेख में, हम महंगाई के विभिन्न पहलुओं, उसके कारणों, प्रभावों और संभावित समाधानों पर विस्तृत चर्चा करेंगे। महंगाई को सामान्यत: वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में निरंतर वृद्धि के रूप में परिभाषित किया जाता है, जिससे मुद्रा की क्रय शक्ति में कमी आती है। भारत में महंगाई को मापने के लिए मुख्यत: दो सूचकांकों का उपयोग किया जाता है- उपभोक्ता मूल्य सूचकांक CPI और थोक मूल्य सूचकांक WPI, CPI उपभोक्ताओं द्वारा खरीदी जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में परिवर्तन को मापता है, जबकि ॅच्प् थोक स्तर पर वस्तुओं की कीमतों में परिवर्तन को दर्शाता है। महंगाई के कई प्रमुख कारण हैं। पहला, मांग और आपूर्ति में असंतुलन। जब किसी वस्तु या सेवा की मांग उसकी आपूर्ति से अधिक हो जाती है, तो उसकी कीमत बढ़ जाती है। दूसरा, उत्पादन लागत में वृद्धि, जैसे कच्चे माल, श्रम या ऊर्जा की कीमतों में वृद्धि, जो अंतिम उत्पाद की कीमत को बढ़ाती है। तीसरा, मुद्रा स्फीति, जब बाजार में मुद्रा की आपूर्ति बढ़ जाती है, तो वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें बढ़ सकती हैं। चौथा, वैश्विक कारक, जैसे अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में वृद्धि, जो आयातित वस्तुओं की कीमतों को प्रभावित करती है। महंगाई का समाज पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। सबसे पहले, यह गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों की जीवन गुणवत्ता को प्रभावित करती है, क्योंकि उनकी आय का बड़ा हिस्सा आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं पर खर्च होता है। महंगाई के कारण उनकी बचत कम हो जाती है और जीवन स्तर में गिरावट आती है। दूसरा, महंगाई से आर्थिक अस्थिरता बढ़ती है, जिससे निवेश और विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। तीसरा, उच्च महंगाई दर से ब्याज दरों में वृद्धि हो सकती है, जिससे ऋण लेना महंगा हो जाता है और व्यवसायों की विस्तार योजनाएं प्रभावित होती हैं।

महंगाई को नियंत्रित करने के लिए सरकार और केंद्रीय बैंक विभिन्न नीतियों का सहारा लेते हैं। मौद्रिक नीति के तहत, केंद्रीय बैंक ब्याज दरों को समायोजित करके मुद्रा की आपूर्ति को नियंत्रित करता है। उच्च ब्याज दरें उधारी को महंगा बनाती हैं, जिससे खर्च में कमी आती है और महंगाई पर नियंत्रण पाया जा सकता है। वित्तीय नीति के माध्यम से, सरकार अपने खर्च और कर नीतियों को समायोजित करके मांग को नियंत्रित करती है। इसके अलावा, आपूर्ति श्रृंखला में सुधार, उत्पादन लागत में कमी, और आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करके भी महंगाई को नियंत्रित किया जा सकता है। हालांकि, महंगाई को पूरी तरह से समाप्त करना संभव नहीं है, लेकिन इसे एक नियंत्रित स्तर पर रखना आवश्यक है ताकि आर्थिक विकास और स्थिरता बनी रहे। इसके लिए सरकार, केंद्रीय बैंक, उद्योग और आम जनता के बीच समन्वय और सहयोग आवश्यक है। महंगाई के प्रति जागरूकता और समझ बढ़ाकर, हम इसके प्रभावों को कम कर सकते हैं और एक स्थिर और समृद्ध समाज की दिशा में अग्रसर हो सकते हैं। वर्ष 2025 में भारतीय सरकार ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए, जिनका उद्देश्य आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करना और आम जनता को महंगाई के प्रभाव से बचाना था। इन उपायों में मौद्रिक नीति समायोजन, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, और वित्तीय सुधार शामिल हैं।

**मौद्रिक नीति समायोजन**

दिसंबर 2024 में, भारतीय रिजर्व बैंक RBI ने प्रमुख नीतिगत दर, रेपो दर, को 6.50% पर स्थिर रखा। इसके साथ ही, RBI ने नकद आरक्षित अनुपात CRR में 50 आधार अंकों की कटौती करते हुए इसे 4 प्रतिशत किया, जिससे बैंकिंग प्रणाली में 1.16 लाख करोड़ रुपए की तरलता प्रवाहित हुई। इस कदम का उद्देश्य आर्थिक विकास को समर्थन देना था, क्योंकि वित्त वर्ष 2025 के लिए विकास दर के पूर्वानुमान कमजोर हो रहे थे। नवंबर 2024 में खुदरा मुद्रास्फीति 5.48 प्रतिशत तक कम हो गई, जो मुख्यत: सब्जियों की कीमतों में आपूर्ति सुधार के कारण था। आर्थिक विशेषज्ञों ने अनुमान लगाया कि यदि खाद्य कीमतों में यह गिरावट जारी रही, तो दिसंबर में मुद्रास्फीति 5 प्रतिशत से नीचे आ सकती है, जिससे RBI फरवरी 2025 में नीतिगत दरों में कटौती पर विचार कर सकता है।

**आपूर्ति श्रंखला प्रबंधन**

सरकार ने कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने और आपूर्ति श्रृंखला में सुधार के लिए कई कदम उठाए। सामान्य से अधिक वर्षा और जलाशयों के उच्च स्तर ने कृषि क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन में योगदान दिया। खरीफ फसलों की अच्छी बुआई और त्योहारी सीजन में उपभोक्ता खर्च में वृद्धि ने निजी खपत को प्रोत्साहित किया। इसके अलावा, खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अनाज के पर्याप्त बफर स्टॉक उपलब्ध कराए गए।

**वित्तीय सुधार और निवेश प्रोत्साहन**

सरकार ने बुनियादी ढांचे पर खर्च बढ़ाने, बैंकिंग प्रणाली में सुधार, और निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए नीतिगत उपाय किए। बैंकों और कॉरपोरेट्स के मजबूत बैलेंस शीट, उच्च क्षमता उपयोग, और गैर-खाद्य बैंक ऋण में वृद्धि ने निवेश संभावनाओं को मजबूत किया। इसके परिणामस्वरूप, वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में वास्तविक GDP वृद्धि 6.7 प्रतिशत दर्ज की गई।

**भविष्य की चुनौतियां और रणनीतियां**

हालांकि मुद्रास्फीति में कमी आई है, लेकिन वैश्विक भू-राजनीतिक जोखिम, वित्तीय बाजार में अस्थिरता, प्रतिकूल मौसम की घटनाएं, और वैश्विक खाद्य एवं धातु की कीमतों में वृद्धि जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। इन जोखिमों को ध्यान में रखते हुए, RBI और सरकार ने मुद्रास्फीति को लक्ष्य के अनुरूप बनाए रखने और आर्थिक विकास को समर्थन देने के लिए सतर्क रुख अपनाया है। सारांशत:, वर्ष 2025 में भारतीय सरकार और त्ठप् ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए समन्वित प्रयास किए, जिनमें मौद्रिक नीति समायोजन, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, और वित्तीय सुधार शामिल थे। इन उपायों ने आर्थिक स्थिरता को बनाए रखने और आम जनता को महंगाई के दुष्प्रभावों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**...साभार प्रभ**

# बागपत के अधिवक्ताओं ने शाहनवाज़ राना को दिया जीत का भरोसा

## यूपी बार काउंसिल सदस्य पद के प्रत्याशी शाहनवाज़ पहुंचे बागपत कलक्ट्रेट, हिना गार्डन में आयोजित हुई अधिवक्ताओं संग मीटिंग





■ यूपी बार काउंसिल के पूर्व उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक शाहनवाज़ राना उ.प्र. बार काउंसिल चुनाव में दूसरी बार चुनावी मैदान में है जिनका क्रमांक संख्या 266 है इससे पहले भी श्री राना 7 मई 2006 में अपने पहले चुनाव में सदस्य पद का चुनाव जीतकर सबसे कम आयु में उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए थे, जो अपने आप में अभी तक उ.प्र. बार काउंसिल में इतिहास है









## अधिवक्ताओं ने दिल खोलकर किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बागपत।** यूपी बार काउंसिल चुनाव की सरगर्मिया अब तेज हो चली है चुनाव का प्रथम चरण 16-17 जनवरी से शुरू हो रहा है। इसी क्रम में सोमवार को यूपी बार काउंसिल सदस्य पद के प्रत्याशी शाहनवाज़ राना बागपत पहुंचे जहां सबसे पहले वे कलक्ट्रेट अधिवक्ताओं से मिले और अपने लिए प्रथम वरयीता का मत एवं समर्थन मांगा उसके बाद मेरठ रोड स्थित हिना गार्डन में अधिवक्ताओं के संग एक महत्वपूर्ण मीटिंग की जिसमें सभी अधिवक्ताओं ने श्री राना को प्रथम वरयीता का मत देने का आश्वासन दिया। मीटिंग में सैकड़ो अधिवक्तओं ने उपस्थित होकर उनका तहे दिल से स्वागत किया।

मुख्य रूप से सुभाष तोमर एडवोकेट जिला बार अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष रामकुमार तोमर, महामंत्री अजीत सिंह, पूर्व महामंत्री कपिल कुमार डेड़ा, एडवोकेट आरिफ बेग, एडवोकेट सलीम मलिक, एडवोकेट शौकीन मलिक, एडवोकेट मुन्ना खान, एडवोकेट सरफ़राज़ अहमद, एडवोकेट कल्याण सिंह, एडवोकेट कमल, एडवोकेट आज़ाद राजपूत, एडवोकेट साजिद राजपूत, एडवोकेट मोहसीन खान, एडवोकेट मुजम्मिल, एडवोकेट नरगिस सिद्दीकी, एडवोकेट राशिद, एडवोकेट तस्लीम, एडवोकेट इंतज़ार, एडवोकेट अशरफ, एडवोकेट जेनुलआबेदिन, एडवोकेट रामकुमार राठी, एडवोकेट सोदांत राठी, एडवोकेट मेहकार भाटी, एडवोकेट सारिक राणा, एडवोकेट सुमोद पवार, एडवोकेट विक्की शर्मा, एडवोकेट विक्रांत, एडवोकेट नफीस, एडवोकेट सेहनाज, एडवोकेट यासीन, एडवोकेट आसिफ अली, एडवोकेट अफरोज त्यागी, एडवोकेट नाजिम मलिक, एडवोकेट रविक. ांत भारद्वाज, एडवोकेट कपिल केडवा, एडवोकेट शरीफ, एडवोकेट इमरान अली, एडवोकेट मुबीन, एडवोकेट नईम अहमद, एडवोकेट मोहम्मद इसरार, एडवोकेट नईम राजपूत, एडवोकेट बाबर खान, एडवोकेट धर्मेंद्र काठा, एडवोकेट जयवीर तोमर पूर्व बार अध्यक्ष, एडवोकेट राशिद तस्लीम, एडवोकेट पवन, एडवोकेट उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मेंद्र काठा ने किया।

## जैश के पास हजारों फिदायीन

■ मसूद अजहर का दावा: जैश सरगना वायरल आडियो क्लिप में बोला: जैश की ताकत सामने आई, तो शोर मच जाएगा, संसद हमले का मास्टरमाइंड है आतंकी अजहर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में मौजूद आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मौलाना मसूद अजहर के नाम से एक आडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस आडियो में मसूद अजहर कथित तौर पर दावा करता है कि जैश के पास हमले करने के लिए हजारों आत्मघाती हमलावर तैयार हैं। हालांकि, इस आडियो की तारीख और इसकी सच्चाई की पुष्टि नहीं हो पाई है।

आडियो में मसूद अजहर यह कहते हुए सुनाई देता है कि उसके संगठन में सिर्फ एक-दो, सौ या हजार लोग नहीं हैं। वो दावा करता है कि अगर असली संख्या बता दी गई, तो शोर मच जाएगा। वो यह भी कहता है कि उसके लड़ाके किसी पैसे, वीजा या निजी फायदे के लिए नहीं लड़ते, बल्कि सिर्फ शहादत चाहते हैं। पाकिस्तानी आतंकी मसूद अजहर 2001 में भारत की संसद पर हुए हमले का मास्टरमाइंड है। इसके अलावा भी उसने भारत में कई आतंकी हमलों को अंजाम दिया है। मसूद 2016 में हुए पठानकोट हमले का भी मास्टरमाइंड है। इस मामले में दिल्ली पुलिस की चार्जशीट के मुताबिक, मसूद ने भारत पर हमलों के लिए जैश-ए-मोहम्मद के कैडर का इस्तेमाल किया था। उसने 2005 में अयोध्या में राम जन्मभूमि और 2019 में पुलवामा में सीआरपीएफ के जवानों पर भी हमला करवाया था।

## ट्रम्प ने खुद को वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति बताया

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया ट्रुथ पर पोस्ट किया, जनवरी 2026 से पद संभालने का किया जिक्र



■ फिर दावा ग्रीनलैंड को किसी भी तरह हासिल करेंगे, ईरान मामले में 'कई बेहद कड़े विकल्पों' पर विचार जारी

**वॉशिंगटन/काराकस।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर एक तस्वीर साझा की है जिसमें उन्होंने खुद को वेनेजुएला का 'कार्यवाहक राष्ट्रपति' भी बताया है।

साझा की गई तस्वीर एक विकिपीडिया पेज का डिजिटल रूप से संपादित स्क्रीनशॉट है। इसमें ट्रम्प को जनवरी 2026 से पदस्थ लिखा गया है। इसके अलावा इस तस्वीर में उन्हें अमे. रिका के 45वें और 47वें राष्ट्रपति के रूप में भी दर्शाया गया है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अमेरिकी सेनाओं के अगवा किए जाने के बाद ट्रम्प ने कहा था कि अमेरिका फिलहाल वेनेजुएला का 'संचालन' तब तक करेगा, जब तक कि एक 'सुरक्षित, उचित और विवेकपूर्ण सत्ता समाधान' सुनिश्चित नहीं हो जाता। ट्रम्प ने जोर देकर कहा कि अमेरिका देश का नियंत्रण ऐसे किसी भी व्यक्ति के हाथ में जाने का जोखिम नहीं उठा सकता, जिसके मन में वेनेजुएला के लोगों के प्रति नेक इरादे न हों। अमेरिकी फौजें श्री मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस को हिरासत में लेने के बाद विमान से न्यूयॉर्क लाई थीं। उन पर 'नार्को-टेररिज्म' (नशीले पदार्थों से जुड़े आतंकवाद) और इसकी साजिश रचने के औपचारिक आरोप लगाए गए हैं। इस चौंकाने वाले घटनाक्रम के बाद वेनेजुएला की उपराष्ट्रपति और तेल मंत्री डेल्सी रोड्रिग्ज ने पिछले सप्ताह देश की अंतरिम राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। ट्रम्प यह भी कह चुके हैं कि वेनेजुएला के अंतरिम अधिकारी अमेरिका को तीन से पांच करोड़ बैरल 'उच्च गुणवत्ता वाला तेल' सौंपेंगे। उन्होंने बताया कि इस तेल को बाजार मूल्य पर बेचा जाएगा। ट्रम्प का मानना है कि यह कदम वेनेजुएला के संसाधनों के प्रबंधन में पारदर्शिता और स्थिरता सुनिश्चित करेगा। ट्रम्प ने एक बार फिर दावा किया कि अमेरिका डेनमार्क के अधीन ग्रीनलैंड को 'किसी न किसी तरीके से' हासिल करके ही रहेगा। ट्रम्प ने अपने आधिकारिक विमान एयर फोर्स वन में पत्रकारों से कहा कि ग्रीनलैंड के संबंध में वह लीज या अल्पकालिक व्यवस्था पर विचार नहीं कर रहे हैं, बल्कि इस क्षेत्र को 'अधिग्रहित' करने की बात कर रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि हम लीज या किसी अल्पकालिक व्यवस्था के बजाय अधिग्रहण की बात कर रहे हैं। हम इसे हासिल करने की बात कर रहे हैं।

## सेना पर प्लानिंग के साथ हमले हो रहे: ईरान

■ यह प्रदर्शन नहीं देश के खिलाफ आतंकी जंग, हिंसा में अब तक 544 की मौत

**तेहरान।** ईरान में जारी हिंसक विरोध प्रदर्शन के बीच विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने मौजूदा हालात को आतंकी युद्ध बताया है। उन्होंने सोमवार को कहा कि ईरान में इस समय जो कुछ हो रहा है, वो एक आतंकी युद्ध है। अब्बास अराघची के मुताबिक, इस हिंसा में शामिल आतंकी तत्वों ने सरकारी इमारतों, पुलिस थानों और कारोबार से जुड़ी जगहों पर हमले किए हैं। ये घटनाएं प्लानिंग के साथ की गई हैं।

उन्होंने यह भी दावा किया कि ईरानी अधिकारियों के पास ऐसे आडियो रिकार्ड मौजूद हैं, जिनमें आतंकियों को आम नागरिकों और सुरक्षा बलों पर गोली चलाने के आदेश दिए गए हैं। इससे पहले अराघची ने प्रदर्शनकारियों पर पुलिसवालों को मारने और जिंदा जलाने का आरोप लगाया था। उन्होंने इसे इजराइली की खुफिया एजेंसी मोसाद की साजिश बताते हुए हमले का वीडियो भी शेयर किया था। ईरान की ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट न्यूज एजेंसी (एचआरएनए) के मुताबिक, हिंसा में अब तक 544 लोगों की मौत हो चुकी है। इसमें 8 बच्चे भी शामिल हैं। वहीं, 10681 लोगों को हिरासत में लिया गया है। अमेरिका में ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन के दौरान एक ट्रक रैली में घुस गया। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इसके बाद गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने ट्रक ड्राइवर पर हमला करने की कोशिश की।

## ट्रम्प के 'डोनेरो सिद्धांत' से बन रही है बहुध्रुवीय दुनिया



■ विचारक जार्ज यिओ ने कहा: बदलती व्यवस्था में भारत और चीन अपने संबंधों को स्थिर करने की दिशा में काम करेंगे

**नई दिल्ली।** सिंगापुर के पूर्व विदेश मंत्री और प्रमुख रणनीतिक विचारक जॉर्ज योंग-बून यिओ का मानना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नई 'डोनरो डॉक्ट्रिन' वैश्विक व्यवस्था को बहु-धु. वीय दुनिया की ओर तेजी से ले जा रही है। यिओ ने एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि इस बदलती व्यवस्था में भारत और चीन अपने संबंधों को स्थिर करने की दिशा में काम करेंगे।

यिओ के अनुसार, अमेरिका अब जिम्मेदारियों को संभालने में पीछे हट रहा है। इसका परिणाम यह होगा कि भारत, चीन और रूस, संतुलित ताकतों के रूप में उभरेंगे और अब यूरोप को अपनी देखभाल खुद करनी होगी। भारत और आसियान के बीच करीबी रिश्तों का हमेशा से समर्थन करने वाले यिओ ने कहा कि भारत के लिए खुद की रक्षा करना और आर्थिक विकास पर ध्यान देना सबसे अच्छा होगा। आखिर में, आर्थिक ताकत, सैन्य ताकत से ज्यादा बड़ी होती है। एओ, इंडिया इंटरनेशनल सेंटर के हर साल आयोजित होने वाले सीडी देशमुख मेमोरियल लेक्चर देने के लिए यहां आए हुए हैं। उन्होंने कहा कि ट्रम्प (ग्लोबल ऑर्डर) के भविष्य को तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं-बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर और इसके परिणामस्वरूप भारत और चीन, जो एक-दूसरे का सम्मान करते हैं, शायद 'अपने रिश्तों को स्थिर कर लें।' यिओ ने संकेत दिया कि एक समय भारत के नेतृत्व को लगा था कि चीन के खिलाफ अमेरिका उसका प्रमुख सहयोगी होगा। हालांकि, अप्रैल 2025 में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद अमेरिका ने भारत का समर्थन करने के बजाय पाकिस्तान के सैन्य नेतृत्व को व्हाइट हाउस में आमंत्रित किया। अमेरिका के इस कदम से भारत को काफी निराशा हुई थी। उनके अनुसार, ट्रम्प भविष्य की बहु-ध्रुवीय व्यवस्था को तेजी से आगे बघ रहे हैं और इसी कारण भारत और चीन अपने रिश्तों को स्थिर कर सकते हैं। पद्म भूषण से सम्मानित श्री यिओ ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोचा था कि वह आयात शुल्क के मुद्दे पर भारत को दबा सकते हैं, लेकिन भारत ने इसे स्वीकार नहीं किया। इसी तरह, चीन के मामले में भी आयात शुल्क की धमकी काम नहीं आई क्योंकि चीन ने 'रेयर अर्थ तत्वों के कार्ड का इस्तेमाल किया, जिससे अमेरिका को पीछे हटना पड़ा।

## चीन ने जम्मू-कश्मीर के शक्सगाम धाटी को अपना बताया

**बीजिंग।** चीन ने जम्मू-कश्मीर की शक्सगाम घाटी इलाके को अपना बताया है। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के जरिए पाकिस्तान तक सड़क बना रहा है, जो इस इलाके से गुजर रही है।







